भोपाल
गुरुवार, 14 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -12
वर्ष : 13, अंक : 42
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 43
न्यून. 30

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सीएम ने फैसला किया कि जब वे यात्रा करेंगे तब भी कोई वाहन रैली नहीं की जाएगी



मुख्यमंत्री डॉ. यादव का काफिला वीआईपी रोड से गुजरता हुआ

भाजपा शासित राज्यों के सीएम ने भी अपने काफिले में कटौती का ऐलान किया


वैश्विक संकट के बीच ईंधन बचाने की मुहिम, ज्यादातर नेता कर रहे अपने काफिले में कटौती

# पीएम मोदी ने खुद भी पहल की, उनके काफिले में अब सिर्फ 2 कारें, शाह के साथ चार गाड़ियां

- सुरक्षा के लिहाज से पीएम के एसपीजी प्रोटोकॉल में किसी प्रकार का बदलाव नहीं
- पीएम ने यह भी सुझाव दिया काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाया जाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनियाभर में बढ़ते ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की कमी किए बिना प्रधानमंत्री के काफिले में शामिल वाहनों की संख्या घटा दी गई है। एक वीडियो में पीएम मोदी के काफिले में सिर्फ 2 गाड़ियां दिखी। सरकार के इस कदम को ईंधन बचत और खर्च नियंत्रण की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है। शुरू में पीएम के काफिले में ▸▸ शेष पेज 6 पर



प्रधानमंत्री का 2 गाड़ियों का काफिला



अमित शाह का काफिला

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी कम की काफिले की गाड़ियां

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया है कि जहां संभव हो, काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाया जाए। हालांकि, इसके लिए नए वाहन खरीदने के बजाए मौजूदा संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया गया है। सरकार के इस कदम को पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है। भाजपा शासित ▸▸ शेष पेज 6 पर

रात के फैसले का सुबह ही दिख गया असर

# सीएम डॉ. यादव के काफिले में 13 से घटकर अब 7 ही गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पीएम मोदी की पेट्रोल-डीजल की बचत को लेकर की गई अपील के बाद जब मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री और विधायकों के काफिले में दर्जनों गाड़ियों के काफिले के वीडियो सामने आ रहे थे, तब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार रात में अपने काफिले में गाड़ियां हटाने का फैसला ▸▸ शेष पेज 6 पर

## डिप्टी सीएम शुक्ल ने लौटाया पायलट और फॉलो वाहन

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने सुरक्षा को कम करने का बड़ा फैसला किया है। शुक्ल ने अपना फॉलो और पायलट वाहन स्टाफ सहित पुलिस को वापस कर दिया है। उन्होंने मप्र पुलिस ▸▸ शेष पेज 6 पर

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खोजड़ की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
संपर्क-9755600569
8200502943, 7748022609

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पीबीकेएस एमआई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप


### सीएम विजय ने ज्योतिषी को ओएसडी पद से हटाया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने ज्योतिषी रिकी रादन पंडित वेट्रिवेल को ओएसडी पद से हटा दिया है। विजय ने यह फैसला बुधवार को तमिलनाडु विधानसभा में फ्लोर टेस्ट पास करने के तुरंत बाद लिया। रादन पंडित को सीएम विजय का ओएसडी नियुक्त करने के बाद से तमिलनाडु के विपक्षी दल पर उनपर निशाना साध रहे थे।



### अमूल ने दूध की कीमत 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ाई

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख डेयरी को-ऑपरेटिव अमूल ने अपनी दूध की कीमतों में इजाफा करने का फैसला किया है, जिसका सीधा असर आम आदमी के मासिक बजट पर पड़ेगा। अमूल द्वारा पूरे भारत में दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की मूल्य वृद्धि है, जो देश के सभी बाजारों में समान रूप से लागू की जा रही है।



## सीएम ने नरसिंहपुर से 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में ट्रांसफर किए 1835 करोड़ रु.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंगल क्लिक से राशि अंतरित करते हुए

# खुशियों की 36वीं किस्त

कहा- महिलाओं को उद्योग लगाने प्रोत्साहित कर रही हमारी सरकार

सीएम ने कहा कि महिलाओं को राजनीति, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार अवसर दे रही है। वे एआई, कंप्यूटर और तकनीकी क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रही हैं

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नरसिंहपुर से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में खुशियों की 36 वीं किस्त डाल दी। लाड़ली बहना योजना के तहत उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 महिलाओं के बैंक खातों में 1835 करोड़ 67 लाख रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की सौगात देने के साथ ईंधन बचाने और संयमित उपयोग करने की अपील भी जनता से की। डॉ. यादव ने कहा कि भगवान नरसिंह के नाम पर बसा नरसिंहपुर जिला अद्भुत है। यहां के विकास कार्यों को देखकर लगता है कि 'कहीं नरसिंहपुर को किसी की नजर न लग जाए।' मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं को राजनीति, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार अवसर दे रही है। प्रदेश में लाखों महिलाओं को स्वरोजगार, कृषि और पशुपालन से जोड़ा गया है। सरकार महिलाओं को उद्योग लगाने और रोजगार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने ▸▸ शेष पेज 6 पर

कहा- भगवान नरसिंह की नगरी को न लगे किसी की नजर



बहनों ने पुष्पमाला पहनाकर सीएम का स्वागत किया

- 296 करोड़ के 40 विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन
- सीएम ने ईंधन बचाने व उसके संयमित उपयोग की अपील भी की
- प्रदेश सरकार किसानों का 'दाना-दाना' खरीदेगी और उड़द पर 600 रुपए बोनस भी देगी

### यह भी घोषणाएं

- नरसिंहपुर के मुंगवानी में महाविद्यालय खोला जाएगा
- शेर नदी पर 24 करोड़ की लागत से 250 मीटर लंबा पुल बनेगा
- नरसिंहपुर के स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रो टर्फ बिछाई जाएगी
- सिंचाई सुविधा बढ़ाने के लिए बुडेना बांध के लिए परीक्षण कराया जाएगा

### नर्मदा सहित 7 नदियों पर बनेंगे नए पुल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 296 करोड़ 40 लाख की लागत के 40 विकास कार्यों की सौगात नरसिंहपुर को मिली है। जिसमें 215.65 करोड़ लागत के 17 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 80.68 करोड़ की लागत से 23 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। क्षेत्र को 7 नए पुलों के भूमि-पूजन की सौगात भी मिली है। नर्मदा नदी पर एक नए पुल का निर्माण किया जाएगा। नल से जल योजना के अंतर्गत भी लाभ मिल रहा है। एनटीपीसी के पास आरओबी और ▸▸ शेष पेज 6 पर

### मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और प्रशस्ति पत्र बांटे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्पवर्षा की, गो-पूजन किया और विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने लाठी कला दिखा रहे एक बच्चे को गोद में लेकर दुलार किया और स्वयं भी लाठी घुमाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने नरसिंहपुर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित कैलेंडर का विमोचन किया तथा मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

पीएम की अपील के बाद केंद्र का फैसला

# गोल्ड की इंपोर्ट ड्यूटी 15% तक बढ़ाई, कीमत में 11,000 रुपए का उछाल

*आरबीआई गवर्नर ने चेताया- वैश्विक संकट लंबा खिंचा तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ना तय*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनता से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील के बाद केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। सरकार ने रातों रात सोना-चांदी की इंपोर्ट ड्यूटी में 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी ▸▸ शेष पेज 6 पर



संजय मल्होत्रा

## एयर इंडिया घटाएगी इंटरनेशनल फ्लाइट्स

महंगे जेट ईंधन और कई देशों के हवाई क्षेत्र में लगी पाबंदियों का असर अब एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर भी दिखने लगा है। एयरलाइन ने जून से अगस्त के बीच कुछ चुनिंदा इंटरनेशनल रूट्स पर उड़ानों में कटौती करने का फैसला लिया है। एयरलाइन ने कहा कि वह हर महीने 1,200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय ▸▸ शेष पेज 6 पर

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई का बड़ा एक्शन

# 5 आरोपी गिरफ्तार, कई राज्यों में ताबड़तोड़ 'छापेमारी' जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सीबीआई ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने देशभर में कई स्थानों पर छापेमारी भी की है और मामले से जुड़े कई

मामले से जुड़े कई अहम इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद



अहम इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद किए हैं। सीबीआई ने यह मामला 12 मई को ▸▸ शेष पेज 6 पर

मौत पर पुलिस के कई तरह के सवाल

## रस्सी से छत पर लटका मिला रिटायर्ड जज की बहू का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित लहारपुर में मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में रिटायर्ड जज की बहू की मौत हो गई। प्लास्टिक की रस्सी के सहारे छत पर लगे पाइप पर लटके मिलने से पति उसे एम्स लेकर पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, ▸▸ शेष पेज 6 पर

पन्ना में सिरफिरे युवक की करतूत

## युवती को मारी गोली फिर चाकू से किए वार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पन्ना



आरोपी और पिता को ग्रामीणों ने पीटा

जिले के लक्ष्मीपुर गांव में बुधवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गांव की रहने वाली 25 वर्षीय आरती यादव जब घर के बाहर थी, तभी पड़ोस में रहने वाले सिरफिरे युवक विनोद यादव ने उस पर कट्टे से फायरिंग कर दी। गोली मारने के बाद भी आरोपी का मन नहीं भरा और उसने ▸▸ शेष पेज 6 पर

10 जिलों में आज लू का अलर्ट

## पांच जिलों में पारा 45 डिग्री दो दर्जन जिलों में आंधी-बौछारें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



तीन जिलों में लू के साथ गर्म रात का अलर्ट

राजधानी सहित कई जिलों में बुधवार को पारा और बढ़ गया। पांच जिलों में अधिकतम पारा 45 डिग्री तक रहा। इनमें धार, गुना, रतलाम, उज्जैन और खजुराहो जिले शामिल हैं। धार और रतलाम में लू का प्रकोप रहा। जबकि, भोपाल में आधा डिग्री बढ़कर 43.2 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 2.4 डिग्री अधिक है। इस बीच सुबह से ▸▸ शेष पेज 6 पर

पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव के बेटे का निधन

# दोस्त का दावाः चोट के निशान, बॉडी नीली पड़ी पीएम रिपोर्ट में आया कार्डियक अरेस्ट से 'मौत'

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की यादव सियासत एक बार फिर शोक, संदेह और सवालों के घेरे में है। मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव (38) का बुधवार सुबह अचानक निधन हो गया। उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल में ब्रॉट डेड घोषित किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि जब उन्हें लाया गया, तब पल्स पूरी तरह डाउन थी, हार्ट रुक चुका था। नाखून और शरीर के कुछ हिस्से हल्के नीले पड़ गए थे, यह देखकर मेडिकल टीम सन्न रह गई। अस्पताल में प्रतीक को देखने पहुंचे बड़े भाई समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके स्वास्थ्य की चर्चा की। साथ ही, कारोबारी नुकसान का जिक्र किया। वहीं, बाद ▸▸ शेष पेज 6 पर



प्रतीक यादव

## दिल और फेफड़ों से जुड़े कुछ नमूने सुरक्षित रखे गए

भाजपा की नेता और महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार खून का थक्का जमा हुआ था। शरीर के निचले हिस्से से ऊपरी हिस्से में खून का थक्का गया। इसके बाद लंग्स में इंफेक्शन हुआ और कार्डियक अरेस्ट से मौत हुई। विसरा ▸▸ शेष पेज 6 पर

शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

# मप्र के 1.5 लाख शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य, अब नहीं मिलेगी कोई 'छूट'



एआई इमेज

*सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पुनर्विचार याचिका, पुराने शिक्षकों को भी देनी होगी पात्रता परीक्षा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षकों के लिए देश की सर्वोच्च अदालत से एक बड़ा झटका सामने आया है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना पात्रता परीक्षा पास किए अब कोई भी शिक्षक अपने पद पर नहीं बना रह सकेगा। अदालत ने बेहद सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि नियमों में जितनी भी ढील दी जानी थी, वह पहले ही दी जा चुकी है और अब इसमें किसी भी ▸▸ शेष पेज 6 पर

## परीक्षा में फेल हुए तो जा सकती नौकरी

एनसीटीई द्वारा 2010 में अनिवार्य की गई यह परीक्षा अब उन डेढ़ लाख अनुभवी शिक्षकों के लिए अनिवार्य बाधा बन गई है, जिन्हें अपनी नौकरी बचाने के लिए एक बार फिर छात्र बनकर परीक्षा देनी होगी। यदि ये शिक्षक परीक्षा उत्तीर्ण करने में विफल रहते ▸▸ शेष पेज 6 पर

सीबीएसई बारहवीं का 85.20 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम
बेटियां 88.39 प्रतिशत के साथ देश भर में रहीं अव्वल

तिरुवनंतपुरम रहा पहले स्थान पर

# शिखर पर बेटियां

- कुल परिणाम पिछले वर्ष के 88.39 प्रतिशत की तुलना में 3.19 प्रतिशत कम रहा
- डिजिटल सिस्टम से 98.66 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया
- एक या अधिक विषयों में फेल छात्रों को कंपार्टमेंट परीक्षा का मौका मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का इंतजार बुधवार को खत्म हुआ। सीबीएसई ने दोपहर को कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस बार बारहवीं का औसत उत्तीर्ण प्रतिशत 85.20 रहा है। हालांकि, यह परिणाम पिछले वर्ष के 88.39 प्रतिशत की तुलना में 3.19 प्रतिशत कम रहा है। 2026 में लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 प्रतिशत रहा, जबकि लड़कों का 82.13 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस साल 12वीं बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 10 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित की गई थी। परीक्षा के बाद डिजिटल सिस्टम से 98.66 लाख ▸▸ शेष पेज 6 पर



ईदगाह हिल्स स्थित संट जोसफ स्कूल में खुशी मनाती छात्राएं

## चेन्नई दूसरे नंबर पर रहा

क्षेत्रवार प्रदर्शन में तिरुवनंतपुरम (त्रिवेंद्रम) सबसे बेहतर रहा, जहां 95.62 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। 93.84 प्रतिशत के साथ चेन्नई दूसरे नंबर पर रहा है। वहीं प्रयागराज सबसे कमजोर रीजन रहा और यहां 72.43 प्रतिशत रिजल्ट दर्ज किया गया। दिल्ली वेस्ट और दिल्ली ईस्ट ने भी 91 प्रतिशत से अधिक परिणाम हासिल किए। ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

## केंद्रीय विद्यालय सबसे आगे

इस बार 98.55 प्रतिशत के साथ सबसे बेहतर परिणाम केंद्रीय विद्यालय (केवी) का रहा है। इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) का 98.47 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों का 89.55 प्रतिशत, सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों का 86.07 प्रतिशत और ईएमआरएस स्कूलों का 85.55 प्रतिशत और स्वतंत्र (प्राइवेट) स्कूलों का 84.22 प्रतिशत परिणाम रहा।

## 79.43 प्रतिशत के साथ भोपाल 19वें स्थान पर

इस परीक्षा में भोपाल के 9,399 समेत मध्यप्रदेश के 80,454 विद्यार्थी शामिल हुए थे। हालांकि, इस बार भोपाल रीजन ▸▸ शेष पेज 6 पर

एक माह का बिजली बिल अपडेट न होने पर कनेक्शन काटने का दिखाया डर

# यूनियन बैंक की एपीके फाइल भेजकर रिटायर्ड अधिकारी के साथ चार लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक माह का बिजली का बिल अपडेट न होने पर बिजली कनेक्शन काटने कर डर दिखाकर अज्ञात साइबर जालसाज ने एक रिटायर्ड अधिकारी को चार लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने आईवीआरएस नंबर अपडेट करने के नाम पर यूनियन बैंक की एपीके फाइल भेजी और कोड के नाम पर अमाउंट भरवाकर पैसा ट्रांसफर करा लिया। फरियादी ने साइबर सेल में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर सेल ने प्रकरण दर्ज कर डायरी बाग सेवनिया पुलिस को भेजी है।

पुलिस के मुताबिक पेवल वे फेस-1 बाग सेवनियां निवासी शिवचरण करोड़े (67) के मोबाइल नंबर पर विगत 8 मई की शाम चार बजे मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के नाम से वाट्सएप मैसेज आया कि पिछले माह का बिल अपडेट न होने से रात साढ़े नौ बजे बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। मैसेज के अंत में दीपक अग्रवाल का नाम और मोबाइल नंबर लिखकर संपर्क करने के लिए लिखा गया था। मैसेज पढ़ते ही फरियादी ने बताए नंबर पर कॉल किया। उस व्यक्ति ने कहा कि आपका आईवीआरएस नंबर अपडेट कर लीजिए, नहीं तो आपका कोलार स्थित फ्लैट का लाइट कनेक्शन काट दिए जाएगा। उसने खुद को गोविंदपुरा बिजली कार्यालय एमपीईबी का अधिकारी होना बताया। फरियादी शिवचरण ने कहा कि हमें दो-तीन दिन की मोहलत दे दीजिए। तो उसने कहा कि नहीं, आज ही बिजली कटेगी। या फिर आप ऑनलाइन अपडेट कर लीजिए, मैं आपको साइट की लिंक शेयर कर रहा हूं।

### कोड के नाम पर अमाउंट भरवाकर पैसा ट्रांसफर करा लिया



### इस तरह की ठगी

लिंक शेयर होते ही फरियादी ने साइट पर जानकारी भर दी। अगले दिन 9 मई की सुबह पौने दस बजे कथित दीपक अग्रवाल नामक व्यक्ति ने कॉल कर बताया कि आपका नया आईवीआरएस नंबर नहीं आया। उसने शिवचरण करोड़े यूनियन बैंक के नाम से एपीके फाइल भेजी और कहा कि इसमें अपना बैंक खाता नंबर और इन्फार्मेशन नंबर डालिए। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कहने पर फरियादी हर जरूरी जानकारी एपीके फाइल में डालते चले गए। रुपए का ऑप्शन आने पर उसमें 400000 लिखा आया। उसने अमाउंट की जगह कोड बोलकर चार लाख रुपए अलग-अलग राशियों बोलकर भरवा लिए। कुछ देर बाद फरियादी ने देखा कि उनके यूनियन बैंक के खाते से चार लाख रुपए अलग-अलग बार में कट गए।

## कारोबारी महिला से ऑनलाइन बिजनेस में निवेश के नाम पर ठगे चार लाख

**इंस्टाग्राम पर लुभावना विज्ञापन देखकर लगाया पैसा, नहीं मिला मनचाहा लाभ**

इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन बिजनेस का लुभावना विज्ञापन देखकर एक कारोबारी महिला ने लाखों रुपए निवेश कर दिए। शुरू में तो महिला को अच्छा प्रॉफिट हुआ लेकिन बाद में मुनाफा होना बंद हो गया। महिला ने जब ऑनलाइन कंपनी के संचालक से बात करना चाही तो उसने फोन रिसीव करना भी बंद कर दिया। पुलिस का कहना है कि महिला को चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है। लिखित शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सागर ग्रीन होम्स कोलार निवासी प्रिया मीना (28) बिजनेस वूमन हैं। दिसंबर 2024 में उन्होंने इंस्टाग्राम पर वोहरा नाम की ऑनलाइन कंपनी का विज्ञापन देखा। कंपनी के लुभावना ऑफर देख प्रिया मीना ने लाखों रुपए निवेश कर दिए, लेकिन लाभ नहीं मिला। कंपनी वाले बात भी नहीं कर रहे।

## गुना से पत्नी का इलाज कराने आए बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र सागर अस्पताल के सामने बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे 68 साल के बुजुर्ग को टक्कर मार दी।

टक्कर मारने के बाद बइाक सवार उसे पास ही स्थित फैक्चर अस्पताल लेकर पहुंचा और बुजुर्ग का इलाज भी करवाया, लेकिन सिर में गंभीर चोट होने के कारण बुजुर्ग की जान नहीं बच सकी। बुधवार सुबह इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मूलचंद चिढ़ार (68) गुना के रहने वाले थे। बुजुर्ग मूलचंद की पत्नी बीमार है और वह पत्नी का इलाज कराने गुना से भोपाल आए थे। पत्नी का सागर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में इलाज करा रहे थे।

मंगलवार सुबह वह अस्पताल से निकलकर सड़क पार कर रहे थे। सड़क पर मंडीदीप की तरफ से एक कार आ रही थी। कार के बगल में बाइक वाला भी चल रहा था। सड़क पार करते समय कार वाले ने उन्हें देखकर कार रोक ली, लेकिन कार के साइड से चल रहे बाइक चालक की जब तक नजर पड़ती मूलचंद बाइक के सामने आ चुके थे। बाइक की टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए। उन्हें सिर में गंभीर चोट थी।

बाइक वाला उन्हें उठाकर पास ही स्थित फैक्चर अस्पताल ले गया। वहां इलाज के दौरान मूलचंद की मौत हो गई।

छोला मंदिर थाना क्षेत्र की घटना

## बंद मकान में युवक ने लगाई फांसी दो दिन पुराना शव किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस टू में सब्जी कारोबारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश दो दिन बाद परिजन ने फांसी के फंदे के लटकी देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि चार साल से उसकी पत्नी अलग रह रही थी। दो साल पूर्व वह फिनायल पीकर आत्महत्या का प्रयास कर चुका है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस के अनुसार प्रदीप लोवंशी पिता गंगाराम लोवंशी (29) मकान नंबर 122/190, शिव नगर फेस टू में रहता था और सब्जी का व्यवासाय करता था। उसके पिता और भाई उसके साथ रहते हैं और केटरिंग का काम करते हैं। दोनों को रुइंटखेड़ी में काम मिला था। दो दिन से वह रुइंटखेड़ी में परिवार के साथ काम पर थे। इधर, घर पर प्रदीप अकेला था। बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे परिवार काम कर घर लौटा। परिजन ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन प्रदीप ने दरवाजा नहीं खोल सका। अनहोनी की आशंका होने पर परिजन ने दरवाजा तोड़ा। इस दौरान प्रदीप की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। परिजन से पूछताछ में पता चला कि प्रदीप की पत्नी उसे चार साल पहले छोड़कर जा चुकी है। दो साल पहले वह फिनायल पीकर आत्महत्या का प्रयास कर चुका है।

## यूनियन कार्बाइड गैस त्रासदी : डॉव केमिकल की ओर से क्षेत्राधिकार एवं दायित्व पर बहस पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनियन कार्बाइड गैस त्रासदी के आपराधिक प्रकरण में न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री हेमलता अहिरवार के न्यायालय में बुधवार को डॉव केमिकल कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने बहस पूर्ण कर ली।

यह बहस डॉव केमिकल द्वारा प्रस्तुत उस आवेदन पर चल रही थी, जिसमें भारतीय न्यायालय के क्षेत्राधिकार को चुनौती देते हुए प्रकरण की सुनवाई का अधिकार भारतीय न्यायालय को न होने का तर्क प्रस्तुत किया गया था। उक्त आवेदन पर पिछले कई समय से सुनवाई जारी थी। वरिष्ठ अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि गैस पीड़ित संगठनों को इस प्रकार का आवेदन प्रस्तुत करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा संचालित आपराधिक मामला है, अतः इसमें किसी तीसरे पक्ष को स्वतः हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। यदि कोई तीसरा पक्ष कार्यवाही में सम्मिलित होना चाहता है, तो उसे दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 301 एवं 302 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 24(8) के अंतर्गत न्यायालय से पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। गैस पीड़ित संगठनों द्वारा ऐसी कोई अनुमति प्राप्त नहीं की गई है, इसलिए उनका आवेदन सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायालय में डॉव केमिकल की ओर से बहस पूर्ण होने के पश्चात अगली सुनवाई 7 जुलाई 2026 को निर्धारित की गई है।

## बिजली संबंधी विभिन्न सेवाओं और योजनाओं की जानकारी शिविरों में दी जाएगी

## भोपाल में संपर्क अभियान 2026’ के तहत होगा बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संपर्क अभियान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 14 मई को शहर वृत्त भोपाल अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करना और उन्हें बिजली संबंधित विभिन्न सेवाओं और योजनाओं की जानकारी देना है।

### उपभोक्ताओं को शिविरों में मिलेंगी त्वरित सेवाएं

संपर्क अभियान के दौरान आयोजित किए जाने वाले शिविरों में उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण बिल, मीटर रीडिंग और अन्य बिलिंग संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाएगा। साथ ही मात्र 5 रुपए में नवीन ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पम्प कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, साथ ही भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, स्थाई कनेक्शन विच्छेदन, अस्थायी कनेक्शन, ई-केवायसी और अनापत्ति प्रमाण-पत्र, बंद/खराब मीटर बदलना, स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतें, सर्विस केबल सुधार, वोल्टेज की समस्या और ट्रांसफार्मर से जुड़ी शिकायतों, बिजली बिलों का आंशिक एवं पूर्ण भुगतान, अग्रिम भुगतान पर छूट, बकाया राशि भुगतान, समाधान योजना तथा अन्य जनहितैषी योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान करने की सुविधाएं मिलेंगी।

### उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए चार अलग-अलग काउंटर रहेंगे उपलब्ध, इन स्थानों पर लगेंगे शिविर

भोपाल शहर के विभिन्न वितरण केन्द्र/जोन में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें अयोध्या जोन में अयोध्या नगर, आनंद नगर जोन में पीएमएवाय मल्टी, भानपुर जोन में शंकर नगर नगर निगम ऑफिस, चांदबड़ जोन में राजेन्द्र नगर, इंडस्ट्रियल गेट वितरण केन्द्र में रूपनगर, करोंद जोन में संजीव नगर, बैरागढ़ जोन में वॉटर वर्क्स, ईमामीगेट जोन में बारेला गांव, बस स्टैंड जोन में रेतघाट, छोला जोन में नारियल खेड़ा, सिटी कोतवाली जोन में हाथीखाना स्क्वेयर, इंद्रविहार जोन में गांधीनगर बस स्टैंड, सुल्तानिया जोन में संजय नगर, बैरागढ़ चीचली सिटी जोन में सुमित्रा परिसर, दानिशकुंज सिटी जोन में दानिश हिल्स व्यू-1, मिसरोद शहर जोन में हिनौतिया डीएलएफ, अरेरा कॉलोनी वितरण केन्द्र में श्याम नगर, भदभदा जोन में सेवा सदन, कोटरा जोन में शबरी नगर, एमपी नगर जोन में गायत्री नगर आदि शामिल है।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 14 मई 2026


5 किराए की महंगी गाड़ियों में आना-जाना कर रहे ...


9 रिटायर्ड जिला जज की बहू की संदिग्ध परिस्थितियों...



## निगम मुख्यालय में लगी स्वच्छता की 'प्रशासनिक पाठशाला'

# डायरी-पेन लेकर फर्श पर बैठे अफसर आयुक्त ने पढ़ाया 'सफाई' का पाठ

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर संस्कृति जैन की अनूठी क्लास | ग्राउंड रियलिटी पूछी, कहा-कहीं भूल न हो, इसका हर हाल में रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर निगम पूरी तरह मिशन मोड में नजर आ रहा है। इसकी झलक बुधवार को निगम मुख्यालय में देखने को मिली, जहां निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने अधिकारियों की ऐसी 'क्लास' लगाई कि पूरा परिसर कुछ देर के लिए किसी प्रशासनिक पाठशाला में बदल गया।

अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त से लेकर विभिन्न शाखाओं के अधिकारी कॉपी-पेन लेकर जमीन पर बैठे नजर आए। किसी ने नोट्स बनाए तो कोई आयुक्त के निर्देशों को गंभीरता से सुनता दिखाई दिया। बैठक का माहौल बिल्कुल क्लासरूम जैसा था, जहां स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए हर छोटी-बड़ी रणनीति पर चर्चा हुई। आयुक्त ने साफ संदेश दिया कि इस बार केवल कागजी दावे नहीं, बल्कि मैदान में दिखाई देने वाला काम ही भोपाल को नंबर-1 की दौड़ में आगे ले जाएगा। अधिकारियों को वार्ड स्तर पर निगरानी बढ़ाने, कचरा पृथक्कीरण पर करने, सार्वजनिक स्थानों की सफाई व्यवस्था सुधारने और नागरिक सहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।


कक्षा में निर्देश देतीं निगमायुक्त।

### दिए ग्राउंड मॉनिटरिंग और रिजल्ट के मंत्र

बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि स्वच्छता सर्वेक्षण अब केवल सफाई तक सीमित नहीं रह गया है। इसमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का पृथक्कीरण, पब्लिक टॉयलेट की स्थिति, सीवेज-प्लास्टिक प्रतिबंध और नागरिक फीडबैक जैसे कई बिंदुओं पर मूल्यांकन किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हमारा लक्ष्य भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनने का होना चाहिए। इस पाठशाला में आईएएस अंजू अरुण कुमार, आईएएस तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर आयुक्त वरुण अवस्थी उपायुक्त, सहा आयुक्त, अधीक्षण यंत्रियों सहित फायर, झील संरक्षण, सीवेज प्रकोष्ठ के अधिकारी शामिल थे।

### महापौर और परिषद अध्यक्ष ने सफाई मित्रों को दी पीपीई किट


पीपीई किट वितरित करतीं महापौर।

नगर निगम द्वारा नमस्ते योजना के तहत बुधवार से सफाई मित्रों को स्वच्छता कार्यों में आसानी और बेहतर स्वास्थ्य के दृष्टिगत पीपीई किट देने का काम शुरू हो गया है। महापौर मालती राय ने जोन-4 के कार्यालय में सफाई मित्रों तथा निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने निगम मुख्यालय भवन में पीपीई किट वितरित किए। निगम के अन्य जोन कार्यालयों में भी सफाई मित्रों, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन से संबंधित सफाईकर्मियों को पीपीई किट वितरित की गई। पीपीई किट में दस्ताने, गमबूट के साथ ही बरसाती भी दी गई है ताकि बरसात में सफाई मित्रों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मो. सरवर, शैलेष साहू, शीतल वर्मा के अलावा विनोद सोनी, मनोज घट सहित निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### अनुशासित अंदाज में बैठे अधिकारी

बैठक की सबसे खास बात अनुशासित अंदाज रहा। बड़े अधिकारी कुर्सियों की बजाय आम कर्मचारियों की तरह जमीन पर बैठकर नोट्स लेते दिखाई दिए। इससे साफ संदेश गया कि स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर इस बार निगम प्रशासन किसी तरह की ढिलाई के मूड में नहीं है।




## कलेक्टोरेट के सामने से गुजर रहे वाहन को किया जब्त

# गैस एजेंसी आर्मी वाहन में सील पैक सिलेंडर मिले, इनमें कम निकली गैस

## 9 सिलेंडरों में दो से तीन किलो गैस चोरी, पांच सिलेंडर की मिली पर्चियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री ईएमई सेंटर स्थित भोपाल मिलेट्री स्टेशन गैस एजेंसी के आर्मी वाहन में मिले घरेलू गैस सिलेंडरों से गैस चोरी का मामला सामने आया है। सील पैक सिलेंडरों को जब तौलकांटे पर तौला गया तो उसमें दो से तीन किलो तक गैस कम थी। मिलेट्री स्टेशन गैस एजेंसी से सेना के दफ्तर, अफसर और कर्मचारियों के परिवारों को गैस सिलेंडर सप्लाई किए जाते हैं। सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन सहित 18 घरेलू गैस सिलेंडर भी जब्त किए हैं।

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि कलेक्टोरेट के मेन गेट के पास से गुजर रहे आर्मी के अशोक लीलेंड वाहन को रोका गया, जिसमें 9 भरे और 9 खाली घरेलू गैस सिलेंडर रखे हुए थे। भरे सिलेंडरों को जब तौल कांटे पर रखा गया तो उनमें दो से तीन किलो गैस कम निकली। जिसके बाद वाहन चालक देवेंद्र मेवाड़ा ने बताया कि यह वाहन भोपाल मिलेट्री स्टेशन गैस एजेंसी का है। वाहन के कांच पर ऑन आर्मी ड्यूटी का स्टीकर लगा हुआ था। चालक ने बताया कि वह बाजार में काम से जा रहे थे। भरे सिलेंडरों का रिकार्ड मांगने पर चालक पांच सिलेंडरों की पर्चियां दिखा पाया।

### सैन्य अफसर और कर्मचारियों के परिवारों को वितरित किए जाने थे गैस सिलेंडर



इस वाहन में मिले सिलेंडर।


मौके पर ही सिलेंडर को तौलते हुए खाद्य अधिकारी।

### वाहन और सिलेंडर किए जब्त

कलेक्टोरेट के सामने से आर्मी के वाहन में रखे भरे और खाली सिलेंडरों को जब्त किया गया है, जिसमें 9 सिलेंडरों को तौलने पर दो से तीन किलो तक गैस कम निकली है। केस दर्ज कर एडीएम कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**चंद्रभान सिंह जादौन, जिला आपूर्ति नियंत्रक**

### सेना के परिवारों के सिलेंडरों से भी चोरी

राजधानी की अधिकतर गैस एजेंसियों में सील पैक सिलेंडरों से गैस चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। इसके पहले सैनी इंडेन गैस एजेंसी में भी गैस चोरी पकड़ी गई थी। गैस एजेंसियों के गोदामों पर आने वाले वाहनों में रखे सिलेंडरों से भी गैस चोरी की जा रही है। श्री ईएमई सेंटर की गैस एजेंसी से पांच हजार उपभोक्ता जुड़े हैं।

## जल की गुणवत्ता जांच के लिए संयुक्त विशेषज्ञ समिति गठित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति एसके सिंह व विशेषज्ञ सदस्य डा. अफरोज अहमद की युगलपीठ ने राज्य में जल की गुणवत्ता जांच के लिए संयुक्त विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश दिया है। यह कदम राजधानी भोपाल निवासी कमल




कुमार राठी की याचिका पर उठाया गया। सुनवाई के दौरान आवेदक पक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा सक्षम तकनीकी विशेषज्ञों की जल परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जल गुणवत्ता संबंधी गंभीर मुद्दे उठाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनजीटी ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक को तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति में सीपीसीबी से, एक जल विज्ञान से और एक वाटर एंड लैंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट से शामिल किया जाएगा। इस समिति को आवेदन में उल्लिखित विभिन्न स्थानों की जल गुणवत्ता की जांच कर विशेषज्ञ रिपोर्ट एवं सुधारात्मक सुझाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। एनजीटी ने यह भी निर्देश दिया कि आवेदन व संबंधित दस्तावेज सीपीसीबी, क्षेत्रीय निदेशक को उपलब्ध कराए जाएं। आवेदक को भी संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां सीपीसीबी के अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह पूरी प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर पूर्ण कर रिपोर्ट अगली सुनवाई की तिथि 23 जुलाई से पूर्व प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## निगम की फायर दमकलों ने आग पर काबू पाया, कोई जनहानि नहीं

# करोंद इलाके के चार मंजिला भवन में लगी आग, उठीं लपटें, फैली दहशत

## जनरेटर से भड़की आग, इलेक्ट्रॉनिक शो-रूम का सामान जला, फर्नीचर और कई एसी भी चपेट में आए

**इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के पास रखे जनरेटर में शॉट सर्किट होने की वजह से भड़की आग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करोंद इलाके में बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पीपुल्स हॉस्पिटल के सामने स्थित एक चार मंजिला व्यावसायिक भवन में भीषण आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में आग की ऊंची-ऊंची लपटें आसमान तक दिखाई देने लगीं और पूरे इलाके में काले धुएं का गुबार फैल गया। आग लगते ही आसपास के दुकानदारों और रहवासियों में दहशत फैल गई। लोग अपनी दुकानों और घरों से बाहर निकल आए, जिससे भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची दमकलों ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि भवन में लगे जनरेटर से आग भड़क गई। आग की चपेट में आने से एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में रखा सामान, फर्नीचर और कई एसी जल गए। आग भवन के इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के बाहर रखे जनरेटर से शुरू हुई। देखते ही देखते आग ने एसी, फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ देर के लिए पूरे इलाके में भगदड़ जैसे हालात बन गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना के समय भवन में ज्यादा भीड़ मौजूद नहीं थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।



आग से धू धूकर जलता भवन। इनसेट में इस अग्निकांड में जला हुआ एक स्कूटर।




इस जनरेटर से भड़की थी आग।

### आग देखने लोगों की लगी भीड़

आग लगने के समय अयोध्या बायपास से गुजर रहे लोग अपने वाहन के साथ रुक गए। इसके चलते यहां खासी भीड़ जमा हो गई। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों की भीड़ के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

सूचना मिलते ही नगर निगम का फायर अमला मौके पर पहुंच गया। इससे पहले पास स्थित पीपुल्स हॉस्पिटल की फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसके बाद नगर निगम की दमकलें भी मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह जनरेटर में शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। जहां आग लगी उसी भवन में संचालित केएफसी आउटलेट तक आग नहीं पहुंची, जिससे वहां बड़ा हादसा टल गया। नगर निगम के फायर प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया कि बिल्डिंग में एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है। इसके पास में रखे जनरेटर में आग लगी थी। आग की चपेट में आने से कई एसी जल गए। सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर दमकलें भेजी गईं और आग पर काबू पाया।

## जयप्रकाश अस्पताल में शाम की ओपीडी से अनुपस्थित मिले 3 डॉक्टर


निरीक्षण करते सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने बुधवार शाम को जयप्रकाश जिला चिकित्सालय की ओपीडी का निरीक्षण कर चिकित्सकों की उपस्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले चिकित्सकों को नोटिस करने के निर्देश दिए गए हैं। पिछले दिनों भी निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सकों को नोटिस जारी किए गए थे। हालांकि, समय समय पर किए जा रहे निरीक्षण के फलस्वरूप निरीक्षण के दौरान अधिकतर चिकित्सक उपस्थित पाए गए।

सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने शाम 5.15 से 5.30 बजे तक जिला चिकित्सालय की दंत रोग, नेत्र रोग, मानसिक रोग, अस्थि रोग, मेडिसिन विभाग, शल्य क्रिया, नाक कान गला, त्वचा रोग ओपीडी का निरीक्षण किया। इस दौरान दंत चिकित्सक डॉ. नीलिमा सोनी, अस्थि रोग चिकित्सक डॉ. जय कुमार साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलू गुप्ता के ओपीडी में नहीं मिलने पर संबंधितों की अनुपस्थिति एवं मरीजों को हुई असुविधा के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 15% प्रगणकों ने शुरू नहीं किया था काम, नोटिस के बाद तेजी

# जनगणना कार्य में बैरसिया और हुजूर पिछड़े तहसीलदार और सीएमओ को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक से तीस मई तक जनगणना के लिए मकानों की गिनती का काम भोपाल में पिछड़ गया है। हालांकि 20 मई तक मकानों के ब्लॉक स्तर पर काम पूरा करने की हिदायत दी गई थी, लेकिन बैरसिया तहसीलदार दिलीप चौरसिया, हुजूर तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी और बैरसिया नपासीएमओ राजेंद्र सक्सेना के क्षेत्र में 15 प्रतिशत प्रगणकों ने काम ही शुरू नहीं किया। जिसकी वजह से भोपाल की स्थिति लगातार पिछड़ती गई। तीनों चार्ज अधिकारियों की लापरवाही पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है, हालांकि नोटिस के साथ ही शेष 15 प्रतिशत प्रगणकों ने भी काम शुरू कर दिया है।

जनगणना प्रभारी और एडीएम अंकुर मेश्राम ने बताया कि कुछ दिनों में मकानों की गणना का काम पूरा कर लिया जाएगा। वर्तमान में जिले के बैरसिया, हुजूर, नगर पालिका बैरसिया और कोलार तहसील में जनगणना का काम जारी है।

### 20 फीसदी प्रगणकों ने सौ फीसदी काम निपटाया

जिले में जहां कुछ प्रगणकों ने हाल ही में मकानों की गणना का काम शुरू किया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के 20% प्रगणकों ने सौ फीसदी काम पूरा कर लिया है। अब इस क्षेत्र में छूटे हुए मकानों को भी तलाशा जा रहा है। समय से पहले काम पूरा करने वाले चार्ज अधिकारी और प्रगणक सम्मानित होंगे। जिसके लिए चार्ज अधिकारी के स्तर पर 4207 प्रगणकों में से करीब 20%ने अपना काम पूरा कर लिया है। इन्हें कलेक्टर मिश्रा सम्मानित करेंगे।

## अभी धीमी गति से चल रही है टीबीएम, 25 मीटर तैयार हुई टनल

# क्रिटिकल जोन पार होते ही तेज होगी खुदाई, एक साथ दो मशीनें करेंगी काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नादरा बस स्टैंड पर दूसरे अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन का काम भी तेज | दूसरी बोरिंग मशीन की जा रही असेंबल, मशीन के बड़े हिस्से शॉफ्ट तक पहुंचे

शहर के रेलवे स्टेशन से पुल पातरा तक निर्माणाधीन टनल का 50 मीटर का क्रिटिकल जोन पर होते ही दूसरी टनल बोरिंग मशीन से खुदाई शुरू हो जाएगी। दूसरी टनल बोरिंग मशीन की असेंबलिंग का काम पूरा हो चुका है। इसके शुरू होने से एक ही दिशा में दो मशीनों से दो टनल एक साथ तैयार हो जाएंगी।

भूमि के 75 फीट गहराई में बन रही टनल के दायरे में कई कमजोर इमारतों को देखते हुए धीमी गति से मशीन का संचालन हो रहा है। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार शुरुआती चरण में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बेहद सावधानी से खुदाई की जा रही है। अल्पना तिराहे के पास कई पुरानी और जर्जर इमारतें मौजूद हैं, जिनके नीचे से टनल गुजर रही है। ऐसे में कंपन और संरचनात्मक जोखिम से बचने के लिए टीबीएम की गति नियंत्रित रखी गई है।


भोपाल स्टेशन के पास टीबीएम का सेटअप।

### शुरुआती 50 मीटर हिस्सा चुनौतीपूर्ण

30 मार्च से शुरू हुई खुदाई में दुर्गावती मशीन करीब 25 मीटर तक पहुंच चुकी है। मेट्रो इंजीनियरों का मानना है कि शुरुआती 50 मीटर का हिस्सा चुनौतीपूर्ण है। इस क्रिटिकल जोन को पार करते ही मशीन की गति बढ़ा दी जाएगी और खुदाई तेजी से आगे बढ़ेगी। वर्तमान में मशीन रोज करीब डेढ़ से दो मीटर तक आगे बढ़ रही है, लेकिन आने वाले दिनों में इसमें तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। दूसरी ओर अहिल्याबाई टीबीएम को भी टनल में उतारने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मशीन के बड़े हिस्सों को भूमिगत शाफ्ट तक पहुंचाया जा चुका है। जैसे ही यह मशीन सक्रिय होगी मेट्रो प्रोजेक्ट को डबल स्पीड मिल जाएगी।

## बीते साल से रैंकिंग घटी, अब चारकोल प्लांट तैयार, कचरे का निष्पादन शुरू, नहीं कटेंगे अंक

# केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की टीम जमीनी हकीकत परखकर तय करेगी राजधानी में स्वच्छता की रैंकिंग

### स्वच्छ शहर जोड़ियों को मान्यता देने के लिए नई पुरस्कार श्रेणी भी की गईं हैं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में अब राजधानी की नजर सीधे देश के नंबर-1 शहर बनने पर है। बीते सर्वेक्षण में तीन पायदान की बड़ी छलांग लगाते हुए भोपाल ने 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया था। हालांकि तमाम प्रयासों और बड़े अभियानों के बावजूद राजधानी शीर्ष स्थान तक नहीं पहुंच सकी। अब केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की टीम शहर की जमीनी हकीकत परखकर नई रैंकिंग तय करेगी। इसके लिए नगर निगम ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। स्वच्छता सर्वेक्षण का सर्वे करने दिल्ली से कभी भी टीम आ सकती है। इसे देखते हुए निगम प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

आदमपुर छावनी में वर्षों से जमा कचरे के पहाड़ को खत्म करने के लिए कचरा निष्पादन का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं लंबे समय से अटके चारकोल प्लांट को भी तैयार करने की दिशा में तेजी दिखाई जा रही है। निगम प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार इन परियोजनाओं का फायदा सीधे सर्वेक्षण में मिलेगा और भोपाल के अंक नहीं कटेंगे। शहर में गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों पर व्यस्थाएं बीते साल की तुलना में इस बार बेहद मजबूत हैं। कचरा कलेक्शन में लगे वाहनों की जीपीएस से मानिटरिंग की जा रही है।

**शहर स्वच्छ जोड़ी भोपाल और बैरसिया हैं, जहां के मूल्यांकन से रैंकिंग पर पड़ेगा असर**

**देश भर के 3,000 से अधिक प्रशिक्षित फील्ड मूल्यांकनकर्ता 45 दिन ऑन-ग्राउंड करेंगे**

**स्वच्छता सर्वेक्षण का सर्वे करने दिल्ली से कभी भी आ सकती है टीम, प्रशासन अलर्ट**


आदमपुर खंती में कचरे का निष्पादन।

**बीते साल रह गई थीं यह कमियां जिनमें किया सुधार**

बीते साल कई कमियां रह गई थीं, जिन्हें इस बार निगम ने सुधार किया है। कचरे के पृथक्करण पर सख्ती, गीला और सूखा कचरा अलग देना, पब्लिक टॉयलेट की सफाई, सीवेज प्रबंधन, प्रतिबंधित पॉलिथीन पर नियंत्रण और खुले में कचरा फेंकने वालों पर सख्ती करने जैसे कदम उठाए गए हैं। जो स्वच्छता रैंकिंग को मजबूत बनाएंगे।

**दो साल में दूसरी रैंक, फिर 19वें पायदान पर**

स्वच्छ सर्वेक्षण में भोपाल ने 2017 और 2018 में लगातार दो साल देश में दूसरी रैंक हासिल की थी। 2019 में भोपाल खिसककर 19वें नंबर पर आ गया था। 2020 में भोपाल 12 पायदान ऊपर खिसका और 7 वीं रैंक हासिल की। 2021 के सर्वेक्षण में भी भोपाल ने 7 वां स्थान हासिल किया था। 2022 के सर्वेक्षण में भोपाल की रैंक सुधरी और यह छठें स्थान पर आ गया। 2024 में एक पायदान और सुधार हुआ और पांचवीं रैंक रही। अब 2025-26 में नंबर-1 के लिए मजबूत तैयारियां की जा रही हैं।

**यह रहेंगे स्वच्छता सर्वेक्षण के मुख्य प्वाइंट**

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के 3000 से ज्यादा प्रशिक्षित फील्ड मूल्यांकनकर्ता 45 दिन ऑन-ग्राउंड सर्वेक्षण करेंगे। जारी टूल किट में इसके लिए मुख्य बिंदु तय किए गए हैं। इनमें प्रत्यक्ष रूप से दिखने वाली साफ़-सफाई, कचरे को अलग-अलग करना और उसका सही रखरखाव, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस कचरे का उचित निपटान, स्वच्छता तक पहुंच, स्वच्छता सुविधाओं की सुलभता, प्रयुक्त जल प्रबंधन, उपयोग किए गए पानी का प्रबंधन, सेप्टिक टैंकों की मशीनों द्वारा सफाई, स्वच्छता के लिए जागरूकता और प्रचार, स्वच्छता प्रणाली को मजबूत बनाना, सफाई कर्मचारियों का कल्याण, सफाई मित्रों की सुरक्षा और भलाई, नागरिक फीडबैक और शिकायत निवारण शामिल है।

---

**खबर संक्षेप**

### 'जलसा सांवरे का' 18 को झूमेगा भोपाल, होंगे प्रिया दीदी के भजन

**भोपाल।** राजधानी में श्याम प्रेमियों के लिए एक बार फिर 18 मई को भव्य संकीर्तन का आयोजन होने जा रहा है। आयोजक सिद्धेश साहू ने बताया कि 'जलसा सांवरे का' नामक यह दिव्य आयोजन कर्फ्यू वाली माता मंदिर, भवानी चौक, सोमवारा के पावन प्रांगण में संपन्न होगा। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में कृष्ण प्रिया दीदी (नागपुर, महाराष्ट्र) पुनः आ रही हैं, जो अपने मधुर भजनों एवं संकीर्तन के माध्यम से श्याम भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगी। इसके साथ ही किशोरी अंजली साध्वी (वृंदावन धाम) भी भक्ति प्रवचन एवं भजन-संकीर्तन का लाभ श्रद्धालुओं को देंगी। कार्यक्रम संयोजक विक्की चौहान एवं कार्यक्रम अध्यक्ष राहुल साहू ने बताया कि इस दिव्य संकीर्तन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सभी श्याम भक्त आयोजन को सफल बनाएं और श्याम बाबा के भजनों का आनंद लें।

### बीयू: एविएशन प्रोफेशन से संबंधित संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग द्वारा बुधवार को इन्द्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक, दिल्ली के माध्यम से एक एविएशन प्रोफेशन से संबंधित सीपीएल, सीएचपीएल और एएमई कोर्सेस पर व्यवसायिक करियर मार्गदर्शन पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठीय में डॉ. विवेक मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर, जझा अली, मैनेजर एवं फ्लाईंग कैप्टन, अकबर अली, प्रतीक एवं अन्यन सहयोगियों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इन प्रोफेशनल कोर्सेस से संबंधित प्रश्नों पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में प्रो. रागिनी गोथलवाल, निदेशक, फार्मेसी विभाग द्वारा स्वागत किया गया। डॉ. रचना अंखड गिरी ने मंच संचालन कर आभार व्यक्त किया।

### रानी कमलापति-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस एक ट्रिप निरस्त

**भोपाल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर जंक्शन-चांपा जंक्शन रेलखण्ड पर थर्ड एवं फोर्थ लाइन से सबन्धित सयुंक्त अधोसरंचनात्मक निर्माण कार्यों के लिए प्री-नॉनइंटरलॉकिंग /नॉनइंटरलॉकिंग/पोस्ट नॉनइंटरलॉकिंग कार्य जून माह में किया जाना है। जिसके चलते पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल से प्रारम्भ-टर्मिनेट होने वाली रानी कमलापति-सांतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर ट्रेन दोनों दिशाओ में 01-01 ट्रिप निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी जंक्शन हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन रानी कमलापति से 10 जून को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 22170 सांतरागाछी जंक्शन-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन सांतरागाछी जंक्शन से 11 जून को निरस्त रहेगी।

---

### सीबीएसई परीक्षा का परिणाम घोषित: बारहवीं में टॉप करने वाले छात्र बोले

**सेल्फ स्टडी टाइम मैनेजमेंट से आया बेहतर परिणाम**

# पढ़ाई के दौरान क्वांटिटी के बजाए क्वालिटी पर ध्यान देना आवश्यक

### नित्या बरडिया ने 98.80 प्रतिशत, पारस खांडेकर ने 98.4 प्रतिशत, अदिति श्रीवास्तव ने हासिल किए 97 प्रतिशत अंक


*सेंट जोसेफ की पीसीएम की छात्रा अरिबा अली ने 85% अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की।*


11 नंबर स्थित सेंट जोसेफ को-एड स्कूल में सीबीएसई के रिजल्ट के बाद खुशी से झूमते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी कर कर दिए हैं। इसके साथ ही भोपाल के 9,399 सहित मध्यप्रदेश के लगभग 80,454 विद्यार्थियों के साथ देशभर के लाखों विद्यार्थियों का इंतजार खत्म हो हुआ। परीक्षा परिणाम आने के बाद राजधानी के स्कूलों उत्सव का माहौल नजर आया। बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों और अभिभावकों ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। सीबीएसई बारहवीं की परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धी का श्रेय अपने शिक्षकों और अभिभावकों को दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि पढ़ाई में क्वांटिटी के बजाय क्वालिटी पर ध्यान सफलता की कुंजी है। सेल्फ स्टडी, टाइम मैनेजमेंट से परिणाम बेहतर आया।

**अदिति ने हासिल किए 97 प्रतिशत अंक, अब बनना चाहती हैं जज**

ईदगाह हिल्स क्षेत्र स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा अदिति श्रीवास्तव ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अदिति श्रीवास्तव ने बताया कि पढ़ाई में क्वांटिटी (कितना पढ़ा) के बजाय क्वालिटी (कैसा पढ़ा/कितना समझा) पर ध्यान देना सफलता की कुंजी है। स्कूल के अलावा उन्होने रोजाना तीन से चार घंटे पढ़ाई को समय दिया। रोजाना सभी विषयों पर ध्यान दिया। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों को नोट्स तैयार करने के साथ ही कमजोर टॉपिक पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए, समय-समय पर रिवीजन करते रहना चाहिए। उन्होने पढ़ाई के दौरान 15 से 20 मिनट का ब्रेक लिया और इस दौरान घर के सदस्यों से चर्चा की। अदिति ने बताया कि वह जज बनना चाहती हैं। पिता अखिलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव एडवोकेट हैं और मां साधना श्रीवास्तव गृहणी हैं।


अदिति श्रीवास्तव

**यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हैं नित्या, प्राप्त किए 98.80 फीसदी अंक**

डीपीएस स्कूल की कक्षा बारहवीं की छात्रा नित्या बरडिया ने ह्यूमैनिटीज में 98.80 फीसदी अंक प्राप्त किए है। नित्या बताती हैं कि उन्होने एनसीईआरटी की पुस्तकों से पढ़ाई की। टाइम मैनेजमेंट के साथ सभी सब्जेक्ट को समय दिया। स्कूल के अलावा घर पर भी रोजाना तीन से चार घंटे पढ़ाई पढ़ाई की। नित्या ने कहा कि स्टूडेंटस को शुरूआत से ही सभी विषयों पर काम करना चाहिए, ऐसा नहीं है कि साल के आखिरी में तैयारी की जाए। विद्यार्थियों को खुद पर पूरा भरोसा रखना चाहिए। वह आगे यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हैं। उनके पिता डॉक्टर और मां शिक्षिका हैं।


नित्या बरडिया

**सीबीएसई ने बंद की आधिकारिक टॉपर की सूची जारी करना**

सीबीएसई ने 2026 में कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए आधिकारिक टॉपर्स सूची और मेरिट लिस्ट जारी करने की प्रथा को बंद रखा है। इसका उद्देश्य छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा और मानसिक दबाव को कम करना है। बोर्ड अब मेरिट लिस्ट की जगह 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्रों को ही मान्यता देता है।

**कोई आधिकारिक टॉपर नहीं**

2026 में सीबीएसई 10वीं या 12वीं (विज्ञान, वाणिज्य, कला) के लिए कोई कॉमन या स्ट्रीम-वार टॉपर्स सूची जारी नहीं की गई है। यह निर्णय छात्रों को अंकों की अस्वस्थ दौड़ से बचाने के लिए लिया गया है। बोर्ड केवल उन छात्रों को मेरिट प्रमाण पत्र जारी करेगा, जो प्रत्येक विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करते हैं (0.1 प्रतिशत छात्र)। सीबीएसई बोर्ड की ओर से अब पहली, दूसरी या तीसरी डिवीजन भी नहीं दी जाती है।

**सीबीएसई 12वीं रिजल्ट: सागर पब्लिक स्कूल में 100% परिणाम**

### सुरभि गुप्ता और हिरवा पटेल रहीं टॉपर, बताया सफलता के राज

भोपाल। सीबीएसई द्वारा आज 12वीं बोर्ड के परिणाम घोषित किए जाने के बाद सागर पब्लिक स्कूल में एक बार फिर उत्सव का माहौल है। सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर के सागराइट्स सुरभि गुप्ता ने ह्यूमैनिटीज़ संकाय में 98.2% प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। वहीं कॉमर्स संकाय की छात्रा हिरवा पटेल ने 97.6% अंक अर्जित कर टॉपर रही। वहीं सागर पब्लिक स्कूल गॉंधी नगर की रतिका काहंडेलवाल ने ह्यूमैनिटीज़ संकाय में 97.6% अंक प्राप्त किए। दिव्यांश जायसवाल ने 96.4% अंकों के साथ पीसीबी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और सागर पब्लिक स्कूल रोहित नगर की एस. श्राराधी ने


सुरभि गुप्ता


हिरवा पटेल


पीसीएम में 97.4% अंक प्राप्त कर टॉप किया। सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में सागर पब्लिक स्कूल के 85 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में पूर्ण 100 अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

विद्यालय ने लगातार उत्कृष्ट परिणामों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी 100% परिणाम दर्ज किया, जहां परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थी शानदार सफलता के साथ उत्तीर्ण हुए। प्रिंसिपल और विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय के इन प्रतिभाशाली छात्रों और समाज के भावी स्तंभों को बधाई देते हुए अपनी अपार प्रसन्नता और खुशी व्यक्त की। स्कूल की प्रिंसिपल ने इन प्रतिभाशाली छात्रों और समाज के भावी स्तंभों को बधाई देते हुए अपनी अपार प्रसन्नता और खुशी व्यक्त की। सागर ग्रुप के चेयरमैन सुधीर कुमार अग्रवाल ने सभी सागराइट्स को उनकी सफलता पर बधाई दी है।

---

### गोयल की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक

## अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के लिए क्रेडाई ने दिए सुझाव


वर्चुअल बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यूटिलाइजेशन पर आयोजित वर्चुअल बैठक में क्रेडाई भोपाल ने रियल एस्टेट, कंस्ट्रक्शन और अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के लिए ठोस सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक की अध्यक्षता कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने की, जिसमें देशभर के इंडस्ट्री एसोसिएशंस और चेम्बर्स के प्रतिनिधि शामिल हुए।

क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि वर्तमान में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का लाभ मुख्यतः निर्यातकों तक सीमित है, जबकि इसका प्रभाव कंस्ट्रक्शन, बिल्डिंग मटेरियल्स, ग्रीन बिल्डिंग तकनीक और शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर तक भी पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि निर्माण क्षेत्र के लिए अलग 'एफटीए सेक्टर-मैपिंग' तैयार की जाए, ताकि तकनीक, गुणवत्ता और लागत पर सीधे असर पड़े। मीक ने कहा कि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से एलिवेटर, एचवीएसी सिस्टम, फायर सेफ्टी, स्मार्ट बिल्डिंग सिस्टम, सोलर कंपोनेंट्स, प्री-फैब्रिकेटेड सिस्टम, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, ग्रीन मटेरियल्स, प्लम्बिंग और इलेक्ट्रिकल उत्पादों तक बेहतर पहुँच बन सकती है। इससे परियोजना लागत घटेगी, गुणवत्ता बढ़ेगी और घरेलू विनिर्माण में जॉइंट वेंचर एवं टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के अवसर खुलेंगे। क्रेडाई ने यह भी बताया कि भारत के पास टाइल्स, सेनेटरीवेयर, नैचुरल स्टोन, फैब्रिकेटेड स्टील, दरवाजे-खिड़कियां, मॉड्यूलर फर्नीचर, इंजीनियरिंग सर्विसेज और ग्रीन बिल्डिंग विशेषज्ञता के निर्यात की पर्याप्त क्षमता है।

मनोज मीक ने विशेष रूप से कहा कि भोपाल को सेंट्रल इंडिया पायलट शहर बनाया जा सकता है, जहां एफटीए -एलिजिबल' बिल्डिंग मटेरियल्स, ग्रीन कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी और अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर सप्लाई चेन को बढ़ावा दिया जा सके। भोपाल की केंद्रीय स्थिति, लैंड अवेलेबिलिटी और उभरता औद्योगिक आधार इसे इस दिशा में उपयुक्त विकल्प बनाते हैं। इस पहल से न केवल निर्माण क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा, बल्कि भारत में स्मार्ट और टिकाऊ शहरी विकास को भी बल मिलेगा।

## वैगन से हो रहा था पीओएल गैस का रिसाव, ओएचई लाइन कराई बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खंडवा में मालगाड़ी संचालन के दौरान 12 अप्रैल को हिमांशु अग्रवाल ने लोको संख्या 31224 का चार्ज लेने के पश्चात लोड की जांच करते समय वैगन से रिसाव की आवाज सुनकर तत्परता से जांच की। जांच में पाया गया कि रिसाव ब्रेक पाइप अथवा फीड पाइप से नहीं, बल्कि वैगन के ऊपरी भाग में स्थित डोम कवर से हो रहा था। उक्त रेक के 30 वैगनों में पीओएल गैस लदी हुई थी। अग्रवाल ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। रिसाव बढ़ने की संभावना के मद्देनज़र यात्री गाड़ियों को खंडवा स्टेशन के बाहर रोका गया तथा आवश्यक संरक्षा उपाय किए गए, जिनमें फायर ब्रिगेड की व्यवस्था एवं ओएचई सप्लाई बंद करना शामिल था। बाद में प्रभावित वैगन को रेक से पृथक कर स्थिति को नियंत्रित किया गया।

---

### पात्र घोषित अभ्यर्थियों को ही मिलेगा प्रवेश

## भारतीय नर्सिंग परिषद के नियम अनुसार होंगे अब नर्सिंग में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद मध्य प्रदेश नर्सिंग कौंसिल एवं मध्य प्रदेश शासन ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल के नियमानुसार जीएनएम तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग एवं एमएससी नर्सिंग में पात्र विद्यार्थी को काउंसलिंग के माध्यम से पंजीयन कराकर सत्र 2026-27 में प्रवेश ले सकने की व्यवस्था पर मोहर लगा दी है और गजट नोटिफाई कर दिया है। इसी प्रकार बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए पीएनएसटी परीक्षा से पात्र घोषित अभ्यर्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। डॉ. प्रणित जैन, अध्यक्ष, म प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन का कहना है कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश शासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार एवम इंडियन नर्सिंग काउंसिल के नियमानुसर कुछ आवश्यक सुधार/बदलाव किया है, ताकि पिछले लगभग तीन वर्षों से प्रवेश से वंचित पात्र विद्यार्थियों को उचित अवसर मिल सके और उन्हें प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सरकार एवं संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी पात्र विद्यार्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से निष्पक्ष एवं सुगम तरीके से प्रवेश उपलब्ध कराया जा सके। जैसा कि सबको विदित है कि पिछले कई वर्षों से प्रदेश में नर्सिंग कर्मियों की कमी हो रही है जिसको देखते हुए सरकार ने इस कदम को बढ़ाया है ताकि अधिक से अधिक छात्र नर्सिंग में प्रवेश ले सकें।

### विकसित होंगे नए वन क्षेत्र, पर्यावरण सुधार पर विशेष फोकस

**आदमपुर खंती, एयरपोर्ट रोड, कलियासोत डेम पर लगाए जाएंगे पौधे**

## 55 हजार पौधों के प्लांटेशन पर निगम खर्च करेगा 4 करोड़, तीन साल तक एजेंसी के जिम्मे होगी देखरेख

### चयनित एजेंसी तीन साल तक करेगी देखरेख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर नगर निगम इस बार बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान शुरू करने जा रहा है। निगम शहर के छह अलग-अलग स्थानों पर करीब 55 हजार पौधे लगाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 4 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। खास बात यह है कि केवल पौधे लगाकर औपचारिकता पूरी नहीं की जाएगी, बल्कि चयनित एजेंसी को तीन साल तक इन पौधों की देखरेख और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी दी जाएगी, ताकि पौधरोपण का वास्तविक परिणाम जमीन पर दिखाई दे सके। इस अभियान के तहत सबसे बड़ा प्लांटेशन आदमपुर खंती क्षेत्र में किया जाएगा जहां 20 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा एयरपोर्ट प्लांटेशन साइट पर 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। एयरपोर्ट क्षेत्र में बढ़ती आवाजाही और निर्माण गतिविधियों के बीच हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से यह प्लांटेशन किया जा रहा है।


प्रतीकात्मक फोटो।

**ई-बसों के अनुकूल होगा वातावरण**

बैरागढ़ बस डिपो परिसर में भी 5 हजार पौधे लगाए जाएंगे। यहां हाल ही में ई-बसों के लिए डिपो तैयार किया गया है। हरित वातावरण तैयार करने के साथ यह प्लांटेशन इलेक्ट्रिक वाहनों के अनुकूल इको-फ्रेंडली जोन विकसित करने में मदद करेगा।

**यहां भी विकसित होगा हरित क्षेत्र**

ज्यूडीशियरी अकादमी परिसर में 5 हजार पौधे लगाए जाने की योजना है, जबकि स्टेट डेयरी फार्म क्षेत्र में 10 हजार पौधे रोपे जाएंगे। इसके साथ ही कलियासोत डेम के आसपास भी 5 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा, ताकि जल स्रोत के आसपास हरित क्षेत्र विकसित हो सके और पर्यावरणीय संतुलन बेहतर बनाया जा सके।

**कहां-कितने पौधे लगेंगे**

- आदमपुर खंती- 20 हजार
- एयरपोर्ट प्लांटेशन साइट-10 हजार
- बैरागढ बस डिपो- 5000
- ज्यूडीशियरी अकादमी- 5 हजार
- स्टेट डेयरी फार्म- 10 हजार
- कलियासोत डैम-5 हजार

# खरीफ की 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के लिए आभार माना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति दी है।


डॉ. मोहन यादव

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय से अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने किसानों के हित संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए हैं। मध्यप्रदेश के किसान इन सभी प्रावधानों का लाभ प्राप्त करेंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

## प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित होंगे मध्यप्रदेश व देश के किसानः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 में किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत अनेक गतिविधियों आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक माह किसानों के कल्याण के लिए उन्नत यंत्रों की प्रदर्शनियां, किसान हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही किसानों को नई कृषि तकनीक के प्रशिक्षण का लाभ दिलवाया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा फसलों के न्यूनत समर्थन मूल्य में वृद्धि किए जाने से मध्यप्रदेश और देश के किसान प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित होंगे। उधर केन्द्रीय मंत्रिमंडलीय समिति ने सूरजमुखी बीज के एमएसपी में सबसे अधिक 622 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि के साथ



कपास में 557 रुपए प्रति क्विंटल, नाइजर सीड में 515 रुपए प्रति क्विंटल और तिल में 500 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। उत्पादन लागत पर किसानों को अनाजों में सर्वाधिक मूंग में सबसे अधिक 61 प्रतिशत लाभ रहने का अनुमान है। इसके बाद बाजरा और मक्का में 56 प्रतिशत और अरहर में 54 प्रतिशत लाभ का अनुमान है। जहां उड़द में यह प्रतिशत 51 है, वहीं रागी, हाइब्रिड ज्वार और धान में लागत पर 50 प्रतिशत लाभ किसानों को मिलेगा। तिलहन फसलों में मूंगफली, सूरज मुखी के बीज, तिली सोयाबीन, तिल,नायजर सीड और मध्यम रेशे के कपास में किसानों को लागत पर मार्जिन 50-50 प्रतिशत का अनुमान है।

## कोयला-लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को केंद्र की मंजूरी, डॉ. यादव ने पीएम मोदी का जताया आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार द्वारा 37 हजार 500 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय से कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ रोजगार सृजन और औद्योगिक निवेश को नई गति देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पृथ्वी की सतह के निकट पाए जाने वाले कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी है। इस योजना के तहत देशभर में 25 परियोजनाएं विकसित की जाएंगी, जिनसे लगभग 50 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना से ऊर्जा क्षमता में वृद्धि होगी तथा कोयला गैसीकरण परियोजनाओं में दीर्घकालिक निवेश की संभावनाएं मजबूत होंगी। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी), यूरिया, अमोनिया और मेथनॉल जैसे उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोयले के गैसीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करना है। सरकार ने गैर-विनियमित क्षेत्र लिंकेज नीलामी ढांचे में बड़ा सुधार करते हुए कोयले को सिंथेटिक गैस में परिवर्तित करने वाली परियोजनाओं के लिए कोयला लिंकेज की अवधि 30 वर्ष तक बढ़ा दी है।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर किया सम्मान

**भोपाल।** राजधानी स्थित रानी दुलैया स्मृति आयुर्वेद पीजी महाविद्यालय एवं चिकित्सालय एवं नीमा (छात्र संघ) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बीएएमएस अंतिम वर्ष बैच 2020_21 सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह रानी दुलैया आयुर्वेद सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवानदास सबनानी, विधायक, डॉ. उमेश शुक्ला, प्राचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय तथा संस्था के संस्थापक एवं समाजसेवी हेमंत सिंह चौहान, प्राचार्य डॉ. रवि प्रकाश सिंह तथा डॉ. हरेन्द्र भदौरिया, (अध्यक्ष नीमा छात्र संघ) द्वारा किया गया। इस अवसर पर नेहा डे, लितु गिरासे, आशी दुबे, सेजल बोपेचे, अनुष्का कुमारी, तनु बोडखे, तनुश्री भोंडे, उन्नति पाटीदार, यशस्वी महाजन, साक्षी निमाड़े, जयश्री, हर्षदीप माली, नक्षत्रा तांवट, भाव्या गुप्ता, नन्दनी कटारे, अवन्तिका मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, प्रिया दुहारे, प्रगति शमाज़, सोनाली सचान, भारती पाटीदार, संजीवनी पोंडलकर, रिया कछावा, प्रीत जैन, दशज़्ना जैन, नीरज गौतम एवं दीपेन्द्र सिंह का सम्मान किया गया। संस्थापक हेमंत सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### मंत्री करण सिंह ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री करण सिंह वर्मा ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

### सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें विविः परमार

**भोपाल।** विद्यार्थियों का सर्वांगीण हित, हमारी प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को सरलता और सुलभता से सुविधाएं उपलब्ध हो, इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। सभी विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की अंकसूची, उपाधि एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों की डिजिलॉकर में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही हर विद्यार्थी का स्वयं पोर्टल पर पंजीयन कराते हुए उन्हें उपलब्ध पाठ्यक्रमों में रुचि एवं आवश्यकता अनुसार चयन के लिए प्रेरित कर, शैक्षणिक उन्नयन से जोड़ा जाए। विश्वविद्यालयों के कार्यों का प्रभाव, सामाजिक परिवर्तन की अभिप्रेरणा बने। विवि, सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल स्थित निजी विवि विनियामक आयोग के सभागार में (एनएडी-डिजिलॉकर) एवं स्वयं पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन विषयक कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही।

## पीएम मोदी की अपील के बाद ईंधन बचत को लेकर वित्त विभाग करेगा सख्ती

# किराए की महंगी गाड़ियों में आना-जाना कर रहे अधिकारी, हर माह 25 करोड़ खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों के समझदारी से उपयोग की अपील के बाद मध्यप्रदेश सरकार का वित्त विभाग अब ईंधन बचत को लेकर सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। प्रदेशभर में अधिकारियों द्वारा किराए पर लग्जरी वाहन लेने और एक से अधिक गाड़ियों के उपयोग को लेकर वित्त विभाग ने समीक्षा शुरू कर दी है।

जल्द ही पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के लिए नए निर्देश जारी किए जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार प्रदेश में 600 से अधिक लग्जरी वाहन विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किराए पर ले रखे हैं। इन वाहनों पर हर महीने करीब 25 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं, जिससे सरकारी खजाने पर बड़ा वित्तीय बोझ पड़ रहा है।वित्त विभाग ने पहले ही स्पष्ट कर रखा है कि 18 लाख रुपए से अधिक कीमत वाली गाड़ियां अपर मुख्य सचिव और मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी भी किराए पर नहीं ले सकेंगे। इसके बावजूद कई ऐसे अधिकारी, जो इस श्रेणी में नहीं आते, वे 35 लाख रुपए तक कीमत वाली लग्जरी गाड़ियों का उपयोग कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप संचालक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त आयुक्त, आरटीओ और तहसीलदार स्तर के अधिकारी भी महंगी एसयूवी और लग्जरी वाहन किराए पर लेकर चल रहे हैं। वित्त विभाग द्वारा बार-बार निर्देश जारी किए जाने के बावजूद नियमों का पालन नहीं हो रहा।

### प्रदेश में 600 से अधिक लग्जरी वाहन विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किराए पर ले रखे



एआई जनरेटेड फोटो।

### कई जिलों में 35 लाख रुपए कीमत तक के वाहन किराए पर लिए

बताया गया है कि कई जिलों में 35 लाख रुपए कीमत तक की इनोवा क्रिस्टा जैसी गाड़ियां किराए पर ली गई हैं, जिनका मासिक किराया 50 हजार रुपए से अधिक है। इसी तरह मंत्रालय में पदस्थ कई सचिव और प्रमुख सचिव, जिनके पास एक से अधिक विभागों और निगम-मंडलों का प्रभार है, वे भी दो से तीन वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। नियमों के अनुसार कलेक्टर को एक सरकारी वाहन की पात्रता होती है, लेकिन कई जिलों में कलेक्टर मनरेगा जिला प्रमुख होने के आधार पर अलग से लग्जरी वाहन उपयोग कर रहे हैं। प्रदेश में वर्तमान में 7,147 रिटेल पेट्रोल आउटलेट संचालित हैं। इनके माध्यम से प्रतिदिन करीब 8 हजार किलोलीटर पेट्रोल, 16 हजार किलोलीटर डीजल की आपूर्ति हो रही है।

### सरकार का ई-व्हीकल और कार पूलिंग पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पश्चिम एशिया संकट के बीच लोगों से पेट्रोल-डीजल का संयमित उपयोग करने की अपील की थी। उन्होंने वर्चुअल मीटिंग, कार पूलिंग और ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही थी। इसी के बाद राज्य सरकार ने भी ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ाने और अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

### जल्द निर्देश जारी किए जाएंगेः रस्तोगी

मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव (वित्त) मनीष रस्तोगी ने कहा कि तकनीकी रूप से किसी अधिकारी को दो सरकारी वाहन आवंटित नहीं किए जा सकते। हालांकि किराए के वाहनों के लिए भी स्पष्ट मापदंड और नियम तय हैं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की बचत और ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

## मंदिरों की संपत्ति पर टिप्पणी करने वालों से श्रीवास्तव ने कहा-

# देश के मंदिरों का सोना गिनने वाले अपनी हैसियत में रहें, बर्रे के छत्ते में हाथ नहीं डालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक साल तक सोने की खरीदारी नहीं करने की अपील के बाद देशभर में मंदिरों के स्वर्ण भंडार को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है। कई लोग बड़े मंदिरों में मौजूद सोने का हवाला देते हुए सरकार से उसे अधिग्रहित करने की मांग कर रहे हैं। इसी मुद्दे पर मध्यप्रदेश के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और वर्तमान राज्य निर्वाचन आयोग अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव ने फेसबुक पोस्ट के जरिए उन लोगों पर निशाना साधा, जो मंदिरों की संपत्ति को लेकर लगातार टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने लिखा कि सिर्फ एक वर्ष सोना न खरीदने को कहा गया तो लोग मंदिरों के सोने की सूची सोशल मीडिया पर घुमाने लगे और सरकार से उसे अधिग्रहित करने की बात करने लगे।


मनोज श्रीवास्तव

### मंदिरों के स्वर्ण भंडार की जानकारी आम लोगों तक उपलब्ध

श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ लोग केवल हिंदू मंदिरों का उल्लेख करते हैं, जबकि अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों की संपत्तियों को लेकर चर्चा नहीं करते। अपनी पोस्ट में उन्होंने अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी संपत्तियों पर सार्वजनिक चर्चा नहीं होती। मनोज श्रीवास्तव ने लिखा कि हिंदू धर्म की खुली व्यवस्था के कारण मंदिरों के स्वर्ण भंडार की जानकारी आम लोगों तक उपलब्ध रहती है, जबकि अन्य धर्मों की संपत्तियों को लेकर जानकारी नहीं बताई जाती है। उन्होंने चर्च और वक्फ संपत्तियों का भी जिक्र करते हुए कहा कि इनकी पारदर्शिता पर भी चर्चा होनी चाहिए। पोस्ट के अंत में उन्होंने कड़ी टिप्पणी करते हुए लिखा कि ऐसे सज्जनों से मेरा कहना है अपनी हैसियत में रहें। बर्र के छत्ते में हाथ न डालें।

## रीवा और उज्जैन संभाग पर रहेगा विशेष फोकस

# संगठन की मजबूती परखने जून में मप्र आ सकते हैं राहुल गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


राहुल गांधी।

मध्य प्रदेश कांग्रेस संगठन की जमीनी हकीकत और आगामी चुनावों की तैयारियों का आकलन करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी जून में प्रदेश दौरे पर आ सकते हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह संभावित दौरा मुख्य रूप से रीवा और उज्जैन संभाग केंद्रित रहेगा, जहां वे बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता की समीक्षा करेंगे।

### राहुल गांधी की कार्यकर्ताओं से सीधे सवाल-जवाब की तैयारी

पार्टी सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी कार्यकर्ताओं से उनके क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति, स्थानीय मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर सीधे सवाल कर सकते हैं। इसके लिए प्रदेश संगठन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। कार्यकर्ताओं को यह बताया जा रहा है कि वे अपने क्षेत्र की स्थिति, जिम्मेदारियों और चुनौतियों की स्पष्ट जानकारी रखें।

# खंडेलवाल ने मुलताई नपाध्यक्ष को दिलाई भाजपा की सदस्यता


परमार को भाजपा की सदस्यता दिलाते खंडेलवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को बैतूल में बैतूल जिले की मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार एवं उनके पति प्रह्लाद सिंह परमार को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास व जनकल्याण के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन एक परिवार है। हम सभी कार्यकर्ता परिवार भाव से मिलकर संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे और सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाएंगे।

# जीएसपी से ट्राइडेंट में 12 लाख के पैकेज पर प्लेसमेंट होना गर्व की बात

## 'कौशलम संवाद' में प्रशिक्षणार्थियों की उपलब्धियों, नवाचारों ने किया प्रभावित

# कौशल विकास गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग से युवाओं को मिलेगा बेहतर प्रशिक्षणः मंत्री टेटवाल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रदेश में कौशल विकास गतिविधियों को अधिक प्रभावी, परिणाममुखी और उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के साथ बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराना राज्य शासन की प्राथमिकता है।

विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कौशल विकास गतिविधियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। टेटवाल बुधवार को भोपाल स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक एवं 'कौशलम संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों को टेटवाल से साझा किया। एसएसआर ग्लोबल स्किल्स पार्क की प्रशिक्षणार्थी सुश्री वर्चश्वनी पाठक का चयन ट्राईडेंट ग्रुप, बुधनी में 12 लाख रूप, वार्षिक पैकेज पर हुआ है। टेटवाल ने कहा कि यह प्लेसमेंट जीएसपी के लिए गर्व की बात है।



### साझा हुए सफलता और नवाचार के अनुभव

'कौशलम संवाद' कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, पूरे प्रदेश की आईटीआई एवं ग्लोबल स्किल्स पार्क के प्रशिक्षण अधिकारियों, प्रशिक्षणार्थियों और पूर्व प्रशिक्षणार्थियों ने वर्चुअली सहभागिता कर मंत्री टेटवाल से अपने अनुभव और सफलता साझा की। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षण अधिकारियों ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सफल प्लेसमेंट, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों तथा नवाचार आधारित पहलों की जानकारी साझा की। संवाद में उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण, 100 प्रतिशत प्लेसमेंट प्राप्त ट्रेड्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण, अंतर्राष्ट्रीय रोजगार अवसर तथा नवाचार आधारित परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया।

### निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। मंत्री टेटवाल ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभाग स्तर पर मॉनिटरिंग टीम गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैं निर्माण कार्यों की प्रति माह नियमित समीक्षा करूंगा। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी के लिए प्रभावी एसओपी तैयार करने तथा राज्य स्तरीय टीम द्वारा प्रत्येक माह भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## मामले में भाजपा की कार्यशैली और सत्ता का दुरुपयोग जिम्मेदार

## शिक्षा व्यवस्था की विश्वनीयता कमजोर हुई

# नीट पेपर लीक मामले में पटवारी ने कहा देश के भविष्य से खिलवाड़ कर रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में नीट परीक्षा में कथित धांधली, पेपर लीक मामलों और केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने आरोप लगाया कि देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के पीछे भाजपा की कार्यशैली और सत्ता का दुरुपयोग जिम्मेदार है। वहीं, केन-बेतवा परियोजना में विस्थापित आदिवासियों के साथ अन्याय किए जाने का भी आरोप लगाया।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते पटवारी, साथ है नायक व पदाधिकारी।

### 2017 से 2021 के बीच कई पेपर लीक मामले सामने आए

पटवारी ने कहा कि नीट परीक्षा में गड़बड़ी कोई नई बात नहीं है। वर्ष 2017 से 2021 के बीच भी कई बार पेपर लीक और धांधली के मामले सामने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर में जो भी धांधली होती है, वह भाजपा से जुड़े लोगों के संरक्षण में होती है। भाजपा अपने लोगों के स्वार्थ के लिए इस तरह की गड़बड़ियां करवाती है।"

### भाजपा की आदत बन चुकी

जीतू ने कहा कि मैन्युपुलेशन करना भाजपा की आदत बन चुकी है। देश के युवाओं और विद्यार्थियों के भविष्य को बेचने का काम किया जा रहा है। पटवारी ने दावा किया कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहीं सबसे ज्यादा पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने गुजरात में 14 बार, हरियाणा में 5 से 7 बार और उत्तराखंड में 5 बार पेपर लीक होने का जिक्र किया। साथ ही मध्य प्रदेश के व्यापमं घोटाले को याद करते हुए कहा कि भाजपा शासन में शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता लगातार कमजोर हुई है।

## नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत ने की कार्रवाई

# पेयजल योजनाओं व सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में लापरवाही करने पर तीन सीएमओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पेयजल योजनाओं, स्वच्छ जल अभियान, अमृत 2.0 योजना और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही सामने आने पर तीन मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। कार्रवाई आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे द्वारा की गई।

विभागीय समीक्षा में नगर परिषद विजयपुर के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा द्वारा स्वच्छ जल अभियान के क्रियान्वयन में अपेक्षित रुचि नहीं लेने तथा सीएम हेल्पलाइन 181 में दर्ज दूषित पेयजल संबंधी शिकायतों का समयसीमा में निराकरण नहीं करने की बात सामने आई। शिकायतें एल-4 स्तर तक पहुंचने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना माना गया। इसी प्रकार नगर परिषद भांडेर, जिला दतिया में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत संविदाकार को निर्धारित समयावधि में स्वीकृति पत्र (एलओए) जारी नहीं किया गया। इसके चलते योजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब हुआ। मामले में सीएमओ हनुमंत भदौरिया को जिम्मेदार मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई।

वहीं नगर परिषद बड़ौनी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत राठौर पर हितग्राही मूलक योजनाओं और स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं करने तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने के आरोप लगे। इसके अलावा 13 मई 2026 को आयोजित विभागीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बिना पूर्व सूचना और सक्षम अनुमति के अनुपस्थित रहने पर भी उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

## पेज एक का शेष.....

### पीएम मोदी ने ...

12-15 गाड़ियां होती थीं। इनमें बख्तरबंद मर्सिडीज-मेबैक एस 650 गाड्र्स, रेंज रोवर्स, टोयोटा फॉर्च्यूनर्स, एस्कॉर्ट गाड़ियां, जैमर यूनिट, डिकॉय कारें और एक एंबुलेंस शामिल होती है। पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा गृहमंत्री अमित शाह ने भी अपने काफिले की गाड़ियों को कम कर दिया है। उनके काफिले में सुबह सिर्फ चार गाड़ियां दिखी थीं।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ...

राज्यों के सीएम ने भी अपने काफिले में कटौती का ऐलान किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी अपने काफिले की गाड़ियों की संख्या में कमी की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पीएम ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम कर पुनः सिद्ध किया है कि वे सही मायने में देश के प्रधानसेवक हैं। जब नेतृत्व स्वयं मिसाल पेश करता है, तो वह जन-आंदोलन बन जाता है।

### सीएम डॉ. यादव...

किया और सुबह तक सड़क पर उसका अमल दिखाई भी दे गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काफिले में अब 13 से घटाकर 7 गाड़ियां हैं। जब उन्होंने भोपाल से नरसिंहपुर की यात्रा की तो उनका काफिला आधा हो चुका था। हालांकि, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है। मुख्यमंत्री ने पहले अपने काफिले में कटौती की फिर जनता से अपील की वे भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। मुख्यमंत्री ने रात में निर्णय लिया कि आगामी आदेश तक उनके कारकेड में सुरक्षा के लिहाज से जो वाहन चलते हैं, उनकी संख्या न्यूनतम की जाएगी। इसके अलावा जब वे यात्रा करेंगे, तब भी कोई वाहन रैली नहीं की जाएगी। सुबह जब सीएम भोपाल की सड़कों से नरसिंहपुर के लिए गुजरे, तो इस निर्णय का अमल दिखाई दिया।

### डिप्टी सीएम शुक्ल...

महानिदेशक को लेटर लिखकर यह सुविधा वापस लेने की बात कही है। खेल और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने भी सुरक्षा में चलने वाले पायलट और फॉलो वाहन को हटा दिया है। मंत्री सारंग एक कार से स्टाफ के साथ मंत्रालय के लिए गए।

### खुशियों की 36वीं ...

कहा कि अब महिलाएं केवल पारंपरिक कार्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एआई, कंप्यूटर और तकनीकी क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत की अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम की है और मंत्रियों से भी ऐसा करने को कहा गया है। उन्होंने लोगों से डीजल, पेट्रोल और संसाधनों के संयमित उपयोग की अपील की।

### नर्मदा सहित 7 ...

100 बेड के अस्पताल का लोकार्पण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। पानी की बूंद-बूंद बचाने के लिए सभी संकल्प लें। गोटेगांव क्षेत्र के एक मालगुजार परिवार ने विशाल सरोवर निर्माण के लिए अपनी 21 एकड़ भूमि दान की है। यह प्रशंसनीय कदम है। ऐसे दानवीर को भोपाल के सार्वजनिक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। डॉ. यादव ने किसानों के हितों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों का 'दाना-दाना' खरीदेगी और उड़द पर 600 रुपए बोनस भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश में सबसे ज्यादा गेहूं खरीदने वाले राज्यों में शामिल है।

### गोल्ड की इंपोर्ट ....

की है, जिसके बाद अब सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा इजाफा देखने को मिलेगा। बुधवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर गोल्ड रेट में अचानक 11,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से ज्यादा का उछाल आया, तो वहीं दूसरी ओर चांदी की कीमत भी खुलने के साथ ही रॉकेट की रफ्तार से भागते हुए 3 लाख रुपए के पार निकल गई। पहले सोना-चांदी के आयात पर 6 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी लगाती थी, जिसमें बढ़ोतरी करके 15 फीसदी कर दिया गया है। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक अहम बयान दिया कि अगर यह वैश्विक व्यवधान लंबे समय तक खिंचता है, तो आम उपभोक्ताओं को ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों का सामना करना पड़ सकता है।

### एयर इंडिया घटाएगी ....

उड़ानें संचालित करना जारी रखेगी। इनमें उत्तरी अमेरिका के लिए प्रति सप्ताह 33 उड़ानें, यूरोप के लिए प्रति सप्ताह 47 उड़ानें, यूके के लिए प्रति सप्ताह 57 उड़ानें, ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रति सप्ताह आठ उड़ानें, सुदूर पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया और सार्क क्षेत्रों के लिए प्रति सप्ताह 158 उड़ानें और मॉरीशस (अफ्रीका) के लिए प्रति सप्ताह सात उड़ानें शामिल हैं। एयर इंडिया दिल्ली -शिकागो, मुंबई -न्यूयॉर्क, दिल्ली-शंघाई और चेन्नई -सिंगापुर सहित दो अन्य मार्गों पर अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित करने की योजना बना रही है।

### 5 आरोपी गिरफ्तार ...

शामिल शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग से मिली लिखित शिकायत के आधार पर दर्ज किया था। शिकायत में नीट परीक्षा के संचालन के दौरान पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे। सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात सहित भारतीय परिधानों न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में तीन आरोपी राजस्थान के जयपुर से, एक हरियाणा के गुरुग्राम से और एक महाराष्ट्र के नासिक से पकड़ा गया है। इसके अलावा कई अन्य संदिग्धों से पूछताछ जारी है। सीबीआई ने मामले से जुड़े कई राज्यों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई की। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। एजेंसी इन उपकरणों की तकनीकी और फॉरेंसिक जांच कर रही है ताकि पेपर लीक नेटवर्क और उससे जुड़े लोगों की पूरी जानकारी सामने लाई जा सके। जांच में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप राजस्थान की ओर से की गई प्रारंभिक जांच के तथ्यों को भी शामिल किया जा रहा है। सीबीआई ने कहा है कि मामले के हर पहलू की निष्पक्ष, पेशेवर और व्यापक जांच की जा रही है तथा सामने आने वाले सभी सुरागों पर कार्रवाई जारी है। नीट देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। ऐसे में लगातार पेपर लीक के आरोप सामने आने के बाद लाखों छात्रों और अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है। अब सीबीआई की कार्रवाई के बाद इस पूरे नेटवर्क के बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

**सीबीआई की गिरफ्त में ये हैं 5 आरोपी:** 1. शुभम खैरनार, नासिक, 2. मांगीलाल बिवाल, जयपुर, 3. विकास बिवाल, जयपुर, 4. दिनेश बिवाल, जयपुर, 5. यश यादव, गुरुग्राम

### रस्सी से छत ....

लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस के अनुसार ट्विशा शर्मा पति सामर्थ्य शर्मा (34) मूलतः नोएडा की रहने वाली थी। उसकी शादी छह महीने पहले एडवोकेट सामर्थ्य शर्मा से हुई थी। सामर्थ्य जिला न्यायालय में वकालत करते हैं, जबकि उनकी मां जिला जज थी और रिटायर्ड हो चुकी हैं। मंगलवार रात करीब 10 बजे शामर्थ ने ट्विशा को छत पर कसरत करने के लिए लगाए गए पाइप पर प्लास्टिक की एक इंच वाली रस्सी से लटका देखा था। शामर्थ उसे फंदे से उतारकर एम्स ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर ट्विशा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मर्ग कायम जांच कर रही है।

### युवती को मारी ...

युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किए। बहन की चीख सुनकर जब भाई आकाश उसे बचाने पहुंचा, तो आरोपी ने उस पर भी गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन गनीमत रही कि फायर नहीं हुआ। लहूलुहान हालत में आरती को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में सतना के पास आरती ने दम तोड़ दिया। इस नृशंस हत्या से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी विनोद और उसके पिता को पकड़कर बिजली के खंभे से बांध दिया और उनकी जमकर पिटाई की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में लिया। कोतवाली टीआई रोहित मिश्रा के अनुसार, पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

### पांच जिलों में ....

शाम तक करीब 12 जिलों में आंधी-बौछारें पड़ीं। इससे कुछ राहत रही। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भी 11 जिलों में लू और तीन में लू के साथ गर्म रात का अलर्ट है। भोपाल में शुक्रवार को लू चल सकती है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश से दो ट्रफ गुजरने और एक सकुर्लेशन से एक ओर गर्म हवाएं आने से गर्मी बढ़ रही है, तो दूसरी ओर बारिश- आंधी का दौर भी चल रहा है। गुरुवार को रतलाम, राजगढ़, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, देवास, शाजापुर, आगर में लू चलेगी। धार, इंदौर, उज्जैन में लू के साथ गर्म रात का अलर्ट है। बुधवार को शाम तक सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट में कुछ जगह बारिश के साथ कुछ देर ओले गिरे। पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बैतूल, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनुपपुर, सीधी, शहडोल, नरसिंहपुर, जबलपुर में हल्की आंधी चली। देवास, रायसेन, सतना, पन्ना, सागर, दमोह में भी आंधी के साथ बौछारें पड़ीं। देर शाम को मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, सागर, बैतूल, पांढुर्णा,डिंडोरी, छिंदवाड़ा और सिवनी में हल्की आंधी के साथ कुछ जगह बौछारें पड़ीं।

### दोस्त का दावाः चोट...

में प्रतीक यादव के फेफड़ों की बीमारी से जूझने की बात भी सामने आई। प्रतीक यादव बीमारी का इलाज भी करा रहे थे। इस मामले में प्रतीक के दोस्त अंकित साहू का बड़ा बयान सामने आया है। इसमें उन्होंने प्रतीक की बॉडी पर चोट के निशान और उसके नीला पड़ने का दावा किया है। अंकित साहू ने दावा किया है कि प्रतीक के बॉडी पर चोट के निशान थे। अंकित के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ऐसा लग रहा था कि उनकी बॉडी नीली पड़ गई थी। अंकित साहू के बयान ने हलचल तेज कर दी है। अंकित का कहना है कि अगर प्रतीक यादव के फेफड़ों में दिक्कत होती तो वे वजन नहीं उठा पाते। उन्होंने दावा किया कि प्रतीक जिम में 80 किलो एक 100 किलोग्राम तक वजन उठाते थे। उन्होंने प्रतीक की मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### दिल और फेफड़ों ....

रिपोर्ट के बाद और चीजें स्पष्ट होंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, फेफड़ों की नसों में खून का थक्का जमने की वजह से दिल और सांस लेने की प्रक्रिया अचानक बंद हो गई, जिससे मौत हुई। डॉक्टरों ने आगे की जांच के लिए दिल और फेफड़ों से जुड़े कुछ नमूनों को सुरक्षित रखा है। इसके अलावा, शरीर के कुछ अंगों (विसरा) को भी रासायनिक जांच के लिए संरक्षित कर पुलिस को सौंप दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शरीर पर मिली सभी चोटें मौत से पहले की थीं।

### मप्र के 1.5 लाख ...

प्रकार की अतिरिक्त छूट की कोई गुंजाइश शेष नहीं है। यह पूरा मामला वर्ष 1998 से 2009 के बीच नियुक्त हुए उन शिक्षकों से जुड़ा है, जिन्होंने अनुभव के आधार पर पात्रता परीक्षा से छूट की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सुनवाई के दौरान याद दिलाया कि 2017 में जब ये नियम लागू हुए थे, तब शिक्षकों को पांच साल की पर्याप्त रियायत दी गई थी, जिसकी समय सीमा अब समाप्त हो चुकी है। गौरतलब है कि इससे पहले 1 सितंबर 2025 को भी कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया था कि मेरिट के आधार पर भर्ती हुए पुराने शिक्षकों के लिए भी टीईटी अनिवार्य है। मध्य प्रदेश सरकार और विभिन्न शिक्षक संगठनों ने इस फैसले पर पुनर्विचार याचिकाएं दायर कर वरिष्ठ शिक्षकों के अनुभव का हवाला दिया था, लेकिन कोर्ट ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वोपरि मानते हुए रियायत देने से इनकार कर दिया।

### परीक्षा में फेल हुए ...

हैं, तो उनकी सेवा समाप्ति तक की नौबत आ सकती है। हालांकि, इस संवेदनशील विषय पर कोर्ट का अंतिम विस्तृत फैसला आना अभी बाकी है।

### शिखर पर बेटियां...

उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया है। एक या अधिक विषयों में फेल छात्रों को कंपार्टमेंट परीक्षा का मौका मिलेगा। वहीं, अंकों से असंतुष्ट छात्र वेरिफिकेशन, री-इवैल्यूएशन और उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### 79.43 प्रतिशत ....

का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से कमजोर रहा। भोपाल रीजन में 79.43 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। यानी, भोपाल रीजन राष्ट्रीय औसत से 5.77 प्रतिशत पीछे रहा। यहां लड़कों का पास प्रतिशत 76.87 प्रतिशत दर्ज किया गया, जबकि लड़कियों का परिणाम 82.19 प्रतिशत रहा है। भोपाल रीजन में सीबीएसई से संबद्ध करीब 1291 स्कूल हैं।

---

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**
**आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा**
1 पी.एन.बी. भवन, प्रथम तल, अरेरा हिल्स, भोपाल

परिशिष्ट –IV-A
(नियम 8 (6) के प्रावधान देखें)
**श्री हर्ष चौहान पुत्र राकेश सिंह चौहान**
पता– मकान नंबर 391, वार्ड नं. 23, शीतल मेगा सिटी, ग्राम पिपलिया गज्जू मण्डीदीप, तहसील गोहरगंज जिला रायसेन (मप्र)–462046

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना**

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है और जिसका सांकेतिक कब्जा सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को श्री हर्ष चौहान पुत्र श्री राकेश सिंह चौहान से सुरक्षित लेनदार को देय रू. 25,39,684.46 + ब्याज और अन्य शुल्क (दिनांक 05/02/2026 के मांग नोटिस के अनुसार) की वसूली हेतु 23/06/2026 को "जैसा है, जहां है" के आधार पर बेचा जाऐगा। आरक्षित मूल्य रू. 31,35,000 .00 होगा और बयाना राशि रू. 3,13,500 होगी।

**(अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई ज्ञात भार हो तो उसका विवरण सहित)**
बंधक संपत्ति का समस्त भाग आवासीय मकान, प्लाट नं. 391, सर्वे नं. 455 का भाग, नए वार्ड 23, पुराने वार्ड नं. 17 ,शीतल मेगा सिटी, ग्राम पिपलिया गज्जू, मंडीदीप, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र. ) में स्थित , क्षेत्रफल 945 वर्ग फुट या 87.80 वर्ग मीटर, भूतल का निर्माण 856 वर्ग फुट या 79.55 वर्ग मीटर और प्रथम मंजिल का निर्माण 577 वर्ग फुट या 53.62 वर्ग मीटर है। सीमाऐं : उत्तर–शीतल मेगा सिटी कॉलोनी रोड, दक्षिण–अन्य भूमि, पूर्व–प्लाट नं. 390, पश्चिम–प्लाटनं.392, संपत्ति मालिक – श्री हर्ष चौहान पुत्र राकेश सिंह चौहान
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया PNB/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट, यानी https://www.pnbindia.in और BAANKNET, PSB, Alliance की वेबसाइट, यानी https://baanknet.com पर दिए गए लिंक को देखें।
दिनांक 13/05/2026, स्थान–भोपाल — अधिकृत अधिकारी

---

**जाहिर सूचना**
(एक किता दो मंजिला भवन शेरपुरमुनजूफता प.ह.न. 61 नया 3 विदिशा के वार्ड क्रमांक 28 मोहल्ला बी.टी.आई. गली न 02 अंदर सीमा नगर पालिका विदिशा तहसील व जिला विदिशा)

मैं अपने पक्षकार एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ब्रांच ऑफिस एमपी नगर जोन 2 भोपाल भोपाल के शाखा प्रबंधक द्वारा अधिकृत व निर्देशित करने से सर्व सावधारण को सूचित करता हूँ। की श्रीमती रंजना पांडे पत्नी श्री अरविन्द पांडे निवासी ग्राम बेहलोट तहसील गंजबसोद जिला विदिशा मध्यप्रदेश के द्वारा अपने स्वमित्व व आधिपत्य का आवासीय मकान, दो मंजिला आर.सी.सी. निर्मित स्थित शेरपुरमुनजूफला प. ह. न. 61 नया 3 विदिशा के वार्ड क्रमांक 28 मोहल्ला बी टी आई गली न 02 अंदर सीमा नगर पालिका विदिशा तहसील व जिला विदिशा म. प्र. में स्थित जिसके भूखंड की कुल एरिया 3751 वर्गफिट यानि 348.60 वर्ग मीटर स्थित एवं जिस की चतुर सीमाएं पूर्व में भूखंड क्रमांक मकान अशोक चावला जी का पश्चिम में मकान रघुनन्दन जी का उत्तर में भूखंड क्रमांक फेसिग क्लब की (बॉउन्ड्री वॉल) व दक्षिण में भूखंड क्रमांक रास्ता को मेरे पक्षकार के कार्यालय में सम्यक बंधक रख ऋण प्राप्त करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, किन्तु उक्त भूखंड की पूर्व की मूल विक्रय पत्र दिनांक 28.02.2019 जो संदीप चावला पुत्र श्री अशोक चावला के द्वारा श्री तेजिंदर सिंह पुत्र श्री गुरुचरण सिंह द्वारा के पक्ष में निष्पादित की गई थी संसोधन पत्र दिनांक 21/09/2020 जिसका इंदराज उप पंजीयक कार्यालय विदिशा में पंजीयन क्रमांक न. MP452732020A1585856 अंकित है कही गुम हो जाने का कहा गया है जिसकी सूचना सम्बंधित पुलिस थाने में की गई है। अतः उपरोक्त दो मंजिला आर. सी. सी. निर्मित स्थित शेरपुरमुनजूफता प.ह.न. 61 नया 3 विदिशा के वार्ड क्रमांक 28 मोहल्ला बी.टी. आई गली न 02 अंदर सीमा नगर पालिका विदिशा तहसील व जिला विदिशा म. प्र. को सम्यक बंधक कर मेरे पक्षकार के द्दवारा श्रीमती रंजना पांडे पत्नी श्री अरविन्द पांडे को ऋण प्रदान करने में किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, सोसाइटी, या कोई हित रखने वाले कोई व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में मय दस्तावेजों के मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करे।

भवदीय **संदीप गागुंली** अधिवक्ता
**तुषार गागुंली** अधिवक्ता
गागुंली लॉ चेम्बर, 86-ए, कमला नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल, मो. 9826089328

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 953/ए मण्डल द्वारा श्रीमती नसीम बेबी पत्नी श्री इकबाल खान के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13/01/2022 को पंजीकृत है। श्रीमती नसीम बेबी द्वारा उक्त सम्पत्ति का मुख्तारआम श्री अरबाज फैज आत्मज श्री फैज मोहम्मद को नियुक्त कर दिनांके 07/05/2025 को पंजीकृत किया गया है। उक्त मुख्तारग्रहिता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती बिस्मिल्लाह बी पत्नी श्री मोहम्मद कदीर रजा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15/10/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती बिस्मिल्लाह बी पत्नी श्री मोहम्मद कदीर रजा के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, निशातपुरा, नारियलखेड़ा, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक जनता- 130 मण्डल द्वारा श्रीमती मालती शर्मा पत्नी श्री रमेशचन्द्र शर्मा के नाम पर हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 28/04/2010 को पंजीकृत है। श्रीमती मालती शर्मा पत्नी श्री रमेशचन्द्र शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री दीपक सोनी आत्मज श्री नाथुराम सोनी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/04/2017 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री दीपक सोनी आत्मज श्री नाथुराम सोनी के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल

---

**आम सूचना**
(मूल विक्रय पत्र दिनांक-18/06/2020 भूखण्ड क्रमांक-65 सागर ग्रीन हिल्स दामखेड़ा भोपाल के गुम होने संबंधी)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्री विश्वेश प्रताप सिंह आ० श्री अवधेश प्रताप सिंह निवासी मकान क्रमांक-65 सागर ग्रीन हिल्स दामखेड़ा भोपाल ने मेरे पक्षकार यूको बैंक शाखा हबीबगंज भोपाल में उनके स्वत्व आधिपत्य के भूखण्ड/मकान नंबर 65 सागर ग्रीन हिल्स दामखेड़ा भोपाल को ऋण की प्रतिभूति के प्रयोजन से साम्यिक बंधक कर उक्त भूखण्ड/मकान का मूल विक्रय पत्र दिनांक-20/10/2023 पंजीयन क्रमांक MP059702023A12489602 एवं पूर्व मूल विक्रय पत्र दिनांक-18/06/2020 प्रमाण MP059702020A1297737 में मेरे पक्षकारर बैंक में निक्षेप किये है मेरे पक्षकार बैंक की शाखा के रिनोवेंशन के दौरान फाईलें व दस्तावेज एक स्थान से दूसरे स्थान पर रखने में उक्त भूखण्ड/मकान का पूर्व मूल विक्रय पत्र दिनांक-18/06/2020 क्रमांक- MP059702020A1297737 कही गुम हो गया है अत्याधिक प्रयास के बाद भी उक्त मूल विक्रय पत्र मेरे पक्षकार की शाखा में नही मिल रहा है अथवा मेरे पक्षकार बैंक की शाखा से कोई व्यक्ति गलती से अथवा जानबूझकर उठाकर ले गया है मेरे पक्षकार को भय है कि उक्त मूल विक्रय पत्र का दुरूपयोग कर कोई व्यक्ति मेरे पक्षकार बैंक अथवा मेरे पक्षकार बैंक के ग्राहक श्री विश्वेश प्रताप सिंह का अहित कर सकता है।
अतः सर्व साधारण एवं व्यक्ति विशेष को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के पूर्व मूल विक्रय पत्र दिनांक-18/06/2020 के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति से कोई संव्यवहार न करें अन्यथा होने वाले परिणामों के लिए मेरे पक्षकार बैंक अथवा मेरे पक्षकार के ग्राहक श्री विश्वेश प्रताप सिंह उत्तरदायी नही होगें साथ ही सूचित किया जाता है कि यदि उक्त मूल विक्रय पत्र दिनांक-18/06/2020 किसी को प्राप्त हो तो वह उसे मेरे पक्षकार बैंक को सौंप दे अथवा मेरे फोन नंबर पर सूचित करें।

भोपाल — भवदीय,
दिनांक 17.03.2026 — सुनील राय अधिवकता
कार्यालय- सीनियर एम.आई.जी. 72, अमरावती साउथ कॉलोनी, नियर साकेत नगर भोपाल म.प्र.

---

**जाहिर सूचना**
(भवन क्रमांक 35 रीगल पिंक सिटी ग्राम नरेला शंकरी तहसील हुजूर जिला भोपाल)

मैं अपने पक्षकार एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ब्रांच ऑफिस एमपी नगर जोन 2 भोपाल भोपाल के शाखा प्रबंधक द्वारा अधिकृत व निर्देशित करने से सर्व सावधारण को सूचित करता हूँ। की श्रीमती आरती जैन पत्नी स्वर्गीय श्री प्रभात जैन निवासी मकान न. 17 जो की स्थित रीगल पिक सिटी, अयोध्या बायपास रोड भोपाल मध्यप्रदेश के द्वारा अपने स्वमित्व व आधिपत्य का डूप्लेक्स क्रमांक 35, जो की रीगल पिंक सिटी, ग्राम नरेला शंकरी (मुख्य मार्ग से अंदर), तहसील हुजूर जिला भोपाल म. प्र. मे स्थित जिसके भूखंड का 1100 वर्ग फुट एवं 102.23 वर्ग मीटर जो की भूमि खसरा क्रमांक -89/1/2, 89/1/3, 89/1/4, 88/2 अंश भाग स्थित एवं जिस की चतुर सीमाएं पूर्व में भूखंड क्रमाक -मकान 45 का पश्चिम में रोड, उत्तर में भूखंड क्रमांक 36 व दक्षिण में भूखंड क्रमांक 34 को मेरे पक्षकार के कार्यालय में सम्यक बंधक रख ऋण प्राप्त करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, किन्तु उक्त भूखंड की पूर्व की मूल विक्रय पत्र दिनांक 31.03.2011 जो मेसर्स मोहिनी दीपिका श्री सुशील कुमार बजपाई के द्वारा श्री एस के महेसवारी पुत्र श्री स्वर्गीय के. जी. झावर द्वारा के पक्ष में निष्पादित की गई थी जिसका इंदराज उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में ग्रंथ क्रमांक न. 36234 सरल क्रमांक 7/4609 में पंजीबंद एवं विनियम पत्र दिनांक 12/06/2012 कही गुम हो जाने का कहा गया है जिसकी सूचना सम्बंधित पुलिस थाने में की गई है। अतः उपरोक्त डूप्लेक्स क्रमांक 35, जो की रीगल पिंक सिटी, ग्राम नरेला शंकरी (मुख्य मार्ग से अंदर), तहसील हुजूर जिला भोपाल म. प्र. को सम्यक बंधक कर मेरे पक्षकार के द्वारा श्रीमती आरती जैन पत्नी स्वर्गीय श्री प्रभात जैन को ऋण प्रदान करने में किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, सोसाइटी, या कोई हित रखने वाले कोई व्यक्ति को कोई आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में मय दस्तावेजों के मेरे कार्यालय में आपति प्रस्तुत करे।

भवदीय **संदीप गागुंली** अधिवक्ता
**तुषार गागुंली** अधिवक्ता
गागुंली लॉ चेम्बर, 86-ए, कमला नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल, मो. 9826089328

---


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14,04/26, 01/05/26

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473


हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


आवश्यकता
भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955
D-17/5/26


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
– व्यावस्थापक


प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
9755600569, 8200502943, 7748022609

अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खोजड़ा की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6225

**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

**शब्द पहेली- 6224 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | ल | म | ल | ■ | ■ | र | ह | न | ■ |
| चा | य | ■ | हा | ■ | जा | सू | स | ■ | शा | म |
| द्व | ■ | ■ | रा | श | न | ■ | म | ■ | ■ | न |
| का | र | गु | जा | री | ■ | का | ■ | दु | का | न |
| र | ■ | ना | ■ | फ | न | का | र | ■ | फि | ■ |
| ■ | चा | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ |
| ■ | ह | ■ | अ | च | क | न | ■ | वं | ■ | अ |
| क | त | रा | ■ | र्म | ■ | क | म | र | बं | द |
| म | ■ | ■ | ब | ■ | ला | ल | च | ■ | ■ | र |
| र | न | ■ | ल | की | र | ■ | ल | ■ | आ | क |
| ■ | म | ज | मा | ■ | ■ | अ | ना | या | स | ■ |

## सूडोकु नवताल- 6235
★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6234 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## खबर संक्षेप

### लैंक्सेस और एचपीसीएल की साझेदारी

**मुंबई।** लैंक्सेस और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)ने एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत और सार्क देशों में उच्च प्रदर्शन वाले एविएशन और इंडस्ट्रियल लुब्रिकेंट्स की उपलब्धता बढ़ाना है। इस समझौते के तहत दोनों कंपनियां मिलकर अत्याधुनिक लुब्रिकेंट सॉल्यूशंस विकसित और उपलब्ध कराएंगी, जिससे एविएशन और औद्योगिक क्षेत्रों में गुणवत्ता और प्रदर्शन के मानकों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### ओरल कैंसर के खिलाफ एचसीजी की बड़ी पहल

**नई दिल्ली।** एचसीजी कैंसर हास्पीटल ने तंबाकू सेवन के कारण तेजी से बढ़ रहे ओरल कैंसर मामलों को देखते हुए अपने जागरूकता अभियान द पीएएएन स्पूत को और मजबूत किया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और ओरल एवं हेड-एंड-नेक कैंसर की समय पर पहचान को बढ़ावा देना है। जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के जरिए लोगों और विद्यार्थियों तक निःशुल्क जांच, परामर्श और शैक्षणिक सत्रों के माध्यम से पहुंच बनाई गई।

### एक्टिव क्लोदिंग की रिटेल सेक्टर में एंट्री

**नई दिल्ली।** एक्टिव क्लोदिंग कंपनी लिमिटेड ने रिटेल सेक्टर में बड़ा कदम उठाते हुए "न्यूमो" नाम से नया रिटेल प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी का लक्ष्य अगले चार वर्षों में इस नए बिजनेस मॉडल के जरिए 200 से 250 करोड़ रुपए तक की अतिरिक्त टॉपलाइन हासिल करना है। जानकारी के अनुसार कंपनी ने अब तक न्यूमो ब्रांड के तहत 5 रिटेल आउटलेट्स शुरू कर दिए हैं, जबकि अगले 10 दिनों में 7 और नए स्टोर लांच किए जाएंगे।

### भारी छूट के साथ ग्रेट समर सेल 2026 शुरू

**नई दिल्ली।** अमेजन इंडिया की ग्रेट समर सेल 2026 के साथ ग्राहकों को गर्मियों में बड़ी बचत का मौका मिल रहा है। कंपनी ने ग्रॉसरी, हेल्थ, बेबी केयर, पेट केयर और रोजमर्रा के जरूरी सामान पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। अमेजन ने बताया कि इस बार सेल में ग्राहकों के लिए 'एवरीडे एसेंशियल्स' समर स्टोर लांच किया गया है, जहां कई कैटेगरी के प्रोडक्ट्स पर 50 फीसदी तक की छूट दी जा रही है।

## भोपाल मंडी के उड़नदस्ते दल की बड़ी कार्रवाई, 820 क्विंटल गेहूं पकड़ा

# कार्रवाई के बाद 1 लाख 30 हजार रुपए से अधिक की राशि बतौर मंडी टैक्स वसूले

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कृषि उपज मंडी समिति भोपाल द्वारा अवैध परिवहन एवं मंडी अधिनियम उल्लंघन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक संचालक एवं मंडी सचिव भोपाल नरेश कुमार परमार के निर्देश पर उड़नदस्ता दल ने मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत निरीक्षण अभियान चलाया।

निरीक्षण के दौरान सुखी सेवनिया स्थित वेयर हाउस में अधिसूचित कृषि उपज गेहूं से भरे वाहनों को खाली करते समय कार्रवाई की गई। जांच में मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) का उल्लंघन पाए जाने पर धारा 19(4) के तहत कार्यवाही करते हुए बसंत इंटरप्राइजेज भोपाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में उड़नदस्ता दल के



अवैध माल परिवहन करने वाले ट्रक

प्रभारी जीवन सिंह राजपूत, किरण ठाकुर (मंडी निरीक्षक) एवं मो. जावेद (सहायक उप निरीक्षक) शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान तीन वाहनों (एमपी 09 एचएफ0777), (एमपी04जेडडब्ल्यू9702) एवं (एमपी37जीए0362) से कुल 820.35 क्विंटल गेहूं पकड़ा गया, जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख 50 हजार 875 रुपए बताई गई है। कृषि उपज के पांच गुना मूल्य के आधार पर 1 करोड़ 2 लाख 54 हजार 350 रुपये आंकलित किए गए। मंडी प्रशासन द्वारा मंडी शुल्क 1 लाख 2 हजार 544 रुपए, प्रशमन शुल्क 5 हजार रुपए, शास्ति राशि 2 हजार रुपए तथा निराश्रित राशि 20 हजार 509 रुपए सहित कुल 1 लाख 30 हजार 52 रुपए जमा कराए गए। जानकारी के अनुसार मंडी भोपाल की अनुज्ञप्तिधारी फर्म बसंत इंटरप्राइजेज द्वारा उक्त गेहूं को गंजबासौदा स्थित फर्म विश्वकर्मा ट्रेडर्स को परिवहन किया जाना था, लेकिन माल को सुखी सेवनिया भोपाल के वेयर हाउस में खाली करते हुए पकड़ा गया।

## बीएसबी बोर्ड का 10 वीं और 12 वीं का परिणाम घोषित

# 10वीं में ऑल इंडिया टॉपर बनी आचार्यकुलम असम की अश्मिता बसनेट, 12वीं की टॉपर रहीं पतंजलि गुरुकुलम टिहरी की मल्लिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

भारतीय शिक्षा बोर्ड (बीएसबी) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कक्षा 10 एवं 12 बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष देशभर में भारतीय शिक्षा बोर्ड संबद्ध विद्यालयों के के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। परिणामों में विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।

बोर्ड की ओर से बताया गया है कि विद्यार्थी अपना परिणाम डिजिलॉकर पर जाकर कुछ जरूरी जानकारी देकर जान सकते हैं।

### बीएसबी ने दी सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई

भारतीय शिक्षा बोर्ड ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बोर्ड ने विश्वास व्यक्त किया है कि विद्यार्थी भविष्य में भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे। भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से 5 से 29 मार्च तक देश भर में आयोजित की गई थी। परीक्षा के बाद से बोर्ड ने तुरंत मूल्यांकन कार्य की शुरुआत कर दी। जिससे त्वरित गति से परिणाम 10 वीं और 12 वीं का आज सामने आया है।

### ये विद्यार्थी हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले

कक्षा 10 में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान अश्मिता बसनेट (485/500, 97 प्रतिशित ), आचार्यकुलम, कुमारिकाता, असम ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रियंम चक्रवर्ती (463/500, 92.60 प्रतिशित ), आचार्यकुलम, चिरांग, असम तथा तृतीय स्थान एंजेल (462/500, 92.40 प्रतिशित), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड को प्राप्त हुआ। विषयवार परिणाम में गणित, अंग्रेजी एवं विज्ञान में अश्मिता बसनेट (97, 97, 96), आचार्यकुलम, कुमारीकट्टा , असम से रहीं, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में ज्विशामत बसुमतारी (99), आचार्यकुलम, चिरांग, असम, सूचना प्रौद्योगिकी में रमाशीष (92), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड; हिंदी में एंजेल (94), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड से अव्वल रहीं। संस्कृत में प्रगति सिन्हा, रुचि कुमारी एवं वैष्णवी पंचोली (100/100), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड से रहीं। सामाजिक विज्ञान में अश्मिता बसनेट एवं सेविका देवी (97), आचार्यकुलम, कुमारीकट्टा , असम से शीर्ष स्थान पर रहीं। पेंटिंग में माधवी त्यागी (99), विकास ग्लोबल स्कूल, सिमरौली, हापुड़, उत्तर प्रदेश; तथा पंजाबी में सपना (84), शिशु निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्रीगंगानगर, राजस्थान से रहीं। असमिया में बर्निल कश्यप, सुबदीप देबनाथ एवं प्रिया बैश्य (93), आचार्यकुलम, चिरांग, असम तथा बोडो में सुजुमा ब्रह्मा (79), आचार्यकुलम, चिरांग, असम से रहीं। कक्षा 12 में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान मल्लिका दास (481/500, 96.20प्रतिशित ), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रिया (474/500, 94.80प्रतिशित ), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड तथा तृतीय स्थान अंशिका चौहान (473/500, 94.60प्रतिशित ), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड को प्राप्त हुआ।

## सराफा व्यापारियों, निर्माताओं, कारीगरों और विभिन्न संगठनों ने कहा

# व्यापारिक नियमों और टैक्स व्यवस्था को सरल और व्यावहारिक बनाए जाए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ज्वेलरी इंडस्ट्री से जुड़े व्यापारियों, निर्माताओं, कारीगरों और विभिन्न संगठनों ने सरकार से व्यापारिक नियमों और टैक्स व्यवस्था को सरल एवं व्यावहारिक बनाने की मांग उठाई है। उद्योग जगत का कहना है कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में सोने की सिल्लियां और सिक्के की बिक्री को सीमित रखते हुए मुख्य रूप से ज्वैलरी व्यवसाय को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि पूरे उद्योग और रोजगार तंत्र को सुरक्षित रखा जा सके।

भोपाल के व्यापारी नेता संजीव गर्ग (गांधी) ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की अपील करते हुए कहा कि ज्वेलरी इंडस्ट्री सहित देश के व्यापारिक वर्ग की वास्तविक समस्याओं पर गंभीरता से विचार होना चाहिए, ताकि व्यापार और रोजगार दोनों सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहाकि अगस्त 2025 से देश के कई हिस्सों में ज्वैलरी की तुलना में सोने की सिल्लियां और सिक्के की बिक्री में तेजी देखी गई है। उनका मानना है कि यदि यही स्थिति जारी रही तो इसका नकारात्मक असर विनिर्माण क्षेत्र, कारीगर वर्ग, खुदरा और थोक



फाइल फोटो

व्यापार सहित पूरे रोजगार चक्र पर पड़ सकता है। गांधी ने कहाकि वर्तमान समय में सरकार वैश्विक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कई बड़े फैसले ले रही है, लेकिन उद्योगों से जुड़े नियम और नीतियां बनाते समय व्यापारिक वास्तविकताओं को भी समझना जरूरी है। उनका आरोप है कि देश में टैक्स सिस्टम और अनुपालन व्यवस्था अत्यधिक जटिल होती जा रही है, जिससे व्यापार विस्तार प्रभावित हो रहा है। उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार एक निश्चित टर्नओवर तक व्यापार सामान्य रूप से होता है, लेकिन सीमा पार होने वाले ही व्यवसायों में कई प्रकार के अनुपालन, नोटिस, दस्तावेजीकरण होते हैं और कानूनी प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है। इसी कारण अनेक व्यापारी अपने व्यवसाय को विस्तार देने से बचते हैं।

### आयात ड्यूटी बढ़ने से ज्वेलरी सेक्टर में हड़कंप, कारोबारी एवं निवेशकों में बढ़ी चिंता

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महासचिव नवनीत अग्रवाल ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोशल अपील और स्वर्ण निवेश को नियंत्रित करने की दिशा में उठाए गए कदमों के बाद शेयर बाजार में ज्वेलरी कंपनियों के स्टॉक्स में तेज गिरावट दर्ज की गई, जिससे निवेशकों में चिंता का माहौल बन गया है। कारोबार के दौरान कई प्रमुख ज्वैलरी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिला। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ने से सोने और अन्य बहुमूल्य धातुओं की लागत में वृद्धि होगी, जिसका सीधा असर जूलरी उद्योग की मांग और कंपनियों के मुनाफे पर पड़ेगा। इससे ग्राहकों को भी महंगी जूलरी खरीदनी पड़ सकती है। उन्होंने कहाकि सरकार का यह कदम को स्वर्ण आयात कम करने की दिशा में उठाया गया प्रयास बताया है, लेकिन यह भी कहा कि अनाधिकृत और अवैध मार्गों से होने वाले स्वर्ण आयात पर भी समान रूप से सख्ती जरूरी है। संगठन का मानना है कि यदि तस्करी और गैरकानूनी आयात पर नियंत्रण नहीं किया गया तो वैध कारोबार प्रभावित होता रहेगा।

### एनएफएल की 10 लाख सिक्योरिटी डिपॉजिट नीति का विरोध, ओ-फॉर्म जारी करने की मांग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कृषि आदान विक्रेता संघ प्रदेश संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) के जोनल मैनेजर जीआर शर्मा को ज्ञापन सौंपकर डीलरशिप सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपये किए जाने के निर्णय का विरोध जताया। संगठन ने मांग की कि इस निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए या फिर जमा राशि पर कम से कम 10 से 12 प्रतिशत ब्याज दिया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जिन व्यापारी साथियों के 31 मार्च के बाद ओ-फॉर्म जारी नहीं किए गए हैं, उन्हें तत्काल जारी किया जाए। संगठन का कहना है कि फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985 के खंड-10 के अनुसार निर्माता कंपनी ओ-फॉर्म न्यूनतम 5 वर्षों के लिए जारी कर सकती है और इसकी अवधि मनमाने तरीके से प्रतिवर्ष 31 मार्च तक सीमित नहीं की जा सकती। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत, प्रदेश सचिव संजय रघुवंशी ने चेतावनी दी ,कि यदि इस मामले में शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापारी हित में हाईकोर्ट का रुख अपनाया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी कंपनी की होगी।

## व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने निवेश और व्यापार सहयोग में दी नई दिशा

# सीआईआई और सीलोन चेंबर ने किया 'भारत-श्रीलंका व्यापार मंच' का आयोजन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और सीलोन चेंबर ऑफ कॉमर्स ने मुंबई में 'भारत-श्रीलंका व्यापार मंच' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत और श्रीलंका के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में नए निवेश अवसरों की पहचान करना था। मंच ने भारतीय उद्योगों को श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल के साथ सीधे संवाद का अवसर प्रदान किया, जिससे भविष्य की



साझेदारियों की संभावनाएं और मजबूत हुईं। कार्यक्रम में कई प्रमुख गणमान्य और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें महिशिनी कोलोन, डुमिंडा हुलंगामुवा और महाराष्ट्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. राजेश रवीन्द्र गावंडे शामिल रहे। इसके अलावा मुंबई में श्रीलंका की महावाणिज्यदूत प्रियांगा विक्रमसिंघे भी उपस्थित रहीं। सीआईआई पश्चिम क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश उप-समिति के सह-अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल और पर्यटन एवं आतिथ्य उप-समिति के अध्यक्षविशाल कामतने भी मंच को संबोधित किया। विशेषज्ञों ने इस मंच को दोनों देशों के बीच निवेश, पर्यटन और व्यापारिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पर्यटन, आतिथ्य, ऊर्जा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विशेष चर्चा हुई।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर में 'मानवता को जीवित रखना' पंच प्रण एवं नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम



**भोपाल।** मानसरोवर शिक्षण संस्थान समूह, भोपाल एवं रेड क्रॉस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मानवता को जीवित रखना : पंच प्रण एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन, धन्वंतरि पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में रामेन्द्र सिंह, जनरल सेक्रेटरी, मध्यप्रदेश रेड क्रॉस राज्य शाखा उपस्थित रहे। मंच पर उनके साथ प्रो. अरुण कुमार पांडे, प्रो-चांसलर, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी, वैद्य अनुराग सिंह राजपूत , प्राचार्य, मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, डॉ. गुरूदत्त नायक , प्राचार्य, मानसरोवर डेंटल कॉलेज तथा वैद्य मनीषा राठी, प्राचार्य, सियाराम आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मंचासीन रहे। अतिथियों के स्वागत उपरांत स्वागत भाषण प्रो. अरुण कुमार पांडे द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रामेन्द्र सिंह ने पंच प्रण, नशामुक्ति, परिवार संस्कार, सामाजिक जीवन, मानवता, स्वदेशी भावना एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह एवं सौजन्य भेंट प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एनके प्रसाद, डॉ. अनिल शुक्ला, डॉ. दीपाली, डॉ. नम्रता चौरागड़े, डॉ. अमिता गुप्ता सहित मानसरोवर शिक्षण समूह के विभिन्न प्राध्यापकगण, शिक्षकगण एवं समस्त विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### भाभा विवि में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर समारोह और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम और स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं। रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके बाद प्राचार्य द्वारा विषय प्रस्तुतीकरण



और स्वागत भाषण दिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, सीईओ, प्रो-वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार, प्रशासनिक अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संबोधन में नर्सों की स्वास्थ्य सेवाओं में भूमिका, समर्पण और मानव सेवा के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। बी.एससी. नर्सिंग के द्वितीय और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसमें नर्सों के त्याग, सेवा भावना और जिम्मेदारी को प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और समूह छायाचित्र सत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम के बाद स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और तकनीशियनों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस शिविर का लाभ विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने लिया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि नर्सिंग क्षेत्र के महत्व को भी मजबूत करते हैं। पूरा कार्यक्रम नर्सिंग विभाग के प्राचार्यों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने कक्षा 12वीं सीबीएसई परिणाम मे दिखाई 100 फीसदी की उत्तीर्णता



**भोपाल।** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने कक्षा 12 सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं 2026 में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने की घोषणा की है। इस वर्ष भी स्कूल ने 22वें लगातार साल 100 फीसदी पास परिणाम दर्ज किया, जो इसकी अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों भाव्या धीर 95 फीसदी मानविकी , काश्वी धानिया 95 फीसदी वाणिज्य , जिया भंडारी 94.8फीसदी मानविकी, तन्मय शर्मा 94.6 फीसदी मानविकी विवोद्ध चौधरी 94.2फीसदी वाणिज्य शामिल है। इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल ने छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि ये परिणाम केवल अंकों का प्रतिबिंब नहीं हैं, बल्कि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और जिज्ञासा का प्रतीक हैं। स्कूल के चेयरमैन ने भी कहा कि आईपीएस में लगातार उत्कृष्टता हासिल करना परंपरा का हिस्सा है और यह परंपरा भविष्य में भी जारी रहेगी।

### सिंपल एनर्जी ने भोपाल में अपना पहला स्टोर लांच किया

**भोपाल।** ऑटोमोटिव कंपनी सिंपल एनर्जी ने मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की उपस्थिति में भोपाल में अपने पहले सिंपल स्टोर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही कंपनी ने राज्य में अपने रिटेल संचालन की औ प चा रि क शुरुआत की है। तारा मोटर्स के



साथ साझेदारी में स्थापित यह 800 वर्ग फुट का सिंपल स्टोर एक 3S सुविधा के रूप में कार्य करेगा, जहां ग्राहकों को एक ही स्थान पर रिटेल और सर्विस का व्यापक अनुभव मिलेगा। लांच के अवसर पर सिंपल एनर्जी के संस्थापक और सीईओ सुहास राजकुमार ने कहा कि भोपाल इलेक्ट्रिक वाहन बाजार के रूप में काफी संभावनाओं वाला शहर है, जहां ग्राहकों में बढती जागरूकता, बेहतर चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और नीतिगत समर्थन देखने को मिल रहा है।

### इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (इंडिया चैप्टर) को मिला नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** डॉ. अनिलकुमार गायकवाड़, जो महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं, को इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (इंडिया चैप्टर) का अध्यक्ष



चुना गया है। यह वैश्विक सड़क सुरक्षा संस्था दुनिया भर में बेहतर और सुरक्षित सड़कों के लिए काम करती है। डॉ. गायकवाड़, जो इंफ्रास्ट्रक्चर और सड़क विकास के क्षेत्र में एक अनुभवी और कुशल पेशेवर हैं, से उम्मीद की जाती है कि वे सड़क सुरक्षा और मोबिलिटी से जुड़ी विभिन्न पहलों के माध्यम से इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के इंडिया चैप्टर में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय खण्ड रायसेन**

दूरभाष क्र. 07482-292040, ईमेल : eephraj@nic.in

क्रमांक /1584/लेखा./का.यं./लो.स्वा.यॉ./खण्ड/2026 रायसेन दिनांक 12/05/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

रायसेन जिले के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 26.05.2026 शाम 17:30 है एवं संशोधन केवल वैबसाइट पर देखे जा सकेगें।

| क्रं. | ऑनलाईन टेंण्डर आईडी क्र. | निविदा क्र. | निविदा आमंत्रण | ग्राम का नाम | कार्य की अनुमानित लागत राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PHED_506736_1 | 03 | प्रथम | रायसेन जिले के अंतर्गत विकासखंड औबेदुल्लागंज के 205 ग्रामों में स्थापित 1160 हैण्डपंपों का संधारण कार्य, हैण्डपंपों में ग्रीसिंग, हैण्डपंपों का क्लोरीनेशन एवं सेम्पल एकत्रित करने का कार्य । | 1671560.00 |

G-12773/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड रायसेन



**Can Fin Homes Ltd** (Sponsor : CANARA BANK)

शाखा: बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046
फोन : 07480 – 401340, 7625079225 Email: mandideep@canfinhomes.com
Website: www.canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

परिशिष्ट – IV क [ नियम 9(1) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी (यों) एवं जमानतदार (रो) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक / भौतिक कब्जा** केनफिन होम्स लिमिटेड भोपाल शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर **श्री बृजेश तिवारी एवं श्रीमती प्रतिभा तिवारी (ऋणी)** से केनफिन होम्स लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) की दिनांक **13-05-2026** को **35,55,995/-** (रु. पैतीस लाख पचपन हजार नौ सौ पिन्चानवे मात्र) की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **29-05-2026**, को बेचा जाएगा।

आरक्षित मूल्य ₹ **13,00,000/-**(रुपये तेरह लाख मात्र) होगा और अग्रिम धनराशि ₹ **1,30,000/-** (रुपये एक लाख तीस हजार मात्र) होगी।

**संपत्ति का विवरण**

**प्लाट नं. 63, भव्या सिटी, फेस-2, ग्राम- सरकिया, तहसील गौहरगंज, जिला-रायसेन म.प्र.-464990 प्लाट क्षेत्रफल-538.97 वर्गफिट प्लाट की चर्तुसीमाएं- उत्तर- प्लाट नं. 64, दक्षिण- कालोनी रोड, पूर्व- प्लाट नं. 82, पश्चिम- कालोनी रोड**

ज्ञात भार का विवरण : कोई भार नहीं

नीलामी के नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत विवरण हेतु केनफिन होम्स लिमिटेड की अधिकृत वेबसाइट (https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx) देखें । ई-नीलामी में भाग लेने हेतु लिंक - **www.bankeauctionwizard.com**

दिनांक : 13-05-2026
स्थानः मंडीदीप

(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.



**कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)**

OFF.&FAX NO.-07147-224541 Email ID-supdtofsubjailmultai@gmail.com

क्रमांक / 684/ निविदा/2026 मुलताई, दिनांक 05/05/2026

ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2026-2027
ई- निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)

सब जेल मुलताई में परिरूद्ध बंदियों हेतु मध्य प्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 तथा मध्य प्रदेश भण्डार क्रय नियम 2015 के तहत बंदियों हेतु लगने वाली भोजन सामग्री, सब्जियां एवं फल की पूर्ति हेतु वार्षिक ई-निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति के माध्यम से आमंत्रित की जाती

निविदा से संबधित संम्पूर्ण जानकारी एवं शर्तें वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री- बिड मीटिंग | 10.06.2026 दोपहर 12.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई जिला बैतूल |
| 2 | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500/- तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु रुपए 1000/- प्रति फार्म राशि महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056, जेले 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी | 16.06.2026 शाम 05.00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेंगे। |
| 3 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि। | 16.06.2026 शाम 05 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर आनलाईन स्वीकार की जावेगी |
| 4 | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 16.06.2026 शाम 05 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई |
| 5 | तकनीकि निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की तिथि एवं नमूना परीक्षण की तिथि | 18.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 20.06.2026 प्रातः बजे 11.00 | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई |


G-12781/26 " स्वच्छता ही सेवा "

सहायक जेल अधीक्षक
सब जेल मुलताई

## चिंतन

# प्रधानमंत्री की पहल सबको देगी प्रेरणा

वैश्विक खाड़ी संकट और बढ़ती ऊर्जा चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से तेल बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग और अनावश्यक खर्चों में कटौती की अपील केवल प्रशासनिक निर्देश नहीं, बल्कि एक व्यापक राष्ट्रीय सोच का संकेत है। यह सबके लिए प्रेरणा है। जब देश का सर्वोच्च नेतृत्व स्वयं अपने काफिले को सीमित कर उदाहरण प्रस्तुत करता है, तो उसका प्रभाव केवल सरकारी तंत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से तेल बचाने सहित 7 सूत्रीय उपायों को अपनाने का आग्रह किया है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी अपने काफिले को छोटा कर लिया है। दिल्ली के कई मंत्री तो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते दिख रहे हैं। हालांकि यह प्रतीकात्मक हो सकता है। चूंकि लंबे समय में यह आमजन की समस्याओं का कारण बन सकता है। केंद्र ने साफ किया है कि देश में तेल, गैस और अन्य संसाधनों की कमी नहीं है, लेकिन तेल की बचत देश की विदेशी मुद्रा को बचा सकती है। दरअसल, भारत जैसे विशाल और आयात-निर्भर देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता भी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संकटों का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। प्रधानमंत्री द्वारा काफिले में वाहनों की संख्या घटाना प्रतीकात्मक अवश्य है, लेकिन लोकतंत्र में प्रतीकों का अपना महत्व होता है। जनता अक्सर नेताओं के आचरण से प्रेरणा लेती है। यदि शीर्ष नेतृत्व मेट्रो, ई-वाहन, कारपूलिंग और सीमित संसाधन उपयोग का संदेश देगा, तो समाज में भी व्यवहारिक परिवर्तन की संभावना बढ़ेगी। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा काफिले सीमित करना, ई-स्कूटर या मेट्रो का उपयोग करना तथा बैठकों को वर्चुअल मोड में स्थानांतरित करना इसी दिशा में सकारात्मक पहल मानी जा सकती है। हालांकि यह भी ध्यान रखना होगा कि प्रतीकात्मकता और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बना रहे। इसी प्रकार वर्क फ्रॉम होम, वर्चुअल मीटिंग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को दीर्घकालिक नीति के रूप में विकसित करने के लिए बुनियादी ढांचे को भी मजबूत करना होगा। यदि आम नागरिक को सुविधाजनक, सुरक्षित और समयबद्ध सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं होगा, तो केवल अपीलों से बड़े बदलाव संभव नहीं होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सरकारी वाहनों को ईवी में बदलने का निर्देश भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कदम माना जा सकता है। यदि सरकारी संस्थान स्वयं ईवी अपनाते हैं, तो इससे निजी क्षेत्र और आमजन में भी विश्वास बढ़ेगा। प्रधानमंत्री द्वारा सोने की खरीद सीमित करने की अपील भी आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे में आयात शुल्क बढ़ाने या खरीद कम करने की अपील का असर सीधे मध्यम वर्ग और पारिवारिक परंपराओं पर पड़ सकता है। इसलिए सरकार को संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए डिजिटल गोल्ड, गोल्ड बॉन्ड और ईटीएफ जैसे विकल्पों को अधिक लोकप्रिय बनाना होगा, ताकि लोगों की निवेश आवश्यकताएं भी पूरी हों और विदेशी मुद्रा पर दबाव भी कम हो। अब आवश्यकता इस बात की है कि यह अभियान प्रतीकात्मकता तक सीमित न रहे, बल्कि जनभागीदारी के जरिए स्थायी जीवनशैली परिवर्तन का रूप ले।



मुद्दा

अखिलेश आर्येन्दु

# मानव विकास सूचकांक पर गौर जरूरी

> भारत भले ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा हो, जब तक यह मानव विकास सूचकांक में भी उच्च अंक हासिल नहीं कर लेता तब तक दुनिया में वह पिछड़ा हुआ ही माना जाएगा। भारत में पहले की अपेक्षा पिछले दस सालों में हर क्षेत्र में तमाम तरह के सकारात्मक बदलाव हुए हैं। केंद्र और राज्यों में विकास की नीतियां अब बंद कमरों की जगह जनता की राय-सुमारी के जरिए बनने लगी हैं। सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर नीतियां और योजनाएं बनाईं जा रही हैं। बावजूद अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में भारत मानव विकास की सूची में उच्च स्थान हासिल कर लेगा।

आर्थिक रूप से दुनिया का सबसे सम्पन्न देश अमेरिका है, लेकिन मानव विकास में सबसे सम्पन्न देश नार्वे और स्विट्जरलैंड हैं। दुनिया भर में ये दोनों देश सर्वोच्च मानव विकास सूचकांक के मुताबिक सर्वसम्पन्न हैं। सर्वसम्पन्नता का मतलब सेहत, शिक्षा, उच्च आय, सामाजिक विकास, नैतिकता में उच्चता और जीवन की गुणवत्ता में सर्वोपरि। इसी क्रम में चीन और ब्राजील उच्च मानव विकास वाले देश हैं तो भारत मध्यम मानव विकास का प्रतिनिधि है वहीं, निम्न मानव विकास के रूप में नाइजर है। सम्पन्नता महज धन-दौलत या दुनिया की सबसे बड़ी सेना, आयुध व सामरिक शक्ति से अब नहीं मापी जाती। यही वजह है नार्वे दुनिया में सर्वोच्च मानव विकास का प्रतिनिधित्व करता है। मानव मूल्यों यानी सर्वगुण सम्पन्नता दुनिया में इसकी महत्ता, सामरिक रूप से सम्पन्नता से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। बदलते वक्त के साथ मान्यताओं और धारणाओं में बदलाव आया है, वह चाहे विकास की बात हो या समाज की प्रगति की। अब विकास को महज आर्थिक वृद्धि (जीटीपी) के आधार पर मापना पर्याप्त नहीं माना जाता।

वास्तविक विकास वह है जिसमें व्यक्ति का समग्र उत्थान- शारीरिक, वौद्धिक, सामाजिक और नैतिक-सुनिश्चित हो। इसी के आधार को आधार लेकर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने मानवीय विकास सूचकांक (एचडीआई) की अवधारणा विकसित की। इसका मकसद कोई देश अपने नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन स्तर प्रदान करने में कितना सफल है, को मापना है। वहीं दुनिया में प्रगति का मतलब आर्थिक प्रगति से समझा और माना जाता है। मानव मूल्यों के साथ विकास, प्रगति और समानता की स्थिति को आगे बढ़ाना मानव विकास सूचकांक कहलाता है। इस सूचकांक के जरिए उस देश के लोगों के हर क्षेत्र की ठीक-ठीक जानकारी हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का विकास सूचकांक (एचडीआई) 0.685 है, जो इसे 193 देशों में 130वें स्थान पर रखता है जो मध्यम मानव विकास श्रेणी में आता है। स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के साथ भारत उच्च मानव विकास श्रेणी की ओर बढ़ रहा है। यह विकास कई तरह के सवाल खड़ा करता है। अभी देश में लैंगिक असमानता और तमाम तरह की क्षेत्रीय विषमताओं जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इन चुनौतियों से निपटना कम चुनौतीपूर्ण नहीं है।

जानकारों का कहना है कि मानव विकास को सरकार, सरकारी और गैर सरकारी संगठनों और समाजकर्मियों के लिए उतना ही महत्वपूर्ण होना चाहिए, जितना आर्थिक प्रगति। मानव मूल्यों, सामाजिक और शिक्षा के मूल्यों को गहराई से समझने की जरूरत है, खासकर भारत जैसे देश में, जहां व्यक्ति व समाज पाश्चात्य संस्कृति और शिक्षा को आंख मूंद कर अपनाने में अपनी समझदारी मानता है। यही वजह है कि भारत में मानव विकास सूचकांक अभी 130वें पायदान पर है। दरअसल, भारत आजादी के बाद पिछले सत्तर सालों तक कई समस्याओं, चुनौतियों और परेशानियों से जूझता आया है। सरकारी और गैर सरकारी दोनों स्तरों पर सुधार और निर्माण की जरूरत की पूर्ति महज दिखावे तक सीमित थी। भ्रष्टाचार चरम पर था। शिक्षा, रोजगार, सेहत



और मूलभूत जरूरतें भी आम आदमी की पूरी नहीं हो पा रही थीं। ऐसे में विकास और प्रगति का पहिया जिस रफ्तार से आगे बढ़ना चाहिए था, नहीं बढ़ पा रहा था। मानव विकास सूचकांक बेहतर होने का सवाल ही नहीं उठ सकता था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की जनसंख्या आज दुनिया में सबसे ज्यादा हो गई है, लेकिन आबादी किसी देश के मानव विकास का एक मात्र पैमाना नहीं होता, वरना बेहतर मानव विकास के रूप में चीन और ब्राजील न होते। आज चीन आर्थिक महाशक्ति के साथ मानव विकास में नार्वे की बराबरी करने के करीब है। यानी चीन में प्रति व्यक्ति आय, संसाधनों की उपलब्धता, रोजगार के अवसर और सेहत के मामले में भी बहुत आगे निकल चुका है। इसकी सबसे बड़ी वजह वहां के लोगों में देश की प्रगति और विकास में ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना, सरकार और संविधान का पारदर्शी होना और राजनीतिक खुड़पेचों से दूर रहना। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक मानव विकास में तेजी लाने के लिए आर्थिक विकास के साथ शिक्षा, सुरक्षा, अवसरों की बेहतर उपलब्धता और आय का समान वितरण को सुनिश्चित करना जरूरी है। गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, अस्वास्थ्य और असमानता जैसे विकास को रोकने वाले कारकों पर गौर करना जरूरी है। देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि, डॉक्टर व अस्पतालों की कमी, महिलाओं की शिक्षा और रोजगार में कमी, विकास योजनाओं का असरदायक न होना और संसाधनों पर जरूरत से ज्यादा दबाव जैसे कारणों से भारत मानव विकास में अभी मध्यम कोटि में गिना जाता है। मानव विकास में भारत के पिछड़ने की एक खास वजह सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा में पिछड़ा होना है। नैतिकता, मानव मूल्यों का पालन और मानवीय प्रकृति और जीव-जन्तुओं के प्रति घटती सदभावना भी मानव विकास पर प्रतिकूल असर डाल रही है। भारतीय समाज अपने मानवीय सद्व्यवहार और प्रकृति के प्रति साफ-सुथरे नजरिये के लिए जाना जाता था। समाज में अराजकता और हिंसक माहौल और प्रकृति का जरूरत से बहुत ज्यादा दोहन की वजह से भी कई तरह की समस्याएं, हर स्तर पर लगातार पैदा हो रही हैं, जिसका सीधा असर मानव विकास पर देखा जा सकता है। भारत में लैंगिक और क्षेत्रीय असमानता बहुत ज्यादा है, जिससे कई तरह की पारिवारिक, सामाजिक, क्षेत्रीय, धार्मिक, राष्ट्रीय और सांस्कृतिक समस्याएं पैदा हो रही हैं। इन समस्याओं से निजात पाना सरकार और प्रशासन के लिए बहुत बड़ी चुनौती है।

समाजशास्त्रियों का मानना है कि देश में सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंध, स्वच्छ पर्यावरण, पानी संकट से निजात, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, हर स्तर पर समानता का बढ़ावा और मानवीय मूल्यों को विकास का आधार बनाने के लिए कदम उठाए जाते हैं तो भारत भविष्य में उच्च मानव विकास वाले देश के रूप में शामिल हो सकता है। मानव विकास का कम होना उस देश का पिछड़ा होने का सूचक माना जाता है। इसलिए भारत भले ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा हो, जब तक यह मानव विकास सूचकांक में भी उच्च अंक हासिल नहीं कर लेता तब तक दुनिया में वह पिछड़ा हुआ ही माना जाएगा। भारत में पहले की अपेक्षा पिछले दस सालों में हर क्षेत्र में तमाम तरह के सकारात्मक बदलाव हुए हैं। केंद्र और राज्यों में विकास की नीतियां अब बंद कमरों की जगह जनता की राय-सुमारी के जरिए बनने लगी हैं। सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर नीतियां और योजनाएं बनाईं जा रही हैं। बावजूद अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में भारत मानव विकास की सूची में उच्च स्थान हासिल कर लेगा।

(लेखक पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पीएम की अपील

डॉ. नितेश शर्मा



# ये 'त्याग' नहीं... राष्ट्रधर्म है...हम सब इसे 'निभाएं'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान अमेरिका युद्ध से उपजी बिषम परिस्थितियों के मद्देनजर पेट्रोल-डीजल की कम खपत और सोना कम खरीदने का आग्रह क्या किया उनकी व्यापक आलोचना विपक्ष और लेफ्ट बुद्धिजीवियों ने आरंभ कर दी। 2014 के बाद देश में एक बड़ा राजनीतिक और बौद्धिक वर्ग ऐसा है जो प्रधानमंत्री की हर विषय पर आलोचना को ही अपना धर्म मान बैठा है। भारत अपनी जरूरत का 90 फीसदी पेट्रोलियम पदार्थ खाड़ी और दूसरे देशों से मंगाता है। इसी तरह सोना भी लगभग पूरा ही विदेश से आता है। नतीजतन भारत को अपने आयात का अधिकतर हिस्सा इन दोनों चीजों पर खर्च करना पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर 2015 से अभी तक एक करोड़ से ज्यादा लोग एलपीजी गैस पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ दी है। 1965 के भारत-पाक युद्ध और अकाल की छाया में लाल बहादुर शास्त्री ने जनता से सप्ताह में एक समय का भोजन त्यागने की अपील की थी। दोनों आह्वान इसलिए खास हैं क्योंकि ये संकट के समय व्यक्तिगत त्याग, सामूहिक एकता और राष्ट्र-प्रथम की भावना को केंद्र में रखते हैं। 1965 का भारत-पाक युद्ध चुनौतीपूर्ण था। 1962 के चीन युद्ध के बाद अर्थव्यवस्था कमजोर थी। विदेशी मुद्रा भंडार सीमित था और अमेरिका ने खाद्यान्न निर्यात रोकने की धमकी दी थी। लाल बहादुर शास्त्री ने पहले अपने परिवार पर अनुशासन लागू किया। पत्नी ललिता शास्त्री को शाम का खाना न बनाने को कहा। पूरे देश ने 'शास्त्री व्रत' अपनाया। रेस्तरां बंद हुए, लोग स्वेच्छा से उपवास रखने लगे।

यह आह्वान इसलिए खास था क्योंकि यह युद्ध के मैदान और खेत दोनों को जोड़ता था। सैनिकों का मनोबल बढ़ा, किसानों ने उत्पादन बढ़ाया। भारत ने युद्ध में पाकिस्तान को रोका और दीर्घकाल में हरित क्रांति की नींव पड़ी। शास्त्री जी की सादगी अदभुत थी। वे प्रधानमंत्री रहते सरकारी वेतन नहीं लेते थे। उन्हें सारा देश अपना नायक मानता था। दोनों नेताओं ने 'ऊपर से आदेश' नहीं, बल्कि स्वैच्छिक त्याग की अपील की। शास्त्री ने परिवार से शुरू किया। शास्त्री की सादगी प्रसिद्ध है। मोदी की 'चायवाले से प्रधानमंत्री' छवि आमजन से जुड़ाव दिखाती है। दोनों आह्वान 'जय जवान जय किसान' की भावना को विस्तार देते हैं। शास्त्री ने मूल दिया, मोदी ने 'जय अनुसंधान' और आर्थिक सुरक्षा जोड़ा। शास्त्री का आह्वान हरित क्रांति का आधार बना। मोदी का आह्वान प्राकृतिक खेती, स्वदेशी और फॉरेक्स सुरक्षा को बढ़ावा दे सकता है। दोनों में 'भारत माता की जय' की चेतना है। जनता ने शास्त्री का साथ दिया। मोदी के आह्वान पर भी व्यापक चर्चा और समर्थन है। शास्त्री का युद्धकालीन, प्रत्यक्ष अस्तित्व-रक्षा का; मोदी का आर्थिक, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का। 1965 में भारत गरीब था, आज उभरती अर्थव्यवस्था (5 ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य) है।

ये दोनों आह्वान भारतीय लोकतंत्र की उस अनूठी परंपरा को दर्शाते हैं जिसमें प्रधानमंत्री जनता को सेवक की भूमिका में संबोधित करते हैं। पीएम का आह्वान आधुनिक संकट में पुरानी भावना (त्याग) को प्रासंगिक बनाता है, जबकि शास्त्री जी का आह्वान साबित करता है कि छोटा कद, बड़ा दिल राष्ट्र को एकजुट कर सकता है। समानता इस भावना में है कि संकट 'हमारा' है, समाधान भी 'हमारा'। असमानता विकास चरण में है। बेशक, 1965 अस्तित्व की लड़ाई थी, अब वह स्थिति नहीं है। भारतीय इतिहास में ऐसे आह्वान विरले हैं जो पीढ़ियों को प्रेरित करें। राष्ट्र-प्रथम में छोटे त्याग बड़े परिणाम लाते हैं। शास्त्री जी ने कहा था कि भूख से मरना पसंद, लेकिन स्वाभिमान से समझौता नहीं। पीएम मोदी इसे आर्थिक स्वाभिमान में बदल रहे हैं। यह परंपरा भारत को मजबूत बनाती रहेगी। पीएम मोदी का विरोध करने वाले भूल जाते हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी ऐसे ही आह्वान कर चुकी हैं। पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम के वीडियो आज भी उपलब्ध हैं जिनमें वह भी देश के लोगों से सोने की खरीद कम करने की अपील कर रहे हैं। सुखद ही है कि देश की भाजपा शासित सरकारों ने प्रधानमंत्री की अपील पर अमल आरंभ कर दिया है। आम नागरिकों में भी इस अपील का असर दिखने लगा है। खुद पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन समेत जेपी नड्डा और राजनाथ सिंह ने भी अपने काफिलों में से वाहन हटा दिए हैं। हालांकि, सुरक्षा के प्रोटोकॉल से कोई समझौता नहीं हो सकता है, इसलिए, सुरक्षा काफिले के वाहन जरूर साथ में रहेंगे। पीएम ने खुद नजीर बनाकर अपने को सच्चा प्रधान सेवक साबित कर दिया है।

(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं)

## मप्र की शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों और शिक्षकों को ही केंद्र में लाना होगा

# जो शिक्षित होगा, वही प्रतिस्पर्धा में अपना स्थान बना पाएगा



लक्ष्मण सिंह
पूर्व सांसद

मध्य प्रदेश के संदर्भ में मेरे 40 वर्ष के राजनीतिक जीवन के कुछ अनुभव और सुझाव हैं, जो मैं इस लेख के माध्यम से शासन को देना चाहूंगा। आशा करता हूं कि ये सम-सामयिक होंगे। आप सब इन्हें संज्ञान में अवश्य लेंगे। कई वर्षों तक एक अजीब कानून बना रहा कि स्कूल का भवन निर्माण या स्कूल की स्थापना जनसंख्या के आधार पर होगी इसका परिणाम यह रहा कि जहां स्कूल खुलवाना था वहां लोगों ने जनसंख्या बढ़ाना शुरू कर दिया । स्कूल खुलवाने के लिए आबादी में अप्रत्याशित वृद्धि होती रही। प्रदेश के छात्र प्रतिस्पर्धा में अक्सर पीछे रह जाते हैं। हालांकि, कुछ वर्षों वर्षों से छात्रों में भी शिक्षा जगत में अपना परचम फहराया परंतु अभी भी बहुत सुधार करने की आवश्यकता है। कई स्कूलों में शिक्षकों का अभाव रहता है तो कई स्कूलों में फर्नीचर नहीं होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक कई जगह कंप्यूटर शिक्षा को अच्छा नहीं माना जाता है। गुरु शिष्य परंपरा हमारे देश में हजारों वर्षों से प्रचलित है जो अब धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। अगस्त 2025 में नरसिंहपुर में कक्षा 12वीं के एक छात्र ने शिक्षिका के ऊपर पेट्रोल डालकर उन्हें जलाने का प्रयास किया। इसके लिए स्कूल अकेला नहीं बच्चों के परिवार वालों की भी जवाबदारी होती है। इसके लिए अति आवश्यक है कि शिक्षकों का प्रशिक्षण उच्च कोटि का होना चाहिए।
आज हम देखते हैं कि छात्रों को राजनीति में धकेल कर उन्हें राजनीतिक दल अपने हथियार की तरह उपयोग में लेते हैं और उन्हें नौकरी रोजगार का झांसा देकर राजनीति में दुरुपयोग करते हैं। यह बच्चे या तो रैलियों में या किसी धार्मिक जुलूस में अधिकतर अपना समय बर्बाद करते हैं और स्कूल-कॉलेज में कम समय बिताते हैं। पुस्तकालय में तो बहुत ही कम जाते हैं और ज्यादा समय फोन पर ही बिताते हैं। आज के युग में जो शिक्षित होगा वही विश्व की प्रतिस्पर्धा में अपना स्थान बना पाएगा। यह एआई का युग है। और इसको हम केवल शिक्षा के माध्यम से ही समझ सकते हैं। स्कूल कॉलेज में छात्र संघ के चुनाव भी अनावश्यक हैं क्योंकि वह छात्रों का ध्यान भटका देते हैं। राजनीतिक दलों को भी अपनी विचारधारा छात्रों पर नहीं थोपनी चाहिए । यह अनैतिक है। क्योंकि, भारतवर्ष ही नहीं, दुनिया का कोई भी देश सभी विचारधाराओं के लोगों से परिपूर्ण है और हमेशा रहेगा । यही शिक्षा का मूल मंत्र है। इसलिए, हम सब भारतवासी मिलकर हमारी शिक्षा प्रणाली को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बना दें तभी हम विश्व गुरु कहलाएंगे अन्यथा 2047 का सपना अधूरा ही रह जाएगा। विश्व गुरु बनने के लिए शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों और शिक्षकों को ही केंद्र में लाना होगा।

## सटाका




## आज की पाती


### ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सफर सुहाना बनाएं

'युक्त राष्ट्र का वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह 8 मई से 14 मई 2026 तक मनाया जा रहा है। इस दिवस के मनाए जाने का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना है। हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों का आंकड़ा बहुत से देशों में से ज्यादा है, अमरीका, चीन, जापान, रूस आदि से बहुत ज्यादा है। इसका मुख्य कारण यह भी है कि हमारे देश में लोग ट्रैफिक नियमों का उचित पालन नहीं करते हैं। सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण भी ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन है। सड़क हादसा कभी हमारी अपनी लापरवाही से हो सकता है तो कभी दूसरों की लापरवाही किसी की जान पर भारी पड़ जाती है। – *वरुण चंद्राकर, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### पहली मुलाकात में ही उषा पर मोहित हो गए थे वेंस


अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी नयी पुस्तक में बताया है कि कॉलेज के दौरान उनकी मुलाकात उनकी पत्नी उषा से कैसे हुई और वह उनसे इतने 'मोहित' हो गए थे कि उन्होंने अपने दोस्तों से कह दिया था कि या तो वह 'इस लड़की से शादी करेंगे' या फिर 'जीवनभर अविवाहित रहेंगे।' अपने नए संस्मरण 'कम्यूनियन : फाइंडिंग माय वे बैक टू फेद' में वेंस ने लिखा है कि वह उषा की सुंदरता, बुद्धिमत्ता और अलग अंदाज से कैसे आकर्षित हुए थे, जो बाद में उनकी पत्नी बनीं। इस संस्मरण के कुछ अंश 'यूएसए टुडे' ने प्रकाशित किए हैं। येल लॉ स्कूल में उषा बाला चिलुकुरी से मिलने वाले वेंस ने कहा कि वह पहली ऐसी व्यक्ति थीं, जिनके लिए उन्होंने सच्चा प्रेम महसूस किया। वेंस ने लिखा है, 'मैंने अपने दोस्तों से कहा था कि मैं इस लड़की से शादी करूंगा, अन्यथा मैं जीवनभर कुंवारा रहूंगा।' यह पुस्तक अगले महीने प्रकाशित होगी। वेंस ने लिखा, ' 'जब मैं पहली बार उषा से मिला, तो उनकी कई बातें मुझे असामान्य लगीं। उनमें से एक यह थी कि वह बेहद प्रतिस्पर्धी थीं, लेकिन मुझे यह आकर्षक से ज्यादा अजीब लगा।' उन्होंने लिखा, 'उनमें ईर्ष्या नाम की चीज नहीं थी, जिसे मैं उनके अद्भुत आत्मविश्वास का परिणाम मानता था।



## ऑफ बीट

### नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान

श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।



## ट्रेंड

### एमएसपी में वृद्धि



देश भर के किसान भाइयों और बहनों के हितों की रक्षा और उनकी आय बढ़ाने के लिए हम लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। इसी दिशा में, हमारी सरकार ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है।

-**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री


### डबल रेल लाइन परियोजना



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद (सरखेज) - धोलेरा सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह पीएम मोदी की दूरदर्शी योजना का सशक्त प्रमाण है, जिसके तहत देश को कनेक्टिविटी, नवाचार और विनिर्माण का केंद्र बनाना है।

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### पुष्पांजलि अर्पित



लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आवास पर उनके दिवंगत पति प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना और दिलासा दिया गया।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### पेपर लीक जांच



NEET पेपर लीक काफी गंभीर मामला है। जिस भाजपा नेता को पकड़ा गया है, उसके परिवार के पांच सदस्यों के लिए पहले से ही नौकरी तय थी। यह जांच का विषय है। हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि 22 लाख बच्चे किस दौर से गुजर रहे होंगे।

- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

घर की छत पर लगे पाइप पर फांसी के फंदे से लटका मिला था शव

# रिटायर्ड जिला जज की बहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, भाई ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप, कार्रवाई कर न्याय की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित लहारपुर में मंगलवार रात रिटायर्ड जिला जज की बहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फांसी के फंदे पर लटका देख पति उसे एम्स लेकर पहुंचा था, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की टीम ने निरीक्षण किया तो पता चला कि पैर जमीन पर लटके हुए थे।

फांसी छत पर लगे पाइप पर प्लास्टिक की एक इंच वाली रस्सी से लगाई गई है। प्राथमिक पड़ताल में मामला पुलिस के भी गले नहीं उतर रहा है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस के


ट्विशा और पति सामर्थ शर्मा

अनुसार ट्विशा शर्मा पति सामर्थ शर्मा (34) मूलतः नोएडा की रहने वाली थी। उसकी शादी छह महीने पहले एडवोकेट शामर्थ शर्मा से हुई थी। सामर्थ शर्मा जिला न्यायालय में वकालत करते हैं, जबकि उनकी मां जिला जज थीं और रिटायर्ड हो चुकी है। सामर्थ ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात करीब दस बजे छत पर कसरत करने के लिए लगाए गए पाइप पर प्लास्टिक की रस्सी पर ट्विशा को फांसी के फंदे पर देखकर वह एम्स लेकर पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर ट्विशा को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने के आरोप है। पति पर आरोप यह भी है कि अनचाही प्रेग्नेंसी के कारण पति उसे प्रताड़ित कर रहा था।

## सोशल मीडिया पर चलाया भाई ने कैंपेन

हर्षित शर्मा ने ट्विशा की मौत को संदिग्ध बताते हुए बहन को न्याय दिलाने सोशल मीडिया पर कैंपेन चलाया है। हर्षित शर्मा ने लिखा कि मैं मेजर हर्षित शर्मा, अपनी बहन ट्विशा शर्मा के लिए न्याय की मांग कर रहा हूं। मेरी बहन ट्विशा शर्मा, जो अधिवक्ता सामर्थ सिंह की नवविवाहित पत्नी थी, उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। हमारे परिवार को गहरा संदेह है कि उसे दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न और सुनियोजित दबाव का शिकार बनाया गया। इस पूरे मामले में जज गिरबाला सिंह, अधिवक्ता सामर्थ सिंह एवं परिवार की भूमिका की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच होना आवश्यक है। मेरी बहन के लिए न्याय मांगने वाला परिवार दर-दर भटक रहा है। क्या यही न्याय व्यवस्था है? क्या एक प्रभावशाली पद पर बैठा व्यक्ति कानून से ऊपर हो जाता है? यदि यही आरोप किसी सामान्य परिवार पर लगे होते, तो अब तक गिरफ्तारी, पूछताछ और कठोर कार्रवाई हो चुकी होती। यह केवल मेरी बहन ट्विशा शर्मा के साथ अन्याय नहीं, बल्कि देश की हर बेटी और पूरे न्याय तंत्र का अपमान है। मैं देश के सभी समाचार मीडिया, महिला संगठनों, पूर्व सैनिक संगठनों और जागरूक नागरिकों से अपील करता हूं कि वे इस मामले को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएं और निष्पक्ष जांच की मांग करें। मेरी बहन को न्याय चाहिए, प्रभावशाली लोगों को संरक्षण नहीं।

### ट्विशा ने फोन कर घर वालों को प्रताड़ित करने की बात बताई थी

ट्विशा के परिवार के अधिकतर लोग डिफेंस में नौकरी करते हैं। भाई हर्षित शर्मा सेना में मेजर है। हर्षित ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद से ही ट्विशा को ससुराल पक्ष प्रताड़ित कर रहा था। ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से ट्विशा कुछ दिनों से कुछ ज्यादा ही परेशान थी। उसने घर पर कॉल कर प्रताड़ित करने की बात कही थी और घर आने का भी कहा था।

## खबर संक्षेप



### ई-टोकन से किसानों को मिलेगी खाद

**भोपाल।** खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में ई-विकास पोर्टल से खाद दिया जाएगा, जिसके लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें ई-टोकन से खाद दी जाएगी। यह बात बुधवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़ और सीहोर जिले के कलेक्टर से बैठक में कही। बैठक में किसानों की फार्मर आईडी, खसरों को फार्मर आईडी से लिंक करने, ई-विकास पोर्टल पर किसानों का पंजीयन, ई-टोकन बुकिंग और समिति स्तर पर सदस्य किसानों का पंजीयन को लेकर चर्चा की गई। संभाग कमिश्नर ने किसानों को एग्री स्टैक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए जागरूक करने पर भी जोर दिया।

### धूमधाम से मनाई जाएगी पृथ्वीराज चौहान की जयंती

**औबेदुल्लागंज।** राजपूत समाज द्वारा वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती 16 मई को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे आयोजित होगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी समाजजनों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है। इस अवसर पर पृथ्वीराज चौहान के शौर्य, पराक्रम और देशभक्ति को याद किया जाएगा तथा समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियां भी आयोजित होंगी। आयोजन की जिम्मेदारी समस्त राजपूत समाज, औबेदुल्लागंज द्वारा संभाली जा रही है।

### भवन अनुज्ञा शाखा से बिना अनमुति के बनीं अवैध दीवारों पर चले हथौड़े

**भोपाल।** नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा की बिना अनुमति के बनीं अवैध दीवारों को ढहाने की कार्रवाई बुधवार को निगम अमले ने की। अमले के कर्मचारियों ने दीवारों को हथोड़े से तोड़ दिया। उक्त अतिकमण करने वालों को निगम की ओर से नोटिस दिए गए थे, लेकिन उसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इस पर निगम अमले ने कार्रवाई की। यह कार्रवाई खजूरी रोड पूर्वांचल कॉलोनी एवं निजामुद्दीन के समीप ऋषि कुटीर कॉलोनी में की गई। इधर, निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने कोलार चूना भट्टी, कलियासोत नदी, सर्वधर्म, मंदाकिनी, निर्मलादेवी गेट, ललिता नगर, आलोक धाम, संस्कार गार्डन, फाइन एवेन्यू फेस-2, त्रिलंगा, अरेरा कॉलोनी, 1100 क्वार्टर, गुलमोहर, न्यू मार्केट प्याऊ, नागरिक सहकारी बैंक, जवाहर चौक सरस्वती नगर, एमपी नगर जोन-1, ज्योति टॉकीज, होशंगाबाद रोड, ओल्ड सुभाष नगर, रचना टावर, खजूरी रोड आदि जगहों से अतिक्रमण हटाए।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9405 | | |
| दिन: | 670 | 32 | 679 |
| रात: | 156 | 20 | 136 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 188 | 76 | 259 |
| रात: | 468 | 84 | 167 |

बागसेवनिया थाना क्षेत्र नर्मदापुरम सड़क पर एम्प्री के पास का मामला

# साइकिल ट्रैक के पास बैठकर युवती से बात कर रहे युवक पर बका से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र नर्मदापुरम सड़क पर एम्प्री के पास साइकिल ट्रैक पर युवती से बातचीत कर रहे युवक पर स्कूटर सवार दो युवकों ने बका (तलवारनुमा चाकू) से जानलेवा हमला कर दिया। घटना सोमवार रात करीब आठ बजे के आसपास की है। घटना के समय वह साइकिल ट्रैक के पास बैठकर महिला मित्र से बातचीत कर रहा था। इसी बीच मिसरोद की तरफ से एक स्कूटर पर तीन युवक पहुंचे। एक स्कूटर पर बैठा था, जबकि दो ने उसके साथ मारपीट करते हुए बके से हमला कर दिया। हाथ और कान के पास बका से चोट लगने के कारण युवक को गंभीर चोट आई है। उसका थाने के सामने निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार सत्यम प्रजापति (26) मंडीदीप का है।

वह होशंगाबाद रोड स्थित एक शापिंग मॉल में काम करता है। सोमवार रात करीब 8 बजे वह परिचित युवती के साथ एम्प्री के


फाइल फोटो

पास साइकिल ट्रैक पर बैठकर बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी बीच एक स्कूटर पर सवार तीन युवक मिसरोद की तरफ से पहुंचे। एक युवक स्कूटर पर बैठा रहा, जबकि दो युवक सत्यम के पास पहुंचे और मारपीट करते हुए बका से हमला कर दिया।

इस हमले में सत्यम से बाएं गाल और दाहिने हाथ पर गंभीर चोट आई है। हमलावरों ने उसे युवती से दूर रहने की हिदायत देते हुए यह हमला किया था। पुलिस का कहना है कि फिलहाल अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरे में स्कूटर का नंबर नहीं आया है। फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

*हाथ और कान के पास बका से चोट लगने पर युवक गंभीर*

*बदमाश हमला करने के बाद अपने साथी के साथ हुआ फरार*

## इंजीनियर युवक पर चाकू से हमला

इधर, कोहेफिजा क्षेत्र में रहने वाले एक इंजीनियर से मारपीट करते हुए तीन लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खानूगांव में रहने वाला मो. यूसुफ साफ्टवेयर इंजीनियर है। पिछले कुछ दिनों से उसका अरशद नामक युवक से विवाद चल रहा है। मंगलवार की शाम करीब साढ़े छह बजे अरशद ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। यूसुफ मिलने के पहुंचा तो अरशद अपने साथियों को लेकर खड़ा हुआ था। यूसुफ के आते ही पुरानी बात को लेकर अरशद उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। यूसुफ ने जब इसका विरोध किया तो तीनों ने उसे चाकू से हमला कर दिया। यूसुफ के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग निकले। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल यूसुफ को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से पुलिस को सूचना मिली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## चरित्र संदेह पर पत्नी पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला

खजूरी सड़क पुलिस ने बताया कि सुनीता बाई (34) राजीव नगर टपरा खजूरी सड़क में रहती है। उसका पति पर्वत नाथ से विवाद चल रहा है। सोमवार सुबह करीब छह बजे सुनीता खदान की तरफ शौच के लिए जा रही थी। इसी बीच रास्ते में पर्वत नाथ उसे मिल गया। उसने सुनीता को रोका और कहने लगा कि आजकल तुम बहुत लोगों से मिलजुल रही है। सुनीता बाई ने उसका विरोध किया तो उसने अपने पास रखे से चाकू से सुनीता पर हमला कर दिया। चाकू सुनीता के शरीर में पांच अलग-अलग जगह लगा है। चाकू लगने से उसे गले, पेट, पीठ और दोनों हाथों में गंभीर चोट है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है।

वायरल वीडियो के आधार पर अन्य के गिरफ्तारी के प्रयास

# युवक के मुंह पर कालिख गोबर लगाने वाले दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर में होटल में युवती के साथ मिले मुस्लिम युवक से मारपीट करने और उसके मुंह पर कालिख पोतकर गोबर लगाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर अन्य की पहचान कर उनकी भूमिका के आधार पर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की वीडियो के आधार पर तलाश कर रही है। खुद को बजरंग दल के कार्यकर्ता बताने वाले कुछ युवा, नाबालिग भी हैं।

जानकारी के अनुसार गौतम नगर स्थित एक होटल में शनिवार दोपहर हिंदू युवती के साथ मिले मुस्लिम युवक से कुछ युवकों ने जमकर मारपीट व अर्धनग्न कर उसका जुलूस निकाला। मुंह पर स्याही पोती और गोबर लगाया। करीब एक घंटे तक युवक सड़क पर जयश्री राम का नारा लगाते हुए युवक को घुमाते रहे और उसे अधर्मी और जिहादी बताया गया। पुलिस की टीम युवक और उसके साथ मौजूद युवती को लेकर थाने पहुंची। वहां युवती ने कहा कि युवक को वह लंबे समय से जानती है और उसके खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करना चाहती। पुलिस ने युवक और युवती को थाने से जाने दिया। इधर, बजरंग दल के प्रसार विभाग ने एक पत्र जारी किया था। जारी पत्र में प्रसार विभाग ने मुस्लिम युवक के साथ किए गए अभद्र व्यावहार को गलत बताया था। चूकि बजरंगदल अनुसाशन के दायरे में रहकर प्रशासन को साथ लेकर कार्यवाही करता है। जिन युवकों ने शर्मनाक घटना की है उनका संगठन से कोई लेना देना नहीं है।

### मुस्लिम समुदाय के गुस्से के बाद हुई कार्रवाई

*पूरी घटना में थाना प्रभारी गोविंदपुरा अवधेश तोमर मीडिया से बात करने से बचते रहे। साथ ही एसीपी ने भी चुप्पी साध ली। राजधानी की फिजा बिगड़ने के बाद आलाधिकारियों ने आनन-फानन में कार्रवाई की। दो लोगों को हिरासत में लिया गया। उनके खिलाफ धर्म विशेष पर टिप्पणी करने वाले वह धार्मिक सौहार्द्र बिगाड़ने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। वीडियो फुटेज व साक्षियों के कथन के बाद पुलिस ने रोहित सिंह, बृजेंद्र प्रजापति, जीतू कुशवाह, रंजीत सूर्यवंशी, लाला राम मीणा को चिन्हित किया है।*


एक्सटेंशन काउंटर का लोकार्पण करतीं डॉ. सचदेवा व अन्य।

भेल के मरीजों को मिलेगी शुद्ध खाने-पीने की सामग्री

# वाटिका जलपान गृह के नए एक्सटेंशन काउंटर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएचईएल लेडीज लेडीज क्लब द्वारा संचालित कस्तूरबा अस्पताल स्थित वाटिका जलपान गृह के नवीनीकृत एक्सटेंशन काउंटर का लोकार्पण मुख्य अतिथि संगीता रामनाथन एवं रोजी उपाध्याय, अध्यक्षा बीएचईएल लेडीज क्लब की उपस्थिति में हुआ। इसका उद्देश्य मरीजों को खान-पान की शुद्ध सामग्री उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर डॉ. पोमिला सचदेवा, महाप्रबंधक एवं मुख्य चिकित्सा सेवाएं, अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी, वाटिका सेंटर की उपाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, सचिव बीना बरनवाल, कोषाध्यक्ष मंजू शौरी, शीतल जुनेजा सहित अन्य उपाध्यक्ष योगिता बघेल, अनुजा मजूमदार, ललिता चटर्जी, मनीषा शर्मा, निशा मीना, दीपाली गोस्वामी एवं मैनेजर सुमेर सिंह लोवंशी उपस्थित थे।

कृष्णा विला गुलमोहर कॉलोनी में हुई वारदात

# बदमाश ने किया महिला के गले से मंगलसूत्र झपटने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा विला गुलमोहर में काम कर सर्वेंट क्वार्टर लौट रही महिला के गले से स्कूटर सवार बदमाश ने मंगलसूत्र झपटने का प्रयास किया। हालांकि महिला ने मंगलसूत्र अपने दुपट्टे में छिपाकर शोर मचा दिया। महिला का हौसला देखकर बदमाश स्कूटर लेकर फरार हो गया।

घटना गत 9 मई कर दोपहर एक बजे के आसपास की है। महिला ने रात में थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात स्कूटर सवार बदमाश पर झपटमारी के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुलमोहर कॉलोनी के पास शाहपुरा निवासी विनिता घोरंगे (31) घरों में साफ-सफाई का काम करती हैं।

### काम कर घर लौटते वक्त बदमाश ने की वारदात

9 मई की दोपहर करीब एक बजे वह गुलमोहर कॉलोनी में काम करने के बाद सर्वेंट क्वार्टर पैदल घर लौट रही थीं। उसी दौरान कृष्णा विला कॉलोनी की रोड पर स्कूटर से आए बदमाश ने विनिता के गले में लटका सोने का मंगलसूत्र झपटने का प्रयास किया। मंगलसूत्र छोटा और गले से चिपटा होने के कारण बदमाश पकड़ नहीं सका। उसने दूसरा प्रयास किया, लेकिन तब तक महिला ने अपने दोनों हाथों और दुपट्टे से मंगलसूत्र कवर कर लिया। महिला का शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आने लगे। लोगों को आता देख स्कूटर सवार बदमाश वहां से भाग निकला। पुलिस का कहना है कि घटनाक्रम कैमरे में कैद हुआ है।

सड़कों का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण नहीं हुआ तो अधिकारी समझ लें: रामेश्वर

# महापौर व विधायक ने दो करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

वार्ड 4 में 2 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन बुधवार को विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय व एमआईसी मेंबर क्षेत्रीय पार्षद राजेश हिंगोरानी ने किया। इस विकास कार्य में पीएनबी बैंक रोड से साधु वासवानी स्कूल तक सीसी रोड, बालानी क्लीनिक से गैस राहत तक सीसी रोड, निरंकारी मंडल सीसी रोड, बेहटा गांव श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल, शेड, पेपर ब्लॉक, गिदवानी पार्क बाउंड्री वॉल का निर्माण, प्राथमिक शाला के पास शेड का निर्माण, वन ट्री हिल्स हनुमान मंदिर पर शेड निर्माण एवं तेजवानी हाल के पास शेड का निर्माण शामिल है।


वार्ड 4 में विकास कार्य का भूमिपूजन करते विधायक रामेश्वर, महापौर व अन्य नेता।

### शहर के विकास कार्यों में नहीं आएगी कमी: राय

*भूमिपूजन समारोह में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा एवं महापौर मालती राय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, रमेश जनियानी, नरेंद्र लालवानी, राजू गुलानी, कमल प्रेमचंदानी, प्रवीण प्रेमचंदानी, आजाद सिंह सिसोदिया, किशन अच्छानी सहित भाजपा के वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता व आस-पास के क्षेत्रवासी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की सड़कों का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि सड़क बीस साल तक चल सके। गुणवत्ता को ध्यान नहीं रखा तो अधिकारी समझ ले। महापौर ने कहा की शहर के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। क्षेत्रीय पार्षद राजेश हिंगोरानी ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने में धीमी गति को लेकर जनता के सामने माफी मांगते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ विकास में ही विश्वास रखती है। इस सड़क का निर्माण पिछले डेढ़ साल से लंबित पड़ा हुआ था। कार्यक्रम की संचालन कमल वीधानी ने किया।*

एक ही कार से रोजाना कर रहे अस्पताल आने-जाने का कार्य

# सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के 7 डॉक्टर पीएम की अपील से पहले ही कारपूलिंग कर बचा रहे ईंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन बचाने और प्रदूषण कम करने के लिए 'कारपूल' अपनाने की अपील की गई है। हालांकि, भोपाल के सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सात डॉक्टरों ने इस विजन को प्रधानमंत्री की अपील से बहुत पहले ही हकीकत में बदल दिया था। जून 2022 से ही यह समूह व्यक्तिगत वाहनों के बजाय एक ही कार में अस्पताल आने-जाने की पद्धति का पालन कर रहा है। सीनियर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सपना प्रशांत श्रीवास्तव के अनुसार, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए उन्होंने यह फैसला लिया था, जिससे अब हर महीने सैकड़ों लीटर ईंधन की बचत हो रही है। इस पहल के माध्यम से डॉक्टर न केवल कार्बन उत्सर्जन कम कर रहे हैं, बल्कि अस्पताल परिसर में पार्किंग की समस्या को भी कम करने में मदद कर रहे हैं।


एक की कार से रोजाना अस्पताल आना-जाना करने वाले डॉक्टर व ड्राइवर।

**साझा यात्रा के दौरान केसेज पर करते हैं चर्चा**

प्रतिदिन सात कारों के स्थान पर केवल एक कार से आने पर मरीजों को पार्किंग में सहूलियत मिलती है। ईंधन की बचत और पर्यावरण रक्षा के अलावा, इस साझा यात्रा का सबसे बड़ा फायदा डॉक्टरों के बीच आपसी समन्वय और चर्चा के रूप में सामने आया है। आने-जाने के लगभग 40 मिनट के दौरान ये विशेषज्ञ न केवल जटिल मेडिकल केसेज पर चर्चा करते हैं, बल्कि् यक्तिगत सुख-दुख भी साझा करते हैं, जिससे उनकी टीम बॉन्डिंग और अधिक मजबूत हुई है।

### छोटी सी कोशिश आज राष्ट्रीय सोच बनी

सेवा सदन अस्पताल प्रबंधन के पूर्ण सहयोग से संचालित इस मुहिम में डॉ. प्रेरणा उपाध्याय, डॉ. रश्मि आप्टे, डॉ. सपना प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. रोहिणी गद्रे, डॉ. दीपा रैदास, डॉ. सरिता कुमार और डॉ. सोनल गोरे शामिल हैं। इन डॉक्टरों के साथ ड्राइवर चंदन भी इस अनुकरणीय यात्रा का हिस्सा हैं। डॉ. श्रीवास्तव का कहना है कि जब उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को कारपूलिंग पर जोर देते सुना, तो उन्हें गर्व महसूस किया कि उनकी वर्षों पुरानी यह छोटी सी कोशिश आज एक राष्ट्रीय सोच का हिस्सा बन चुकी है। इन सात डॉक्टरों ने सिद्ध कर दिया है कि यदि व्यक्ति स्वयं से शुरुआत करे, तो समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

कलेक्टर ने उद्योगपतियों के साथ की बैठक

# जन-कल्याणकारी कार्यों को गति देने पर की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज, मंडीदीप के सभागार में बुधवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में उद्योगपतियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में औद्योगिक समस्याओं के निराकरण और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के माध्यम से जन-कल्याणकारी कार्यों को गति देने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उद्योगपतियों ने मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा, जिस पर उन्होंने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### उद्योगों की भागीदारी जरूरी



कलेक्टर ने आग्रह किया कि उद्योग जगत भविष्य में गैस, डीजल और पेट्रोल पर निर्भरता कम करने के लिए नवाचारी ऊर्जा विकल्पों पर ध्यान दें, जिससे देश ऊर्जा के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बन सके। कलेक्टर विश्वकर्मा ने सीएसआर मद के माध्यम से सामाजिक सरोकार के कार्य और जिले के विकास में उद्योगों की भागीदारी की अपेक्षा की।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन की सुप्रीम कोर्ट से गुहार

# एनटीए को बदला जाए या उसका पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए, साथ ही 'न्यायिक निगरानी' में कराई जाए नीट परीक्षा

## नीट पेपर लीक मामला... फैमा ने शीर्ष अदालत में दायर की याचिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट यूजी 2026 मामले में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फैमा) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि एनटीए द्वारा नीट यूजी के आयोजन में व्यवस्थित विफलता हुई है। याचिका में मांग की गई है कि एनटीए को बदला जाए या उसका पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए। साथ ही, इसकी नई परीक्षा न्यायिक निगरानी में कराई जाए। याचिका में यह मांग की गई है कि वह केंद्र सरकार को एनईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए एनटीए को एक अधिक मजबूत, तकनीकी रूप से उन्नत और स्वायत्त निकाय से बदलने का निर्देश दे।

परीक्षा रद्द होने से छात्र परेशान



शीर्ष कोर्ट से संस्था ने की मांग

### अनुमानित प्रश्नपत्र में 100 से ज्यादा प्रश्न मेल खा रहे

यह याचिका एनटीए द्वारा 3 मई को आयोजित एनईटी-यूजी 2026 परीक्षा को पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द करने और केंद्र द्वारा जांच सीबीआई को सौंपने के कुछ दिनों बाद दायर की गई है। बताया जा रहा है कि वॉट्सएप और टेलीग्राम पर जो अनुमानित प्रश्नपत्र घूम रहे थे, उनमें असली परीक्षा के 100 से ज्यादा प्रश्नों से मेल पाया गया था।

### उच्च स्तरीय निगरानी समिति बनाई जाए

याचिका में यह भी मांग की गई है कि एक रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय निगरानी समिति बनाई जाए। इस समिति में एक साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और एक फोरेंसिक विशेषज्ञ भी शामिल हों, ताकि जब तक नया परीक्षा निकाय न बन जाए, तब तक नीट यूजी की दोबारा परीक्षा की निगरानी सही तरीके से हो सके।

### पुनः परीक्षा और सीबीटी मोड की मांग

याचिका में यह मांग की गई है कि जब तक प्रस्तावित नया परीक्षा निकाय या कोर्ट द्वारा बनाई गई अंतरिम निगरानी समिति नई परीक्षा प्रक्रिया की सुरक्षा की जांच और पुष्टि नहीं कर देती, तब तक नीट यूजी की दोबारा परीक्षा एक उच्च स्तरीय न्यायिक समिति की निगरानी में कराई जाए। इसके अलावा, इसमें यह भी कहा गया है कि प्रश्न पत्रों को डिजिटल तरीके से सुरक्षित किया जाए और पेपर लीक जैसी समस्याओं को रोकने परीक्षा को कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) मोड में बदला जाए।

केजरीवाल बोले-सरकार हिला दें

## नेपाल-बांग्लादेश की तरह भारत में भी सड़क पर उतरे जेन-जेड


आम आदमी पार्टी ने पेपर लीक होने के बाद नीट की परीक्षा रद्द होने पर केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों पर हमला बोला है। बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबसे ज्यादा पेपर लीक उन्हीं राज्यों में हुए, जहां भाजपा की डबल इंजन सरकार है। केजरीवाल ने कहा कि मैं देश के जेन जी से सीधे बात करने आया हूं। 2017, 2021, 2024 में पेपर लीक हुए थे। उस समय सीबीआई को जांच सौंप दी गई। क्या सीबीआई ने कुछ किया? इस बार भी सीबीआई को जांच सौंपी गई है। क्या सीबीआई कुछ करेगी? सीबीआई उन्हीं लोगों को रिपोर्ट करती है जो देश में पेपर लीक करा रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### बाहुबली पूर्व विधायक मिश्रा को उम्रकैद

**प्रयागराज।** यूपी के बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा से जुड़ी बड़ी खबर है। हत्या से जुड़े 46 साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने मिश्रा को सजा सुनाई है। कोर्ट ने मिश्रा समेत 4आरोपियों को कठोर उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आईपीसी धारा 302 में कठोर आजीवन कारावास और और सभी को एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा भी सुनाई।




### मदरसा संचालक ने 24 बच्चों को बनाया बंधक

**तुमकुरु।** कर्नाटक के तुमकुरु से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां के अमलापुरा गांव में स्थित एक मदरसे में बिहार के 24 बच्चों को बंधक बनाकर उनसे मजदूरी कराई जा रही थी। शारीरिक प्रताड़ना और शोषण से तंग ये बच्चे किसी तरह वहां से भाग निकले। पुलिस ने उपदेशक मौलाली के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।



### सीबीआई निदेशक सूद को फिर सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल को एक बार फिर बढ़ाने का फैसला किया है। यह उनके कार्यकाल में दूसरा सेवा विस्तार है। इससे पहले मंगलवार को अगले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए पीएमओ में बैठक हुई थी, जिसमें मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए थे।



### बंगाल में फैक्टरी में आग से दो की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तिलजला, तोपसिया और आसपास के इलाकों में चल रही अवैध फैक्टरियों की बिजली-पानी की आपूर्ति काट दें। यह आदेश उस घटना के बाद दिया गया है, जिसमें एक फैक्टरी में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई। मालिकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### शाहपुर में ढाई करोड़ से बन रहा पुल गिरा

**शिमला।** मामला हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का शाहपुर का है, जहां पर करोड़ों रुपए की लागत से बन रहा पुल ढह गया। भ्रष्टाचार की बात इसलिए लिखी क्योंकि अंग्रजों के बनाए पुल अब भी हिमाचल प्रदेश में जैसे के तैसे टिके हुए हैं। पुल के गिरने से पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही ठेकेदार भी निशाने पर है।



पीएम मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल समिति में फैसला

# खरीफ की 14 फसलों पर एमएसपी बढ़ी, धान सूरजमुखी, कॉटन के किसान होंगे लाभान्वित

## सबसे अधिक सूरजमुखी के बीज के लिए एमएसपी 622 से 8,343 रुपए प्रति क्विंटल किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने मार्केटिंग सीजन 2026-27 की 14 खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान किया है। सरकार ने सबसे अधिक सूरजमुखी के बीज के लिए एमएसपी को 622से बढ़ाकर 8,343 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। कॉटन के लिए एमएसपी को 557 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर 8,267 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। धान के लिए 2,441 रुपए प्रति क्विंटल, बाजरा के लिए 2,900 रुपए प्रति क्विंटल और रागी के लिए एमएसपी को 4,886 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 5,205 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है।



### लागत पर मिलने वाला लाभ 50 प्रतिशत रहने का अनुमान

खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 में एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना पर निर्धारित करने की घोषणा के अनुरूप है। इससे किसानों को उत्पादन लागत पर मिलने वाला अपेक्षित लाभ मूंग (61 प्रतिशत) में सबसे अधिक, इसके बाद बाजरा (56 प्रतिशत), मक्का (56 प्रतिशत) और अरहर (54 प्रतिशत) में होगा। शेष फसलों के लिए, किसानों को उत्पादन लागत पर मिलने वाला लाभ 50 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### दालों में भी एमएसपी में बढ़ोतरी की

सरकार ने अनाजों के साथ दालों के लिए भी एमएसपी में बढ़ोतरी की है। अरहर के लिए एमएसपी को 450 रुपए बढ़ाकर 8,450 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो कि पिछले साल 8,000 रुपए प्रति क्विंटल थी। उड़द के लिए एमएसपी को 400 रुपए बढ़ाकर 8,200 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो कि पिछले साल 7,800 रुपए प्रति क्विंटल थी।

### कैबिनेट ने नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण को भी दी मंजूरी

कैबिनेट ने नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आधुनिकीकरण और उन्नयन को सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत आगे बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की जमीन की लीज अवधि 6 अगस्त 2039 से आगे बढ़ाई जाएगी। मल्टी-मॉडल इंटरनेशनल कार्गो हब एंड एयरपोर्ट एट नागपुर'मिहान' इंडिया लिमिटेड नागपुर एयरपोर्ट को निजी भागीदार जीएमआर को 30 वर्षों के लिए लाइसेंस दे सके।

### विदर्भ की कनेक्टिविटी बढ़ेगी

इस परियोजना से विदर्भ क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, आर्थिक ढांचे को गति मिलेगी और कार्गो हैंडलिंग क्षमता में भी बड़ा विस्तार होगा। नागपुर एयरपोर्ट में बड़े निवेश, आधुनिक सुविधाएं और बेहतर यात्री सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कोयला गैसीकरण की परियोजना के लिए 37,500 करोड़ रुपए मंजूर

## भारत में अगले 200 वर्षों के लिए कोयला भंडार मौजूद

कैबिनेट में 37,500 करोड़ रुपए से कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने की एक योजना को भी मंजूरी दी गई है। वैष्णव ने कहा कि कोयला गैसीकरण का निर्णय अहम है। गैस की आवश्यकता और भू-राजनीतिक स्थिति के अनुसार आत्मनिर्भर कैसे बनें? उन्होंने कहा कि भारत में कोयले का प्रचुर भंडार है। अगले 200 वर्षों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत के पास पर्याप्त कोयला है। तो क्या हम उस कोयले का उपयोग करके गैस का उत्पादन कर सकते हैं? इस दिशा में अच्छा प्रयास किया जा रहा था और आज एक निर्णय लिया गया है- कोयला गैसीकरण योजना। कोयले से गैस का उत्पादन और फिर उस गैस से उर्वरक, कोयले से गैस का उत्पादन और फिर उस गैस से बिजली, कोयले से गैस का उत्पादन और फिर उस गैस से विभिन्न प्रकार के रसायन होंगे।

## 20,667 करोड़ की सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना को भी दी मंजूरी

वैष्णव ने बताया कि रेल मंत्रालय की लगभग 20,667 करोड़ की लागत वाली अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा अर्ध-उच्च गति दोहरी लाइन परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। भारत की पहली सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना के रूप में, यह परियोजना एक अग्रणी परियोजना के रूप में काम करेगी और देश भर में सेमी हाई-स्पीड रेल के विस्तार के लिए एक संदर्भ मॉडल के रूप में कार्य करेगी। यह स्वदेशी रूप से विकसित तकनीक से निर्मित भारतीय रेलवे की पहली अर्ध-उच्च गति परियोजना होगी। इससे अहमदाबाद, धोलेरा एसआईआर को आसानी होगी।

फ्लोर टेस्ट में थलापति की 'विजय'

## 144 विधायकों का समर्थन भाजपा-पीएमके रहीं बाहर

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु की टीवीके सरकार ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया है। बुधवार को हुए विश्वास मत में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली सरकार को 144 विधायकों का समर्थन मिला। 234 सदस्यीय सदन में 22 विधायकों ने सरकार के खिलाफ मतदान किया, जबकि 5 सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए।कई विपक्षी और सहयोगी दलों ने खुलकर सरकार को समर्थन देने का एलान किया। कांग्रेस ने विजय सरकार का समर्थन करने की घोषणा की। सीपीआईएम ने भी सदन में टीवीके सरकार के पक्ष में खड़े होने की बात कही। वीसीके ने भी फ्लोर टेस्ट में विजय सरकार को समर्थन देने का ऐलान किया।वीसीके ने महाराष्ट्र और कर्नाटक की तर्ज पर तमिलनाडु में अंधविश्वास के खिलाफ कानून लाने की अपील की।



### 'करुप्पु' के लिए सुबह 9 बजे के विशेष शो को मंजूरी दी

विजय ने मुख्यमंत्री बनने के 48 घंटे के भीतर बड़ा फैसला लेते हुए सूर्या और त्रिशा स्टारर फिल्म 'करुप्पु' के लिए सुबह 9 बजे के विशेष शो को मंजूरी दे दी है। 14 मई 2026 से रिलीज हो रही इस फिल्म के लिए विशेष अनुमति मिलने से फिल्म इंडस्ट्री में खुशी की लहर है।

रंगासामी ने ली पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ

## नमस्सिवयम और कृष्णराव बने मंत्री

पुडुचेरी की राजनीति के दिग्गज नेता और ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के संस्थापक एन रंगासामी ने बुधवार को 5वीं बार पुदुचेरी के सीएम के रूप में शपथ ली। लोक निवास में समारोह में उपराज्यपाल के कैलाशनाथन ने रंगासामी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। रंगासामी ने ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की। रंगासामी के साथ एनडीए गठबंधन के दो अन्य प्रमुख नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इसमें क्षेत्रीय पार्टी से मल्लाडी कृष्ण राव और भाजपा के ए नमस्सिवयम शामिल हैं। कृष्ण राव ने तेलुगू में शपथ ली। आंध्र प्रदेश की सीमा से लगे पुडुचेरी के एन्क्लेव 'यानम' का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और वरिष्ठ नेता बीएल संतोष भी मंच पर मौजूद रहे।



अधिकार की भावना पर हाईकोर्ट की

## पिता के प्यार से वंचित कर रहीं कस्टडी केस में मां को फटकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कस्टडी और मुलाकात संबंधी विवाद की सुनवाई करते हुए मां को फटकार लगाई। कोर्ट ने 8 साल के बच्चे के प्रति मां के 'अधिकार की भावना' को रेखांकित करते हुए टिप्पणी की कि बच्चे तक पिता की पहुंच बहुत ज्यादा कंट्रोल करने से आप उसे उनसे भावनात्मक तौर पर दूर कर देंगी। बच्चे के विकास पर इसका कुप्रभाव पड़ेगा। जस्टिस भारती डांगरी और मंजूशा देशपांडे पिता द्वारदा दायर की गई अंतरिम अप्लिकेशन पर सुनवाई कर रही थी। वादी ने गर्मियों की छुट्टी के दौरान बेटे के साथ छुट्टियां बिताने की अपील की है। अदालत ने कहा कि हमने यह देखा है कि मां जो बच्चे की कस्टोडियल पैरेंट हैं, उनमें अत्यधिक अधिकार जताने की भावना है।



कुर्सी संभालते ही सरमा का बड़ा फैसला

## यूसीसी को दी मंजूरी, 26 को विधानसभा में पेश होगा बिल

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में दूसरी बार मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद सीएम हिमंत बिस्वा सरमा एक्शन मोड में आ गए हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की क्राइम ब्रांच के सामने पेशी के साथ उन्होंने बड़े चुनावी वादे को लागू करने की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं। बुधवार को हिमंत बिस्वा सरमा की अगुवाई वाले कैबिनेट ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को घोषणा की कि असम सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पेश करेगी (यूसीसी) को 26 मई को असेंबली में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि असम कैबिनेट ने 26 मई को राज्य विधानसभा सत्र के आखिरी दिन यूसीसी बिल (यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल) पेश करने का फैसला किया है।



कर्मकांडों का पालन न करना किसी की धार्मिकता को कम नहीं करता

शीर्ष कोर्ट ने हिंदू धर्म की व्यापक व्याख्या की

## कहा-आस्था साबित करने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने धार्मिक स्वतंत्रता और प्रथाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए हिंदू धर्म की व्यापक व्याख्या की है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने स्पष्ट किया कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांडों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 'जीवन जीने का एक तरीका' है। किसी व्यक्ति को अपना हिंदू अस्तित्व बनाए रखने के लिए मंदिर जाना या विशेष धार्मिक अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है। कोई झोपड़ी में मात्र एक दीपक भी जलाता है, तो उसकी धार्मिक पहचान सिद्ध करने के लिए वही पर्याप्त है।



फाइल फोटो

### धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन पर जोर

अदालत ने धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन पर जोर देते हुए आगाह किया कि यदि हर परंपरा को अदालतों में चुनौती दी जाने लगी, तो इससे देश के सामाजिक और धार्मिक ताने-बाने पर गहरा असर पड़ेगा। 1966 के पुराने फैसलों का हवाला देते हुए वरिष्ठ वकीलों ने वेदों की सर्वोच्चता पर तर्क दिए, जिसके जवाब में कोर्ट ने हिंदू धर्म की उदार और सर्वसमावेशी परिभाषा को रेखांकित किया।

श्री श्री रविशंकर के आश्रम पहुंचे सुपरस्टार रजनीकांत

# मेरा ईगो टूट गया...किसी ने नहीं मांगा ऑटोग्राफ

## आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के विशेष कार्यक्रम में यह बात कही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत ने एक ऐसा किस्सा साझा किया, जिसने उनके जीवन और सोच को पूरी तरह बदल दिया। 45 साल पूरे होने के मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के विशेष कार्यक्रम में अभिनेता ने बताया कि कैसे एक आश्रम की यात्रा ने उनके अंदर के अहंकार को तोड़ दिया। रजनीकांत ने कहा कि एक बार श्री श्री रविशंकर ने उन्हें आश्रम घूमने के लिए साथ चलने को कहा।



आश्रम की यात्रा ने उनके अहंकार को तोड़ दिया



### यह अनुभव बेहद चौंकाने वाला रहा

उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए बेहद चौंकाने वाला था। दुनिया भर में करोड़ों फैंस रखने वाले अभिनेता के लिए यह पल उनके अहंकार को तोड़ने वाला साबित हुआ। रजनीकांत ने स्वीकार किया कि उन्होंने बड़े-बड़े नेताओं और उद्योगपतियों से मुलाकात की है, लेकिन आश्रम में मिला यह अनुभव उन्हें भीतर तक बदल गया।

### इस घटना ने उनके दिमाग को जरूर हिला दिया

कार्यक्रम में अपनी बात खत्म करते हुए उन्होंने हंसते हुए कहा कि गुरुजी ने पहले ही कहा था कि कोई डिस्टर्बेंस नहीं होगा, लेकिन इस घटना ने उनके दिमाग को जरूर हिला दिया। यह सुनकर वहां मौजूद लोग भी ठहाके लगाने लगे।

### मजाकिया अंदाज में कहा किसी ने बात तक नहीं की

इसके बाद जब वे आश्रम पहुंचे तो वहां हजारों लोग मौजूद थे, जिनमें तमिलनाडु के भी कई लोग शामिल थे। रजनीकांत को उम्मीद थी कि लोग उन्हें देखते ही पहचान जाएंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। अभिनेता ने मजाकिया अंदाज में बताया कि एक भी इनसान ने मेरी तरफ देखा तक नहीं। फोटो और ऑटोग्राफ मांगना तो दूर, किसी ने बात तक नहीं की। मैं हाथ हिला रहा था, लेकिन कोई ध्यान ही नहीं दे रहा था।

पीएम मोदी ने बिट्टू का लेख साझा किया

## आधुनिक रेलवे के नेटवर्क से पंजाब में खुलीं तरक्की की राहें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का एक लेख साझा किया, जिसमें पंजाब में आधुनिक रेलवे स्टेशनों और बेहतर रेलवे नेटवर्क के माध्यम से हो रहे विकास और नए अवसरों का उल्लेख किया गया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि पंजाब में रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण से तरक्की की नई राहें खुल रही हैं और इससे लोगों को व्यापक स्तर पर लाभ मिल रहा है। एक्स पोस्ट में कहा कि पंजाब में आधुनिक रेलवे स्टेशन और मजबूत रेलवे नेटवर्क राज्य के विकास को नई गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यहां के लोगों के लिए रोजगार, व्यापार और संपर्क के नए अवसर लेकर आ रहा है। पंजाब में आधुनिक रेलवे स्टेशनों और बेहतर रेलवे नेटवर्क से तरक्की की नई राहें खुल रही हैं। यह बदलाव यहां के लोगों के लिए ढेरों अवसर ला रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिट्टू का यह लेख दर्शाता है कि पंजाब कैसे बदल रहा है?



रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ब्रिक्स सम्मेलन से पहले कहा

# पीएम मोदी दुनिया के सबसे जीवंत नेताओं में से एक, भारत में तेल की कमी कतई नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत यात्रा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने



रूस-भारत संबंधों को भी सराहा है और उसे मजबूत बताया है। लावरोव ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे जीवंत नेताओं में से एक हैं। उन्होंने पीएम मोदी की ऊर्जा की भी तारीफ ही है। इसके अलावा, लावरोव ने यह भी कहा है कि रूस भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ऐलान किया है कि रूस लगातार भारत को तेल निर्यात करता रहेगा। लावरोव ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे जीवंत नेताओं में से एक हैं।

◀ रूस-भारत की दोस्ती के भविष्य को लेकर लोगों को चिंता नहीं करनी चाहिए

◀ रूस गारंटी दे सकता है कि भारत के हितों को कोई नुकसान नहीं पहुंचने देगा

"रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने नई दिल्ली में आयोजित होने वाली ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले भारत को लेकर रूस की नीति स्पष्ट की है। उन्होंने भारत-रूस संबंधों की जमकर तारीफ की है। लावरोव ने कहा है कि रूस हमेशा भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करता रहेगा।"

### हिंदी-रूसी भाई-भाई सिर्फ नारा नहीं

भारत-रूस रिश्तों पर बात करते हुए लावरोव ने कहा कि हिंदी-रूसी भाई-भाई सिर्फ कोई राजनीतिक नारा नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों की संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा, भारतीय सिनेमा, राज कपूर, और हाल के टीवी सीरियल और फिल्में रूस के हर कोने में बेहद लोकप्रिय हैं। हमारा रिश्ता चट्टान की तरह मजबूत है।

### हमारे रास्ते कभी अलग नहीं हो सकते

दोनों देशों के बीच अर्थव्यवस्था, संयुक्त ऊर्जा उत्पादन, सैन्य सहयोग, परमाणु ऊर्जा, सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों के साथ-साथ उच्च-स्तरीय राजनीतिक संवाद बेहद मजबूत हैं। भारत-रूस संबंधों को लेकर लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच भरोसा इतना गहरा है कि अलगाव की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

### रिश्तों को कमजोर करने की कोशिश

लावरोव ने यह भी कहा कि कुछ ताकतें रूस-भारत रिश्तों को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं और बंद ढांचे बनाकर अपने नियम थोपना चाहती हैं, लेकिन उनकी कोशिशें लगातार नाकाम हो रही हैं। उन्होंने कहा, हम यह सब देख रहे हैं और हमारे भारतीय दोस्त भी इसे देख रहे हैं।

### भारत सा कोई नहीं

उनमें न केवल जबरदस्त ऊर्जा है, बल्कि वे इसे बहुत ही महत्वपूर्ण लक्ष्यों और उपलब्धियों पर केंद्रित करते हैं- चाहे वह अर्थव्यवस्था हो, सैन्य रक्षा हो, संस्कृति हो, या फिर स्वाभाविक रूप से, भारत की उस अद्वितीय सभ्यतागत विरासत को बनाए रखना हो, जो किसी और देश के पास नहीं है। लावरोव ने ये बातें दिल्ली में शुरू होने वाली ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए नई दिल्ली की अपनी यात्रा से पहले की है।

### जी 20 पर चर्चा

भारत यात्रा के दौरान सर्गेई लावरोव अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे। वह ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों नेता मौजूदा अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। खासतौर पर मध्य-पूर्व की स्थिति पर फोकस रहेगा। इसके साथ ब्रिक्स और जी 20 पर भी बात होगी।

कट्टर दुश्मन रहे एलन मस्क के साथ बीजिंग पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति

# महंगाई ने किया मजबूर...होर्मुज खुलवाने में नाकाम रहे तो जिनपिंग के द्वार पर पहुंचे ट्रंप

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

अमेरिका में बढ़ती महंगाई ने ट्रंप को जिनपिंग से हाथ मिलाने पर मजबूर किया

कड़वाहट भूलकर चीन के साथ व्यापारिक समझौते की कोशिश

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों एक ऐसी यात्रा पर हैं, जिसकी उम्मीद कुछ समय पहले तक किसी को नहीं थी। वे चीन के दौरे पर हैं। यह वही चीन है जिसे ट्रंप पिछले कई महीनों से हर समस्या की जड़ बता रहे थे। चाहे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की चोरी हो, ईरान को हथियार देना हो या गलत तरीके से व्यापार करना, ट्रंप ने चीन को कोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

लेकिन अब अमेरिका में बढ़ती महंगाई और ईरान के साथ चल रहे तनाव ने ट्रंप को अपना रुख बदलने पर मजबूर कर दिया है। ट्रंप 15 मई तक चीन में रहेंगे और कोशिश करेंगे कि कुछ ऐसे समझौते हों, जिससे अमेरिका की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को सहारा मिल सके। 2026 की शुरुआत में डोनाल्ड ट्रंप और चीन के बीच तीखी जुबानी जंग देखने को मिली थी।

ट्रंप प्रशासन ने चीन पर आरोप लगाया था कि वह बड़े पैमाने पर अमेरिका की तकनीक चुरा रहा है और ईरान को मिसाइलें सप्लाई कर रहा है। ट्रंप ने चीन के सामान पर भारी टैरिफ भी लगा दिए थे। लेकिन अब जब वे बीजिंग पहुंच रहे हैं, तो उनके बोल बदल गए हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा है कि वे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अपील करेंगे कि वे अपना बाजार खोलें। उनके साथ अमेरिका की बड़ी कंपनियों के मालिक भी चीन जा रहे हैं, जैसे एनवीडिया के जेनसेन हुआंग और टेस्ला चीफ एलन मस्क। ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका की ये बड़ी कंपनियां चीन में बिना किसी रुकावट के अपना काम कर सकें।



एआई इमेज


ट्रंप का वेलकम हुआ

### अमेरिकी लोग ट्रंप से नाराज

इस दौरे के पीछे सबसे बड़ी वजह होर्मुज जलडमरूमध्य का संकट है। यह समुद्र का वो रास्ता है, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। ईरान और इजराइल के बीच चल रहे युद्ध की वजह से यह रास्ता लगभग बंद है, जिससे दुनिया भर में तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार चली गई हैं। तेल महंगा होने से अमेरिका में हर चीज के दाम बढ़ गए हैं और लोग ट्रंप सरकार से नाराज हैं। ट्रंप को पता है कि चीन ईरान का सबसे बड़ा दोस्त है और वही ईरान को समझा सकता है। इसलिए वे चाहते हैं कि शी जिनपिंग ईरान पर दबाव डालें ताकि समुद्र का रास्ता खुल सके और तेल की कीमतें कम हों। बदले में चीन भी चाहेगा कि अमेरिका उस पर लगी पाबंदियों को थोड़ा कम करे।

दुनिया का 20 प्रतिशत तेल होर्मुज से होता हुआ गुजरता है

### दोनों देशों में कौन भारी

आंकड़ों की बात करें तो अमेरिका और चीन के बीच व्यापार का संतुलन अभी भी चीन के पक्ष में है। पिछले साल अमेरिका ने चीन को 106 अरब डॉलर का सामान बेचा, जबकि चीन से 308 अरब डॉलर का सामान खरीदा। ट्रंप चाहते हैं कि चीन अमेरिका से खेती का सामान, हवाई जहाज और ऊर्जा खरीदे, ताकि यह अंतर कम हो सके। जानकारों का कहना है कि इस समय ट्रंप को चीन की ज्यादा जरूरत है क्योंकि उन्हें अपने देश की जनता को यह दिखाना है कि वे महंगाई कम कर सकते हैं। दूसरी ओर, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग काफी मजबूत स्थिति में हैं। आने वाले दो दिनों की बैठकों में यह साफ हो जाएगा कि क्या ट्रंप चीन से वो डील हासिल कर पाएंगे जिससे अमेरिका का संकट दूर हो सके।

### इधर, ट्रंप की चीन यात्रा.. उधर ताइवान को घेरा

ताइवान को लेकर भी दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। ट्रंप ने कहा है कि वह शी जिनपिंग से 11 अरब डॉलर के अमेरिकी हथियार पैकेज पर बात करेंगे। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और अमेरिकी हथियार बिक्री का लगातार विरोध करता रहा है। जानकारों का मानना है चीन ताइवान को घेरने की कोशिश कर रहा है।

दोनों देश एक दूसरे के सहयोग में पीछे नहीं हटते

ईरान के उप विदेश मंत्री का भारत दौरा

# भारत-ईरान के रिश्ते आपसी समझ सांस्कृतिक और विश्वास पर टिके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

» दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

» घरीबाबादी के साथ एक्स पर तस्वीरें शेयर की गईं

ईरान के उप विदेश मंत्री काजिम घरीबाबादी बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली पहुंचे। उनका स्वागत विदेश मंत्रालय में पश्चिमी मामलों के सचिव सिबी जॉर्ज ने किया। दोनों के बीच उच्चस्तरीय बैठक में क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया एक्स पर घरीबाबादी के साथ तस्वीरें शेयर की गईं। पोस्ट के अनुसार दोनों के बीच द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रम भी शामिल थे। भारत-ईरान के रिश्ते आपसी समझबूझ, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और रणनीतिक विश्वास पर टिके हैं। यही वजह है कि 28 फरवरी से अब तक विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से कई बार फोन पर बात की है। फरवरी के आखिर में तेहरान समेत ईरान के दूसरे शहरों पर अमेरिका-इजराइल ने संयुक्त हवाई हमला किया था।

पिछले महीने, विदेश मंत्री जयशंकर को अराघची की ओर से फोन आया था, जिस दौरान दोनों मंत्रियों ने वेस्ट एशिया में चल रहे संघर्ष के साथ-साथ बाइलेटरल रिश्तों पर विस्तृत बातचीत की थी। इसकी जानकारी जयशंकर ने 29 अप्रैल को एक्स पोस्ट पर दी थी। उन्होंने लिखा, ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने मुझे शाम को कॉल किया। वर्तमान हालात पर उनसे विस्तृत बातचीच हुई। हमने एक दूसरे के संपर्क में रहने पर सहमति जताई।



### पहले पीएम मोदी से हुई थी बात

*21 मार्च को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से बात की और पश्चिम एशिया संकट पर अपनी चिंता से अवगत कराया। इस दौरान, पीएम मोदी ने इलाके में जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुए हमलों की निंदा की और शिपिंग लेन को खुला, सुरक्षित रखने के साथ-साथ नौवहन की सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया।दोनों नेताओं ने इससे पहले 12 मार्च को भी बात की थी। पीएम मोदी ने 'डिप्लोमेसी और डायलॉग' के जरिए मामले को सुलझाने की जरूरत पर बल दिया था। फिलहाल दिल्ली पहुंचे घरीबाबादी की बात करें तो वो ईरान के वरिष्ठ राजनयिक हैं और अक्सर अंतरराष्ट्रीय कानूनी मामलों, मानवाधिकार और क्षेत्रीय कूटनीति से जुड़े मुद्दों में ईरान का प्रतिनिधित्व करते हैं।*

### वैश्विक मुद्दों पर हुआ मंथन

*बाद में ईरानी दूतावास ने भी बताया कि दोनों के बीच संघर्ष विराम, द्विपक्षीय संबंधों के साथ ही क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन वार्ता हुई। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े सुरक्षा और ऊर्जा मुद्दे अंतरराष्ट्रीय चर्चा में बने हुए हैं। भारत-ईरान संवाद, ब्रिक्स और क्षेत्रीय कूटनीतिक मंचों के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग गुरु को पीठ पर लादकर तीर्थ करा रहा चेला

**ऋषिकेश ।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के रहने वाले दुर्गेश पंत (20) ने गुरु-शिष्य परंपरा की अद्भुत



मिसाल पेश की है। दुर्गेश अपने बचपन के दिव्यांग गुरु बाबा विक्रम (48) की इच्छा पूरी करने के लिए उन्हें अपनी पीठ पर उठाकर केदारनाथ की कठिन पैदल यात्रा पर निकल पड़े हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद दुर्गेश ने हार नहीं मानी और गुरु को भगवान मानकर सेवा का संकल्प लिया। ऋषिकेश पहुंचे इस जोड़े को देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। दुर्गेश का कहना है कि गुरु के मार्गदर्शन का ऋण उतारना ही उनके जीवन की सबसे बड़ी पूजा है।

### जम्मू-कश्मीर: 730 से अधिक तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में नशा मुक्त अभियान अब एक जनआंदोलन बन चुका है।



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में कुपवाड़ा में आयोजित पदयात्रा में युवाओं और स्थानीय लोगों ने भारी उत्साह दिखाया। एलजी ने बताया कि पिछले 32 दिनों में नार्को-टेरर नेटवर्क पर प्रहार करते हुए 730 से अधिक तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। प्रशासन ने ड्रग तस्करों की करोड़ों की संपत्तियां जब्त की हैं और 15 तस्करों के पासपोर्ट रद्द करने की सिफारिश की है।

संदिग्ध नियोक्ताओं लिए काम करने का मामला

# यूएस में भारतीयों समेत 10 हजार छात्र रडार पर, कार्रवाई की आशंका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आईसीई) ने कहा कि उसने कई भारतीय छात्रों समेत 10,000 विदेशी छात्रों की पहचान की है जिन पर अपने वीजा के वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) प्रावधान का दुरुपयोग कर संदिग्ध नियोक्ताओं के लिए काम करने का आरोप है।

ओपीटी छात्र वीजा पर अमेरिका में आने वाले विदेशी छात्रों को 12 महीने तक और कुछ मामलों में 24 महीने तक काम करने की अनुमति देता है। यह छात्रों को नियोक्ताओं द्वारा प्रायोजित एच-1बी वीजा में



परिवर्तित होने का अवसर भी देता है। मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आईसीई के कार्यवाहक निदेशक टॉड लायंस ने कहा कि छात्र वीजा कार्यक्रम का ओपीटी प्रावधान धोखाधड़ी का केंद्र बन गया है और गृह सुरक्षा विभाग द्वारा इसकी कई जांच की जा चुकी हैं। लायंस ने कहा, हमें ऐसे मामले मिले हैं जिनमें जासूसी, जैविक खतरों, बौद्धिक संपदा की चोरी, वीजा और रोजगार धोखाधड़ी और यहां तक कि बुजुर्ग अमेरिकियों को निशाना बनाने वाले घोटाले भी शामिल हैं। इन सभी में ऐसे लोग शामिल पाए गए जिन्होंने छात्र होने की अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा, हमारा देश विदेशी छात्र कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले सुरक्षा खतरों को बर्दाश्त नहीं करेगा। लायंस और अन्य अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांचकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया, जिसमें यह सामने आया कि कई ओपीटी लाभार्थियों को भारत में बैठे कर्मचारी प्रतिबंधित कर रहे थे।



### मणिपुर में घात लगाकर चर्च की दो गाड़ियों पर हमला, तीन नेताओं की मौत, कई घायल

**इंफाल।** मणिपुर में बुधवार सुबह एक हमले में चर्च के तीन नेताओं की मौत हो गई। अपराधियों ने उनकी गाड़ी पर हमला तब किया जब वे अपने कुछ साथियों के साथ चुराचांदपुर से कांगपोकपी जा रहे थे। इस हमले में कई लोगों के घायल होने की खबर है। मृतकों की पहचान कूकी समुदाय के संगठनों की ओर रेवरेंड वी सिटलहौ, रेवरेंज काइगौलेन और पास्टर पाओगौलेन के रूप में की गई।

## जहां अजित दादा का प्लेन क्रेश हुआ था




### वहीं हादसे का शिकार हुआ ट्रेनी विमान

*बारामती। महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन 28 जनवरी को बारामती में हुए एक प्लेन क्रैश में हुआ था। उसी बारामती में बुधवार को एक और प्लेन क्रैश हुआ है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी की भी जान नहीं गई है। पुणे की पुलिस ने बताया है कि यह हादसा बारामती एयरपोर्ट के पास ही हुआ है। इससे पहले अजित पवार का प्लेन भी बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान ही हादसे का शिकार हुआ था और क्रू मेंबर समेत सभी लोग उस हादसे में मारे गए थे।*

### पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे ने संघ के बयान को बताया सही

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने पाकिस्तान के साथ बातचीत की पैरवी करके बहुत बड़ी बहस छेड़ दी है। इस पर अलग-अलग तरह के राजनीतिक बयान आ रहे



हैं। इसी दौरान भारत के पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भी आरएसएस में दूसरा स्थान रखने वाले दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व आर्मी चीफ ने इस बात पर सहमति जताई है कि लोगों के बीच आपसी संपर्क बहुत ही जरूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि सीमा के दोनों ही ओर सामान्य लोग रहते हैं और आम लोगों की हर जगह की एक समान चिंता होती है, खाना, कपड़ा, मकान और रोजमर्रा की जिंदगी। पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणेका कहना है कि आमतौर पर साधारण नागरिकों को राजनीति से ज्यादा मतलब नहीं होता। जब दो देशों के लोगों के बीच दोस्ती बढ़ती है तो स्वाभाविक तौर पर दोनों देशों के रिश्ते भी बेहतर होते हैं।

दोनों देशों के साथ रक्षा सहयोग और जहाजरानी जैसे मुद्दों पर की जाएगी बातचीत

रक्षा सहयोग में वियतनाम की भारत के साथ की जाने वाली ब्रह्मोस मिसाइल के मुद्दे को शामिल किया जा सकता है

# अगले सप्ताह वियतनाम, दक्षिण-कोरिया की यात्रा करेंगे राजनाथ सिंह!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध और दक्षिण चीन सागर में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह से



वियतनाम और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर जाएंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के साथ रणनीतिक संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करना, रक्षा सहयोग और उससे जुड़ी उद्योग साझेदारी को बढ़ावा देना है। रक्षा सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री की इस दो देशों की विदेश यात्रा की शुरुआत 18 मई से हो सकती है और इसकी कुल अवधि चार दिन की रहेगी। इस दौरान होने वाली उच्च-स्तरीय चर्चाओं में खासतौर पर रक्षा सहयोग के तहत ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद के मुद्दे को भी शामिल किया जा सकता है।

### भारत यात्रा पर थे

इसी महीने 5 से 7 मई तक वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर थे। जिसके तहत उन्होंने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक की थी। जिसमें दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों समेत क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचार विमर्श किया गया था। राष्ट्रपति लाम ने अपनी भारतीय समकक्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी शिष्टाचार मुलाकात की थी। इसके अलावा उनकी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी एक बैठक हुई थी।

### ब्रह्मोस को लेकर चर्चाएं जोरों पर

वियतनाम भारत से सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने का इच्छुक है। जिसे लेकर दोनों देशों के बीच वार्ता भी जारी है। लेकिन अभी तक इस मामले में किसी आधिकारिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। पिछले दिनों राष्ट्रपति लाम की भारत यात्रा के दौरान भी दोनों देशों ने आपसी सहयोग के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया था। जिसका एक पक्ष रक्षा सहयोग भी है और उसमें ब्रह्मोस का मसला भी शामिल है। वियतनाम के अलावा रक्षा मंत्री दक्षिण कोरिया जाएंगे।

### रक्षा मंत्री की इन यात्राओं का महत्व

दुनिया के अलग-अलग भागों में चल रहे संघर्षों के जटिल परिदृश्य में राजनाथ सिंह की दो देशों की इस विदेश यात्रा की खासी अहमियत है। क्योंकि घरेलू स्तर पर सैन्य संघर्षों से रक्षा तैयारियों की रफ्तार प्रभावित हो रही है। वर्तमान में भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा प्रयोग किए जा रहे लगभग 70% से अधिक हथियार रूसी मूल के हैं। रूस-यूक्रेन के साथ बीते करीब चार साल से अधिक वक्त से युद्ध में उलझा हुआ है। ऐसे में रूसी सैन्य हथियारों, प्लेटफार्म की देखभाल, मरम्मत का काम प्रभावित हो रहा है।



कई हेल्थ डाटा के अनुसार दुनिया में 30 से 80 वर्ष की आयु वाले 1.4 बिलियन से अधिक लोग हाइपरटेंशन से ग्रस्त हैं। यह गंभीर चिंताजनक इसलिए भी है कि इससे कई दूसरी प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि हाई बीपी को लेकर आप पूरी तरह अवेयर रहें। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस।

## कई प्रॉब्लम्स की वजह बन सकता है हाई बीपी



### मेडिकल सजेशन



डॉ. विपुल गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

आज के दौर में हाइपरटेंशन यानी हाई बीपी को कॉमन डिजीज माना जाता है। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना ठीक नहीं है क्योंकि इसकी वजह से शरीर में कई अन्य गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**क्या होता है हाइपरटेंशन:** एक हेल्दी एडल्ट व्यक्ति का अपर या सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 120 एमएम एचजी और लोअर या डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 80 एमएम एचजी होता है। अगर लोअर रीडिंग 85 से अधिक और अपर रीडिंग 120 से अधिक हो तो उसे हाई बीपी कहते हैं। अगर यह रीडिंग 140/100 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे हाइपरटेंशन ग्रेड वन कहते हैं। अगर यह रीडिंग 170/110 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे ग्रेड टू हाइपरटेंशन कहते हैं।

**माना जाता है साइलेंट किलर:** अगर कोई व्यक्ति हाइपरटेंशन से ग्रस्त है तो रेग्युलर मॉनिटरिंग और डॉक्टर के कंसल्टेशन से दवा लेकर इसे कंट्रोल करना चाहिए। ऐसा न करने पर इसका बुरा असर कई अंगों पर पड़ सकता है। हार्ट, किडनी और आइज पर बुरा असर पड़ सकता है। पेशेंट को पैरालाइसिस होने का रिस्क रहता है, उसकी आंखों की रोशनी जा सकती है और उसको हार्ट अटैक भी हो सकता है। इसीलिए हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहते हैं।

**इन्हें होता है ज्यादा रिस्क:** हाइपरटेंशन होने का रिस्क उन लोगों को ज्यादा होता है, जिनका बॉडी वेट अधिक होता है, जिनकी हाई बीपी की फैमिली हिस्ट्री है, जो स्मोकिंग करते हैं, जिनको डायबिटीज है या जिनकी लाइफस्टाइल अनहेल्दी है।

**प्रमुख लक्षण:** आपको उन लक्षणों के बारे में भी जरूर जानना चाहिए, जो हाइपरटेंशन की वजह से हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं- सिरदर्द, थकावट, घबराहट, बेचैनी, सुस्ती, वॉमिटिंग, आंखों से धुंधला दिखना। अगर बीपी बहुत ज्यादा हो तो नाक से ब्लीडिंग भी हो सकती है। चेस्ट में दर्द, सांस लेने में परेशानी महसूस हो सकती है।

**ऐसे करें बीपी कंट्रोल:** इसे कंट्रोल करने के लिए पेशेंट को रेग्युलर अपना बीपी, शुगर लेवल और कॉलेस्ट्रॉल चेक करवाते रहना चाहिए। अपनी लाइफस्टाइल हेल्दी रखनी चाहिए। हेल्दी डाइट लें, कॉमन आयोडाइज्ड सॉल्ट का सेवन डेली 5 ग्राम से अधिक नहीं करना चाहिए। कुछ लोग सेंधा नमक का सेवन करते हैं, लेकिन उसे भी कम लेना चाहिए क्योंकि उसमें पोटेशियम की मात्रा ज्यादा होती है। ग्रीन वेजिटेबल्स और प्रोटीन का सेवन करें, इससे वेट कंट्रोल रहेगा। मोनोअनसैचुरेटेड फैट जैसे ऑलिव ऑयल, कैनोला ऑयल और मस्टर्ड ऑयल का सेवन करना चाहिए।

**ट्रीटमेंट में न बरतें लापरवाही:** अगर लाइफस्टाइल और डाइट सुधारने के बाद भी बीपी नॉर्मल नहीं हो पा रहा है तो डॉक्टर से कंसल्ट करें। उनकी बताई दवा रेग्युलर लेनी चाहिए। ट्रीटमेंट में लापरवाही से दूसरे अंगों पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर कोई व्यक्ति डायबिटिक है और उसे हाई बीपी भी है तो उसे और भी अवेयर रहना चाहिए।

**बचाव के उपाय:** हाइपरटेंशन से बचने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें। फास्ट फूड और जंक फूड अवॉयड करें। अपना बॉडी वेट कंट्रोल रखें। बहुत मीठा और बहुत नमक वाली चीजें न खाएं। स्मोकिंग और एल्कोहल का सेवन न करें। रेग्युलर वर्कआउट करना, रोज अच्छी नींद लेना भी बीपी कंट्रोल करने में सहायक है। *

प्रस्तुति: विज्ञान भूषण

### डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. मनीषा चक्रवर्ती
सीनियर कंसल्टेंट-पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी
मैरिंगो हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

स्पेशल: वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

बीते कुछ वर्षों में वयस्क और बुजुर्गों के अलावा बच्चे भी हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने लगे हैं। यह एक गंभीर समस्या है क्योंकि इससे बच्चों की फ्यूचर लाइफ प्रभावित हो सकती है। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि बच्चों में हाइपरटेंशन क्यों होता है, इसके क्या लक्षण हैं, इसका क्या उपचार है और इससे बच्चों को कैसे बचाया जा सकता है?

## सीरियस हेल्थ इश्यू चाइल्डहुड हाइपरटेंशन





पहले ऐसा माना जाता था कि हाइपरटेंशन बड़े और बुजुर्गों की बीमारी है, लेकिन आज के समय बच्चों में भी हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या तेजी से बढ़ रही है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के हिसाब से जिस उम्र में बच्चों का समुचित विकास होना चाहिए, उस उम्र में उन्हें हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी घेर रही है। विडंबना है कि ज्यादातर पैरेंट्स इसके लक्षणों को आए दिन होने वाली दूसरी बीमारी मानकर नजरअंदाज कर देते हैं और बीपी चेक कराने में लापरवाही करते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसी वजह से 9 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों में ब्लड प्रेशर हाई होने का पता नहीं चल पाता, जो भविष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

**चिंताजनक हैं आंकड़े:** डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में हर 100 में से 7-8 बच्चे हाइपरटेंशन से जूझ रहे हैं। द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंस हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों में बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के मामले लगभग दो गुने हो चुके हैं। वर्ष 2000 में जहां बच्चों में हाई बीपी का आंकड़ा करीब 2-3 प्रतिशत था, वहीं वर्ष 2020 तक यह बढ़कर 6 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया है। बच्चों को हाइपरटेंशन की समस्या किसी भी उम्र में (जन्मजात विकार होने पर नवजात शिशु में भी) हो सकती है। लेकिन सबसे ज्यादा 10-15 साल के बच्चे इसके शिकार होते हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार बचपन में हाइपरटेंशन होने से व्यक्ति के जीवन के अगले पांच दशकों में दिल की बीमारी से होने वाली मौत का जोखिम 40-50 प्रतिशत बढ़ सकता है।

**क्या होता है ब्लड प्रेशर:** असल में ब्लड प्रेशर का संबंध हमारे हार्ट से है। हार्ट हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और ब्लड का सर्कुलेशन पूरे शरीर में करता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय ब्लड आर्टरीज या ब्लड वेसल्स में पड़ने वाले प्रेशर को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है, तब प्रेशर ज्यादा होता है, जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। दूसरी हार्टबीट से पहले हार्ट रिलेक्स मोड में ब्लड अपने अंदर ले रहा होता है। तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। शरीर की संरचना और आयु के हिसाब से ब्लड प्रेशर में अंतर होता है। ब्लड प्रेशर बीपी इंस्ट्रूमेंट, स्पिगनोमेनोमीटर इंस्ट्रूमेंट से मापा जाता है। इंस्ट्रूमेंट में आई ऊपर वाली रीडिंग सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर और नीचे वाली रीडिंग डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहलाती है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने बच्चों में हाइपरटेंशन मापने का अलग पैमाना सेट किया है। बच्चे की उम्र, लिंग और लंबाई के अनुसार अलग बीपी चार्ट बनाया गया है, जिसके आधार पर बच्चे का ब्लड प्रेशर की रेंज दी गई है। जैसे- नवजात शिशु में 60/40 मिमी. एचजी, एक साल में 80/60 मिमी. एचजी और उससे ऊपर नॉर्मल बच्चे में 90/60 मिमी. एचजी और 14-15 साल के बाद वयस्कों की नॉर्मल रेंज आ जाती है यानी 120/80 मिमी. एचजी। इनसे ज्यादा रेंज होने पर हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन की स्थिति मानी जाती है।

**ब्लड प्रेशर चेक कराना जरूरी:** अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार आमतौर पर सभी बच्चे 3 साल की उम्र तक रेग्युलर चेकअप के लिए पिडियाट्रीशियन डॉक्टर के पास जाते हैं। अन्य चेकअप्स के साथ उनका बीपी मापना कंपल्सरी है। अगर बीपी ज्यादा आता है, तो समय-समय पर यानी दो-तीन महीने में चेक कराना जरूरी है, क्योंकि जरूरी नहीं कि हाई ब्लड प्रेशर के सिंप्टप्स भी दिखें। अकसर यह साइलेंट किलर की तरह शरीर में धीरे-धीरे बढ़ता रहता है और बच्चे की हालत बिगड़ने के बाद ही पता चल पाता है।

**हाई बीपी के लक्षण:** बच्चे को सिरदर्द होना या चक्कर आना, देखने में दिक्कत हो रही है, पैरों में दर्द, लेग-क्रैंप्स होना, चलने या खेलने पर जल्दी थकान होना, पेट में दर्द होना, यूरिन करने में परेशानी होना, घबराहट होना, चिड़चिड़ापन होना, नींद न आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**क्या होते हैं कारण:** बच्चों में हाई बीपी के कई कारण हो सकते हैं जैसे-जेनेटिक या फैमिली हिस्ट्री होना। जन्मजात हार्ट की बनावट में खराबी होना जैसे- एओर्टा आर्टरीज (महाधमनी) में संकुचन होना। हार्ट मसल्स का कमजोर होना। हार्ट आर्टरीज पर प्रेशर पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक होना। किडनी की आर्टरीज का ठीक से न बना होना या संकुचित होना। बुखार की वजह से शरीर की ब्लड वेसल्स में सूजन आना। गलत खान-पान जैसे- सोडियम रिच फास्ट या जंक फूड्स या फैटी फूड का अधिक सेवन, नमक का सेवन अधिक करना। अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली। फिजिकल एक्टिविटीज या रेग्युलर एक्सरसाइज की कमी। पढ़ाई और करियर को लेकर तनाव होना।



**क्या होता है असर:** बच्चे में अगर लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर रहता है, तो उसके कारण हार्ट में हाइपरट्रॉफी की समस्या हो जाती है। इसमें हार्ट मसल्स की थिकनेस बढ़ जाती हैं, जिससे हार्ट की पंपिंग पर असर पड़ता है या डायस्टोलिक फंक्शन धीरे-धीरे कम हो जाता है। ब्रेन, हार्ट, आइज, किडनी को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है। बढ़ा हुआ बीपी धीरे-धीरे हार्ट की धमनियों पर दबाव डालता है, जिससे हार्ट डिजीज होने या हार्ट अटैक होने की आशंका रहती है। आर्टरीज फट सकती हैं और उनमें क्लॉटिंग होने से ब्रेन हैमरेज या ब्रेन स्ट्रोक हो सकता है। किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

**क्या है उपचार:** अगर ब्लड प्रेशर बार-बार हाई आ रहा हो या उसकी हार्ट की पंपिंग कम हो रही हो तो बच्चे को ज्यादा एक्टिविटीज करने से मना किया जाता है और उसे आईवी यानी नस के माध्यम से मेडिसिन दी जाती हैं। बच्चे के नॉर्मल होने पर ओरल लिक्विड मेडिसिन पानी में मिलाकर दी जाती है। साथ ही डॉक्टर मरीज को यथासंभव लाइफस्टाइल मॉडीफिकेशन करने की भी सलाह देते हैं जैसे- बीपी रेग्युलर चेक कराने, प्रोसेस्ड जंक फूड या ऑयली फूड से परहेज, कम नमक वाला खाना खाने, रेग्युलर कार्डियक एक्सरसाइज करना।

मेडिसिन आमतौर पर लंबे समय तक चलती हैं लेकिन कई मामलों में बच्चे का ब्लड प्रेशर नॉर्मल हो जाता है या फिर हार्ट की बनावट में सुधार होने या किडनी की बीमारी ठीक होने के बाद बीपी कंट्रोल में आ जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चे की मेडिसिन डॉक्टर के सुपरविजन में धीरे-धीरे बंद कर दी जाती हैं। पैरेंट्स को रेग्युलर डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए। मेडिसिन लेने में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### बच्चों को हाइपरटेंशन से बचाने के उपाय



**रेग्युलर हेल्थ** चेकअप और लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन से बच्चों को हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने से बचाया जा सकता है। फैमिली हिस्ट्री होने या प्रेगनेंसी के दौरान सामान्य अल्ट्रासाउंड में बच्चे के हार्ट की बनावट या मसल्स में थिकनेस होने की आशंका हो तो प्रेगनेंसी के 18-24 सप्ताह के बीच फीटल इकोकार्डियोग्राफी अल्ट्रासाउंड टेस्ट कराएं, ताकि पता चलने पर पैरेंट्स पहले ही केयरफुल हो सकें। अस्पताल से डिस्चार्ज होने से पहले पीडियाट्रिशियन डॉक्टर द्वारा नवजात शिशु के हार्ट या किडनी की बनावट और ब्लड प्रेशर की जांच जरूर की जानी चाहिए। सभी बच्चों का 3 साल से कम उम्र में ब्लड प्रेशर जरूर चेक कराएं। बच्चे का रुटीन चेकअप कराने या इम्यूनाइजेशन के लिए जाएं, तो उसका ब्लड प्रेशर जरूर चेक करवाएं। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें। यथासंभव बच्चों को फास्ट फूड, जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड, वसायुक्त आहार से दूर रखें। सीमित मात्रा में नमक का सेवन की आदत डालें। खासकर टेबल सॉल्ट यानी ऊपर से नमक मिलाना अवॉयड करें। बच्चों को ज्यादा नमक वाली चीजें जैसे- पैकेज्ड फूड, आचार, पापड़, चिप्स, बिस्कुट, नमकीन, सॉस कम दें। टीवी और मोबाइल स्क्रीन का समय सीमित करने, सेडेंटरी लाइफस्टाइल से दूर रहने और रोजाना क्षमतानुसार फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम खेलने या एक्सरसाइज करने के लिए बच्चों को प्रेरित करें। माता-पिता अगर हाई बीपी की समस्या से पहले से पीड़ित हैं, तो गर्भावस्था में बच्चे को इसका शिकार होने से बचाने के लिए डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### हर्बल जोन

रेखा देशराज

## गर्मी में अमृत जैसा है पुदीना

इन दिनों देश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी खूब पड़ रही है। तेज धूप, लू के थपेड़े, बढ़ता तापमान और शरीर में पानी की कमी, ये सब ऐसी स्थितियां हैं जो कई शारीरिक समस्याएं पैदा कर देती हैं। इनमें पुदीना का सेवन कारगर है। यूं तो पुदीना कोई भी मौसम हो, यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, लेकिन गर्मियों में तो मानो यह अमृत जैसा वरदान है। इसकी तासीर ठंडी होती है, जो गर्मियों में शरीर की गर्मी को शांत करने के लिए बहुत उपयोगी है। इसलिए पुदीने का इन दिनों तरह-तरह से उपयोग किया जा सकता है।

**जब तापमान बढ़ जाए:** गर्मी में कई बार शरीर का भी तापमान बढ़ जाता है। इस स्थिति को अगर काबू न किया जाए तो सिर्फ तबीयत खराब हो सकती है। जब किसी के शरीर में गर्मी बढ़ जाती है, तो उसे ठंडा करने के लिए पुदीने का कई तरह से उपयोग किया जाता है। पुदीने की शिकंजी पी सकते हैं। पुदीने के रस से शरीर की मालिश की जा सकती है। कच्चे आम के पने में ढेर सारी पुदीने की पत्तियां पीसकर मिला सकते हैं, जो शरीर के गर्म तासीर को ठंडा करती हैं। पुदीने को पीसकर या इसकी चटनी बनाकर शर्बत के साथ पेट भरकर पीने से राहत मिलती है। दिन में छह-सात पुदीने की शिंकजी पी लेने से गर्मी दूर हो जाती है।



**डिहाइड्रोशन से बचाव:** गर्मियों में पसीना बहुत आता है, पसीना आने से शरीर में पानी कम हो जाता है। इससे डिहाइड्रोशन की समस्या हो जाती है। ऐसी स्थिति में भी पुदीने का शर्बत, पुदीने की शिकंजी रामबाण की तरह कारगर साबित होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट रखता है बल्कि शरीर के इलेक्ट्रोलाइट संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करता है।

**पेट दर्द से राहत:** गर्मी में अकसर भूख कम लगती है और रह-रहकर पेट दर्द होता है। वास्तव में यह कमजोर पाचनतंत्र का नतीजा होता है। ऐसे में पुदीने के अर्क को बतासे के साथ या शिकंजी के साथ लेने से पेट का दर्द खत्म हो जाता है। पाचनतंत्र मजबूत होता है, जिससे भूख लगने लगती है। पुदीना पाचन को बेहतर तो बनाता ही है, यह शरीर को गैस और एसिडिटी से भी राहत देता है।


**त्वचा का रखवाला:** गर्मी में जहां पुदीना पेट और पाचन संबंधी कई समस्याओं से राहत देता है, वहीं गर्मी में शरीर की सूखी, मुरझायी और झुलस गई त्वचा के लिए भी यह बहुत काम की हर्ब है। चूंकि पुदीना त्वचा को ठंडक देता है, जिस कारण त्वचा में नमी बनी रहती है। यह त्वचा को साफ और स्वस्थ रखने में बहुत मददगार है। *

### डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बार-बार हो गले में इंफेक्शन



**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मेरी आवाज अकसर बैठ जाती है। गले में खराश और दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई परमानेंट सॉल्यूशन बताएं।**

**-रोहित, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपका गला बहुत ही ज्यादा सेंसिटिव है और थोड़ा-सा भी ठंडा-गर्म होने पर समस्या शुरू हो जाती है। इसलिए बगैर फिजिकली देखे तो कुछ भी ट्रीटमेंट बताना ठीक नहीं होगा। एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वो फिजिकल गले की जांच करेंगे, अगर जरूरत पड़ी तो कुछ टेस्ट भी कराएंगे और फिर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप फ्रिज में रखी या बाजार में मिलने वाले ठंडे आइटम बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। छह महीने पहले मेरे पैर में हेयरलाइन फ्रेक्चर हुआ था। बैंडेज उतरने के बाद फिजियोथेरेपिस्ट से एक्सरसाइज भी किया था। अब भी फ्रेक्चर वाली जगह पर दर्द होता है और चलने-फिरने में भी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्रपाल, हिसार**

आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। वो दोबारा से उसी जगह का एक्सरे कराएंगे, जिससे पता चलेगा हड्डी ठीक से जुड़ी है या नहीं। दर्द का क्या कारण है। बगैर एक्स-रे कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक चलना-फिरना बिल्कुल ना करें, ना ही वजन उठाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इसका कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जीवन, महासमुंद**

आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच करानी चाहिए। कई बार शरीर में खून की कमी की वजह से इस तरह की परेशानी आती है। अगर आपका एचबी नॉर्मल है तो डॉक्टर फिजिकली चेकअप कर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए बाजार से कोई भी दवा ना लें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। देर तक बैठने के बाद मेरे घुटनों में जकड़न महसूस होने लगती है और चलने-फिरने पर घुटनों से टक-टक की आवाज आती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-रमेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपके जॉइंट्स में गैप बढ़ रहा है, यह उम्र के साथ बढ़ता है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। इसका स्थाई समाधान एक्सरसाइज से होगा। इसके अलावा मौजूदा समय में विटामिन-डी की कमी भी लोगों में एक बड़ी वजह बन रही है। इसलिए आपको विटामिन-डी की दवा भी लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मैं अकसर कहीं रखी गई कोई चीज या बोली या सुनी हुई बात तुरंत ही भूल जाता हूं। प्लीज बताएं ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका समाधान भी बताएं।**

**-कमलेंद्र, रायगढ़**

कुछ लोगों में उम्र बढ़ने के साथ मेमोरी लॉस की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आप ऐसे गेम खेलें, जिसमें दिमाग की एक्सरसाइज अधिक हो। इसका तरीका यही है, इससे आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। गर्मी के मौसम में मुझे पसीना बहुत आता है, अकसर बीपी लो हो जाता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-सुशांत, रायपुर**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, इसलिए बीपी लो की समस्या हो सकती है। इससे बचने के लिए आप अधिक से अधिक पानी पिएं और कोशिश करें कि तेज धूप में ना निकलें और निकलना ही है तो साथ में पानी की बोतल रखें और हर घंटे के अंतराल में पीते रहें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



# प्लेऑफ की जंग : टॉप-2 के लिए जीटी-आरसीबी में भिड़ंत, रेस में चेन्नई शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के सही समय पर फॉर्म में लौटने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ के 4 स्थानों के लिए अब 8 टीमें दौड़ में हैं जबकि लीग चरण के दस दिन बाकी हैं। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस का प्लेआफ में पहुंचना तय लग रहा है । सनराइजर्स हैदराबाद ने भी धीमी शुरुआत के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन सबसे हैरानी की बात पंजाब किंग्स का अचानक खराब प्रदर्शन है। अच्छी शुरुआत के बाद टीम लगातार चार मैच हार चुकी है। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स बाहर हो चुके हैं।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम ने उस निरंतरता को बरकरार रखा है, जिसके दम पर उसने पिछले साल पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। अब तक 11 मैचों में 14 अंक ले चुकी आरसीबी का नेट रनरेट सबसे बेहतर है। केकेआर के बाद उसे पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है।

## पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम अभी भी अंतिम चार में है। उसका नेट रन रेट भी ठीक है। अब उसे मुंबई इंडियंस, आरसीबी और सनराइजर्स के खिलाफ बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे। उसके 11 मैचों में 13 अंक है और धर्मशाला में मुंबई के खिलाफ मैच हर हालत में जीतना होगा।

## गुजरात टाइटंस

चार साल पहले पदार्पण के बाद से गुजरात सिर्फ एक बार प्लेआफ में नहीं पहुंची है । गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और शीर्ष तीन बल्लेबाजों के फॉर्म के दम पर शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम शीर्ष दो में जगह बनाने की दावेदार है । आखिरी दो मैच केकेआर तथा चेन्नई सुपर किंग्स से खेलने हैं।

## क्वालीफाइंग दौड़ में शामिल 8 टीमों के समीकरणों का जायजा




## राजस्थान रॉयल्स

4 जीत के साथ शुरुआत करने वाली आरआर पिछले 7 में से 5 मैच हार गई। 12 अंक लेने वाले रॉयल्स को अगले तीन में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे और बाकी परिणाम भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। उसे बाकी मैचों में दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और मुंबई से खेलना है।

## दिल्ली कैपिटल्स

अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली ने अगले सत्र की योजना बनानी शुरू कर दी है। उसके 12 मैचों में 14 ही अंक है और वह प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर ही है।

## सनराइजर्स हैदराबाद :

पिछले आठ मैचों में छह जीत के बाद सनराइजर्स सही समय पर फॉर्म में लौटी है । बल्लेबाजों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है और गेंदबाज भी पीछे नहीं रहे हैं । सनराइजर्स के 14 अंक है और अगले दो मैचों में उसे चेन्नई और आरसीबी से खेलना है। उसे प्लेआफ में पहुंचने के लिए कम से कम दो अंक और बनाने होंगे।

## चेन्नई सुपर किंग्स

पहले तीन मैच हारने के बाद चेन्नई ने पिछले 8 में से 6 मैच जीते हैं। उसे 15 मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ दो अंक लेने होंगे, जिसके बाद सनराइजर्स और गुजरात से आखिरी दो मैच खेलने हैं। अगले दस दिन में चेन्नई को तीनों मैच जीतने होंगे क्योंकि इस बार 18 अंक प्लेआफ क्वालीफिकेशन की गारंटी लग रहे हैं।

## कोलकाता नाइट राइडर्स

केकेआर पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी लेकिन लगातार 6 हार के बाद पिछले 4 मैच जीतकर ढर्रे पर लौटी। उसके पास दूसरी टीमों से एक मैच अधिक है और अधिकतम 17 अंक मिल सकते हैं। केकेआर को आखिरी तीनों मैच ईडन गार्डंस पर खेलने हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 16 |
| गुजरात | 12 | 8 | 4 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
508 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
21 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप




### भारोत्तोलन चैंपियनशिप: ज्ञानेश्वरी ने जीते दो पदक

**गांधीनगर।** भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव ने 2026 एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 53 किग्रा वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। ज्ञानेश्वरी ने स्नैच वर्ग में रजत और फिर इसी स्पर्धा में कुल 194 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। चीन की जिनलान झाओ ने कुल 216 किग्रा भार उठाकर इस वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की होआई हुओंग गुयेन को कुल 195 किग्रा वजन उठाने पर रजत पदक मिला। कोमल कोहर ने महिलाओं की 48 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदकों का खाता खोला था

### एशियाई खेल: भारतीय टीम से बाहर निशानेबाज जोरावर




**नई दिल्ली।** एशिया में नंबर एक और विश्व रैंकिंग में छठे नंबर के ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की संभावित शॉटगन टीम में शामिल नहीं किया गया है जबकि वह देश के शीर्ष ट्रैप निशानेबाजों में से एक हैं और उन्होंने पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। राष्ट्रीय चैंपियनशिप और घरेलू चयन ट्रायल के दौरान जोरावर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप फाइनल्स की तैयारी में व्यस्त होने के बावजूद उनके लिए इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य था।

### गुहान-संदेश ने जीती राष्ट्रीय चैंपियनशिप

**चेन्नई।** गुहान सेंथिलकुमार और संदेश पीआर की जोड़ी ने तीसरी एचसीएल राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सेंथिलकुमार और संदेश की जोड़ी ने पहले दौर में नमन सुराना और प्रणव अग्रवाल को 11-1 11-2 से हराया। पुरुष युगल में वेलावन सेंथिकुमार ने अभय सिंह जबकि मिश्रित युगल में अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ जोड़ी बनाई है। ये जोड़ियां गुरुवार को चुनौती पेश करेंगी।

## लगातार चार जीत के बाद कोलकाता हुई चित्त,

# 'विराट' रिकॉर्ड का गवाह बना रायपुर, कोहली का 9वां शतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विराट कोहली की तूफानी शतकीय पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को छह विकेट से हरा दिया। बुधवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 194 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस दौरान विराट कोहली ने अपने आईपीएल करियर का नौवां आईपीएल शतक पूरा किया। वह 105 रन बनाकर नाबाद रहे। केकेआर के लिए कार्तिक त्यागी ने तीन विकेट लिए जबकि सुनील नरेन को एक सफलता मिली।

### रिंकू 49 रन बनाकर नाबाद रहे

इससे पहले केकेआर की इस मुकाबले में शुरुआत खराब हुई थी। टीम 48 के स्कोर तक फिन एलन (18) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (19) के रूप में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे। यहां से अंगकृष रघुवंशी ने कैमरन ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 गेंदों में 68 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूती दिलाई। कैमरून 24 गेंदों में एक छक्के और तीन चौकों के साथ 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अंगकृष ने रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 46 गेंदों में 76 रन जुटाकर केकेआर को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। रिंकू 29 गेंदों में दो छक्कों और तीन चौकों के साथ 49 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अंगकृष ने 46 गेंदों में 71 रन बनाए। उनकी इस पारी में तीन छक्के और सात चौके शामिल रहे। विपक्षी खेमे से भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड और रासिख सलाम डार ने एक-एक विकेट हासिल किया।




विराट कोहली को जीत की बधाई देते हुए रिंकू।

### कोहली ने खेली 105 रन की नाबाद पारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी को जैकब बेथेल और विराट कोहली की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 20 गेंदों में 37 रन जुटाए। इसके बाद कोहली ने देवदत्त पड्डिकल के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 59 गेंदों में 92 रन की साझेदारी की। पड्डिकल 27 गेंदों में सात चौकों के साथ 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद कोहली ने कप्तान रजत पाटीदार (11) के साथ 28 रन, जबकि टिम डेविड (2) के साथ 23 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इन खिलाड़ियों के पवेलियन लौटने के बाद विराट कोहली ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने 58 गेंदों में अपना नौवां आईपीएल शतक पूरा किया। कोहली ने 60 गेंदों में तीन छक्कों और 11 चौकों के साथ 105 रन की नाबाद पारी खेली।

## हार से आहत पंजाब, मुंबई के खिलाफ करेगा वार



**धर्मशाला।** पिछले चार मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को अगर आईपीएल में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में सुधार करना होगा। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली पंजाब किंग्स की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। उसकी टीम को अगर शीर्ष चार में जगह पक्की करनी है तो उसे अपने शेष बचे मैचों में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे। पंजाब कुछ समय पहले तक टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी, लेकिन इस प्रारुप और आईपीएल की प्रकृति ही ऐसी है कि भाग्य बहुत जल्दी किसी भी तरफ पलट सकता है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़**

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 05/ निविदा/2026-27 — राजगढ़, दिनांक 11.05.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| स. क्रं. | टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB _506049_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय भवन उपसंभाग राजगढ़ | प्रथम | 15.00 | 30000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2026_PWDRB _506066_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन उपसंभाग राजगढ़ | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2026_PWDRB _506093_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय भवन सेक्शन ब्यावरा | प्रथम | 5.00 | 10000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2026_PWDRB _506182_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन सेक्शन ब्यावरा | प्रथम | 5.00 | 10000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2026_PWDRB _506183_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय भवन उपसंभाग खिलचीपुर | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | 2026_PWDRB _506184_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन उपसंभाग खिलचीपुर | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | 2026_PWDRB _506185_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय भवन उपसंभाग नरसिंहगढ़ | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | 2026_PWDRB _506186_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन उपसंभाग नरसिंहगढ़ | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | 2026_PWDRB _506187_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय भवन उपसंभाग सारंगपुर | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 10 | 2026_PWDRB _506188_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन उपसंभाग सारंगपुर | प्रथम | 5.00 | 10000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 11 | 2026_PWDRB _506189_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय भवन सेक्शन जीरापुर | प्रथम | 5.00 | 10000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 12 | 2026_PWDRB _506193_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन सेक्शन जीरापुर | प्रथम | 5.00 | 10000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 13 | 2026_PWDRB _506194_1 | राजगढ़ | बेरिकेडिंग | बेरीकेटिंग रिपेयर कार्य एवं व्ही.व्ही.आई.पी. प्रथम प्रोग्राम कार्य उपसंभाग सारंगपुर | प्रथम | 16.95 | 33900.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 14 | 2026_PWDRB _506196_1 | राजगढ़ | बेरिकेडिंग | बेरीकेटिंग रिपेयर कार्य एवं व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम कार्य उपसंभाग राजगढ़ | प्रथम | 16.95 | 33900.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | | योग | | 133.90 | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 29.05.2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट मे देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन स्वीकार किये जावेगें

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प, संभाग राजगढ़

G-12815/26 " स्वच्छता ही सेवा "




इटैलियन ओपन

## कोको ने मिरा को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| रोम

अमेरिका की कोको गॉफ ने रूस की मिरा एंड्रीवा को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दुनिया की नंबर 3 खिलाड़ी कोको गॉफ को नंबर 8 सीड एंड्रीवा के खिलाफ तीसरे सेट में लगभग 5-1, दो-ब्रेक की बढ़त के साथ, 4-6, 0-2, 6-4 से जीत हासिल करने के लिए पांच मैच पॉइंट्स की जरूरत पड़ी। एंड्रीवा ने पहले सेट में 3-1 की बढ़त बनाई और कई बार इसे अच्छे से संभाला। पहले सेट में, एंड्रीवा ने 10 विनर और सिर्फ सात अनफोर्स्ड एरर के साथ खत्म किया, और गॉफ के लिए इसका उल्टा हुआ।

### एंड्रीवा ने किए 11 अनफोर्स्ड एरर

गॉफ ने 3-0 की बढ़त बनाई, एक ब्रेक लिया, और दूसरे सेट में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। एंड्रीवा ने दूसरे सेट में 11 अनफोर्स्ड एरर किए, जिससे गॉफ ने डिसाइडर सेट के लिए मजबूर कर दिया। शुरू में ऐसा लगा कि गॉफ 5-1 की बढ़त के साथ डबल ब्रेक लेकर जीत जाएंगी।

महिला टी20 विश्व कप

## ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान मोलिनक्स होंगी कप्तान



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान कर दिया गया है। स्क्वॉड में 15 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। कप्तानी सोफी मोलिनक्स करेंगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम में बाएं हाथ की अनुभवी तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को जगह दी गई है, जबकि डार्सी ब्राउन को बाहर कर दिया गया है।

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
Your host in the heart of India www.mpstdc.com
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल 462003
फोन : +91 755 4027100, 2774340/42, वेब. : www.mpstdc.com
क्रमांक 222/यांत्रिकी/पविनि/26 — दिनांक : 13.05.2026

**निविदा सूचना 183/2026_STDC_507353_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम:- **सीहोर स्थित सीवान नदी के सामने एवं टूरिस्ट फेसिलिटी हेतु बाहरी विद्युतीकरण का कार्य। (02 माह) कार्य की लागत राशि रु. 12.80 लाख** वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 29.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125762/2026 — **कार्यपालन यंत्री**

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**TENDER INVITING NOTICE**

Online percentage Tender is invited for the following works from registered Contractors fulfilling Registration criteria :-

| S. No. | Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract | Completion Period | Cost of Bid Document | Date of Purchase & Submission to Bids | Date of Opening of Tenders |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026-27_MPHID_505455 (1st Call) | Refurbishment of 120 seater boy's hostel building new working/switch etc. in IT Lab ½ and increasing Height of store room in workshop 2 at Divisional ITI Narmadapuram. | Rs. 110.78 Lakh EMD Rs. 1.11 Lakh | 06 Months i/c Rainy Season | Rs.14750.00 (i/c GST) | Date 14.05.2026 | Envelop-A Date 01.06.2026 at 14.00 Hrs. |
| | | | | | | Date 28.05.2026 at 17.30 Hrs. | Envelop-C Date 02.06.2026 at 16.00 Hrs. |

**Note :-** (1) Interested bidders can view the detailed NIT on website **https://www.mptenders.gov.in.** (2) Amendment in NIT if any would be published on website only and not in newspapers.

**Visit us : www.mphousing.in, https://mptenders.gov.in**
**Email : eedn6hbbpl@mphousing.mp.gov.in**
M.P. Madhyam/125750/2026

/ mphidb X/ mphidb

**Prakash Sangamnerkar**
**E.E., Div. 04, Bhopal**
**Ph. 0755-4438284**




### ओवर लोडिंग, फर्जी रॉयल्टी और बिना ई-टीपी खनिज परिवहन के मामले उजागर

# सिर्फ 25 दिन में 139 डंपर पकड़े 4.12 करोड़ रुपए पेनॉल्टी वसूली

## ई-चेक पोस्ट का बड़ा असर: पकड़े गए वाहन मालिकों को मोबाइल पर ई-चालान भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में रेत और अन्य खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने शुरू की गई ई निगरानी व्यवस्था ने शुरुआत में ही बड़ी गड़बड़ियों का खुलासा कर दिया है। इन ई-चेक पोस्टों पर महज 25 दिनों में 139 डंपर अवैध खनिज परिवहन करते पकड़े गए हैं। अब तक 4.12 करोड़ रुपए की पेनॉल्टी लगाई जा चुकी है।

भोपाल स्थित राज्य स्तरीय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के साथ 23 जिला कमांड सेंटरों से इनकी निगरानी की जा रही है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि बड़ी संख्या में वाहन बिना ई-टीपी (इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजिट पास) के रेत, गिट्टी और अन्य खनिजों का परिवहन कर रहे थे।

> पेनॉल्टी जमा करने के लिए एक माह का समय दिया, निर्धारित समय में राशि जमा नहीं करने पर वाहनों की जब्ती और अन्य कार्रवाई होगी

> अवैध खनिज परिवहन की निगरानी पहले की तुलना में अधिक प्रभावी हुई, कार्रवाई में पारदर्शिता आने की उम्मीद बढ़ी

**फैक्ट फाइल**

- 25 दिन में पकड़े गए वाहन : 139
- कुल पेनॉल्टी : 4.12 करोड़ रुपए
- स्थापित ई-चेक पोस्ट : 40
- जिला कमांड सेंटर : 23
- प्रमुख गड़बड़ियां : बिना ई-टीपी, ओवरलोडिंग, फर्जी रॉयल्टी
- प्रमुख जिले : भोपाल, नर्मदापुरम, कटनी, सीधी, सीहोर

### 20 जिलों में सबसे ज्यादा कार्रवाई

भोपाल, नर्मदापुरम, कटनी, सीधी और सीहोर सहित करीब 20 जिलों में सबसे अधिक प्रकरण सामने आए हैं। कड़े गए वाहन मालिकों को मोबाइल पर ई-चालान भेज दिए हैं और पेनॉल्टी जमा करने एक माह का समय दिया गया है। निर्धारित समय में राशि जमा नहीं करने पर वाहनों की जब्ती और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**200 मीटर दूर से नंबर प्लेट पढ़ रहे कैमरे** : प्रदेश के खनिज बहुल जिलों में 40 ई-चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। इनमें लगे अत्याधुनिक कैमरे 200 मीटर दूर से ही वाहन नंबर पढ़ने और इमेज कैप्चर करने में सक्षम हैं। इससे अवैध खनिज परिवहन की निगरानी पहले की तुलना में अधिक प्रभावी हुई है।

### वाहनों में विशेष इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाने की तैयारी

विभाग अब खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में विशेष इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाने की तैयारी भी कर रहा है। यह व्यवस्था फास्ट टैग की तर्ज पर विकसित की जा रही है, जिससे वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग संभव होगी।

### पारदर्शिता बढ़ाने का दावा

खनिज विभाग पर लंबे समय से अवैध परिवहन करने वाले वाहनों को पैसे लेकर छोड़ने के आरोप लगते रहे हैं। नई प्रणाली लागू होने के बाद अब चालान सीधे ऑनलाइन जारी किए जा रहे हैं, जिससे मानवीय हस्तक्षेप कम होगा और कार्रवाई में पारदर्शिता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### दूसरे विभाग भी करेंगे उपयोग

ई-चेक पोस्ट प्रणाली का उपयोग अब पुलिस, परिवहन और वन विभाग भी करेंगे। इससे ओवर स्पीड वाहनों की पहचान, अवैध शराब और लकड़ी परिवहन की निगरानी, अपराधियों की ट्रैकिंग में मदद मिलेगी। इससे अवैध खनिज कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा।

# नर्मदापुरम ने भोपाल लेपड्‌र्स को चार विकेट से हराकर किया फाइनल में प्रवेश

## 14वीं अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता अब रोमांचक दौर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ओल्ड कैंपियन मैदान में चल रही 14वीं अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता अब रोमांचक दौर में पहुंच गई है। बुधवार को टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल नर्मदा पुरम ने भोपाल लेपड्र्स के बीच खेला गया।

इस मुकाबले में नर्मदापुरम ने भोपाल लेपर्ड्स को चार विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल लेपड्र्स की टीम मात्र 104 रनों पर आउट हो गई। इनमें भोपाल लेपड्र्स




की ओर से विकास शर्मा, अंकुर सिंह ने 24-24, प्रांजल पुरी ने 16 रन बनाए। वहीं अन्य कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। इधर, नर्मदा पुरम की ओर से गौतम रघुवंशी ने 5 विकेट, साहिल सिंह जादौन ने दो विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नर्मदा पुरम की टीम भी शुरू में लड़खड़ा गई। उसके भी 34 रन पर 4 खिलाड़ी पैवेलियन लौट गए। ऐसे में करण तिवारी ने 43, शाश्वत बगड़ 22, यश दुबे माधव शर्मा के 13-13 के सहारे लक्ष्य को 13.01 ओवर में 6 विकेट पर प्राप्त कर लिया।

इस तरह नर्मदा पुरम ने मैच 4 विकेट से जीता। नर्मदा पुरम के गौतम रघुवंशी को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए सौम्या चतुर्वेदी के द्वारा पुरस्कार किया गया। गुरुवार को दूसरा सेमीफाइनल फेथ क्रिकेट क्लब और मयंक अकादमी के बीच खेला जाएगा।

# सेंट माइकल इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट सेंट माइकल रेड हाउस की बड़ी जीत ब्लू हाउस को 116 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबे आली क्रिकेट स्टेडियम पर खेले जा रहे सेंट माइकल इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को रेड हाउस एवं ब्लू हाउस के मध्य मैच खेला गया, जिसमें रेड हाउस के आयुष यादव के शानदार 80, अतीत टोप्पो के 59, सोहेल के 42, उमेद के 29 रनों के सहारे 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। ब्लू हाउस के अजहर एवं शैंकी ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किए। जवाब में ब्लू हाउस की टीम आशु शेख के 86 रन रुद्राक्ष के 25 रनों के सहारे 194 रनों तक पहुंच पाई और यह मैच 116 रनों




से हार गई। रेड हाउस के ओम पाटिल ने 3, आयुष एवं शरद ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। मैन ऑफ द मैच आयुष यादव रहे जिन्हें क्रिकेटर जावेद अख्तर ने मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया। इस मौके पर सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के ऑनर सैयद अयान शकील मौजूद रहे।

### बीडीसीए का स्कोरर सेमिनार एवं परीक्षा कल

**भोपाल।** बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि भोपाल संभाग एवं विदिशा, सीहोर, रायसेन, राजगढ़ जिलों के स्कोरर के लिए एक कार्यशाला एवं उसके बाद परीक्षा आयोजित की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी 15 मई तक बीडीसीए ऑफिस सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक धर्मेंद्र साहू से फोन नंबर 7415396797 पर संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा का पहला चरण 23-24 मई को बीडीसीए ऑफिस में आयोजित होगा। सेमिनार बीसीसीआई सीनियर अंपायर एवं रेफरी राजीव रिसोडकर द्वारा लिया जाएगा।

### हक के लिए प्रदर्शन...




**भोपाल।** शिक्षक भर्ती 2023 के उच्च माध्यमिक शिक्षक वर्ग 1 के अभ्यर्थियों ने पद वृद्धि के साथ द्वितीय काउंसलिंग के लिए लोक शिक्षण संचालनालय के समक्ष बुधवार को प्रदर्शन किया।

### माशिमं: 10वीं-12वीं के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव

**भोपाल।** माशिमं द्वारा आयोजित दसवीं, बारहवीं की द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। यह संशोधन कॉमन



यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट की परीक्षाओं के चलते किया गया है। मंडल द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में परिवर्तन किया गया है। कल 14 मई को आयोजित होने वाली कृषि, गृह विज्ञान एवं अकाउंटेंसी विषयों की परीक्षाएं अब 19 मई को होंगी। वहीं, 21 मई को होने वाली गणित एवं मनोविज्ञान विषयों की परीक्षाएं अब 26 मई को आयोजित की जाएंगी।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxmiganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; Dhudhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930